स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शनिवार
3 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 6
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -251 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

## बाबर आजम सहित कई पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक



## वक्फ कानून को चुनौती की नई याचिकाओं पर भी सुनवाई से इंकार



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाएं दायर की गई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिकाओं में वक्फ संशोधन कानून, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई

### कानून की संवैधानिक वैधता पर खड़े किए थे सवाल

थी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की सदस्यता वाली पीठ वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 5 मई को सुनवाई करेगी। इससे पहले 29 अप्रैल को भी सुप्रीम कोर्ट ने कानून को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। 29 अप्रैल को पीठ ने अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 13 याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया। इनकार करते हुए पीठ ने कहा हम अब याचिकाओं की संख्या नहीं बढ़ाने जा रहे हैं। यह बढ़ती रहेगी और इसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। 17 अप्रैल को पीठ ने अपने समक्ष मौजूद याचिकाओं में से केवल पांच पर सुनवाई करने का फैसला किया। केंद्र ने पीठ को आश्वासन दिया कि वह 5 मई तक 'वक्फ बाय यूजर' सहित वक्फ संपत्तियों को न तो गैर-अधिसूचित किया जाएगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति होगी। वक्फ कानून के खिलाफ करीब 72 याचिकाएं दायर की गईं।

## यूपी में वायुसेना के युद्धाभ्यास में राफेल ने भरी उड़ान



# गंगा एक्सप्रेसवे पर कलाबाजियों के साथ गरजे लड़ाकू विमान







शाहजहांपुर। पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना ने शक्ति प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों ने टचडाउन किया। इससे पहले दोपहर करीब 12 बजकर 41 मिनट पर वायुसेना का एएन-32 विमान आया। विमान ने करीब पांच मिनट तक चक्कर लगाए। इसके बाद हवाई पट्टी पर लैंडिंग की गई। करीब एक बजे यह विमान यहां से टेकऑफ कर गया। हवाई पट्टी पर वायुसेना के हेलिकॉप्टर भी उतरे।

केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी में गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब डेढ़ घंटे तक एयर शो हुआ। लड़ाकू विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद स्कूली बच्चे व लोग रोमांचित हो गए। रात में भी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतरेंगे। ऐसा पहली बार होगा, जब किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग भी होगी। इस दौरान कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। वायुसेना के एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां लड़ाकू विमान दिन व रात दोनों समय में लैंडिंग कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।एयर शो को देखते हुए वायुसेना ने हवाई पट्टी को पहले ही अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था। विमान लैंडिंग का आयोजन दिन और रात दोनों समय में इसलिए किया जाएगा, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके। हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग से पहले शाहजहांपुर में आंधी के साथ बारिश हुई तो जलालाबाद में मौसम खुशगवार रहा। घने बदल मंडराते रहे और तेज हवा चलने से धूल के गुबार उठते रहे। मौसम बिगड़ने और बारिश की आशंका के चलते एकबारगी एयर शो और विमानों की लैंडिंग का कार्यक्रम स्थगित होने की भी चर्चा रही लेकिन मौसम अनुकूल होने से लैंडिंग की तैयारियों को अंतिम रूप देने में पुलिस प्रशासन जुटा रहा। मौसम अनुकूल बनने पर एयर शो शुरू हुआ।

## वाघा सीमा पर फंसे अपने नागरिकों को वापस लेगा पाक

**इस्लामाबाद।** भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान की सरकार ने एलान किया है कि वे वाघा

### 70 पाकिस्तानी फंसे हैं अटारी-वाघा सीमा पर

बॉर्डर पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का एलान कर दिया और पाकिस्तानी नागरिकों को एक तय समयसीमा के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दे दिया गया। पाकिस्तानियों के भारत छोड़ने की समय सीमा 30 अप्रैल को समाप्त हो गई, जिसके बाद गुरुवार को अटारी-वाघा बॉर्डर बंद रही। हालांकि कम से कम 70 पाकिस्तानी नागरिक गुरुवार को भी अटारी-वाघा बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सीमा पर फंसे पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर कहा कि हमें उन मीडिया रिपोर्ट्स की जानकारी है, जिनमें कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के अटारी सीमा पर फंसे होने की जानकारी मिली है। हम अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार हैं। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।

पाकिस्तान ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने के भारत सरकार के फैसले की आलोचना की और कहा कि इससे गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है क्योंकि इससे भारत में इलाज करा रहे परिवार प्रभावित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को 26 अप्रैल के बाद भारत छोड़ने का आदेश दिया था। इनमें सार्क वीजा धारक शामिल हैं। वहीं मेडिकल वीजा धारक पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ने की सलाह दी गई थी। भारत की देखा-देखी पाकिस्तान ने भी वाघा बॉर्डर को बंद कर दिया और भारतीयों को सार्क वीजा योजना के तहत मिले वीजा को रद्द कर दिया।

# पहलगाम हमला : एनआईए को मिले कई सबूत

**श्रीनगर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच के लिए एनआईए की टीम आज बैसरन घाटी पहुंची। दूसरी तरफ, एनआईए के महानिदेशक ने

### 2800 लोगों से पूछताछ, 150 लोग हिरासत में लिए गए

### स्थानीय खच्चर वाले भी शक के दायरे में



श्रीनगर में समीक्षा बैठक की। इस बीच, सूत्रों से ये जानकारी मिली है कि एनआईए को इस आतंकी हमले के मामले में ऐसे कई सबूत मिले हैं जो इस बात की तरफ इशारा कर रहे हैं कि बैसरन घाटी के हमले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था। अब एनआईए की जांच में नया ट्विस्ट आ गया है। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी को ऐसे सुराग हाथ लगे हैं, जिससे स्थानीय पोनीवालों यानी खच्चर वालों की भूमिका शक के दायरे में आ गई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को शक है कि पोनीवालों ने आतंकियों की मदद की थी। सूत्रों के मुताबिक हिरासत में रखे गए कई पोनी राइडर्स ऐसे हैं, जिनके बयान मेल नहीं खा रहे। इसलिए जांच टीम को इन पर शक हो रहा है कि कहीं इन लोगों ने ही तो आतंकियों को ऊपर तक पहुंचाने और बैसरन घाटी में एंट्र के लिए मदद तो नहीं की। उनसे अभी भी गहन पूछताछ जारी है। एनआईए की टीम अब उनके फोन कॉल डिटेल्स भी खंगाल कही है और उनकी लोकेशन हिस्ट्री भी जांच कर रही है। इसी सिलसिले में एनआईएकी टीम ने स्थानीय पोनीवालों समेत अब तक करीब 2800 लोगों के पूछताछ की है। उनसे यह जानने की कोशिश की जा रही है कि आतंकियों के आने-जाने का रूट क्या था और बैसरन घाटी में कैसे एंट्री ली थी? एनआईए को जांच में ये भी पता चला है कि इस हमले में शामिल आतंकी हाशिम मूला और अली भाई पाकिस्तान का रहने वाला है, जो हमले के दौरान पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से लगातार संपर्क में बने हुए थे। इस दौरान उन्हें पाकिस्तान से दिशा-निर्देश मिल रहे थे।एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एनआईए ने अब तक इस मामाले में 2800 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। इसके अलावा करीब 150 लोगों को हिरासत में लिया है। एनआईए की टीम ने घटनास्थल पर जाकर न सिर्फ उसकी 3डी मैपिंग की है बल्कि वहां का डंप डेटा भी लिया है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि उस वक्त वहां कौन-कौन था और उनका किन-किन से संपर्क हो रहा था। जांच टीम को मौके पर से 40 से ज्यादा कारतूत के खोखे भी मिले हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

## अब शहबाज शरीफ का यूट्यूब अकाउंट सस्पेंड

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। भारत पड़ोसी देश के खिलाफ लगातार कड़े ऐक्शन ले रहा है। अब भारत ने एक और डिजिटल स्ट्राइक करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के यूट्यूब अकाउंट को सस्पेंड कर दिया है। इससे पहले भी भारत ने पाकिस्तान के क्रिकेटर्स, मीडिया संस्थानों समेत कई के यूट्यूब और ट्विटर अकाउंट्स को बंद कर दिया था।

## घाटी से चुन-चुनकर होगा आतंकियों का सफाया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में 26 निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पहलम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए एक बड़ी

### सुरक्षा एजेंसियों ने बनाई लश्कर और जैश के गुर्गों की हिट लिस्ट

सफलता के रूप में, भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान समर्थित संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े सक्रिय आतंकवादियों की एक विस्तृत सूची तैयार की है। इंडिया टीवी द्वारा एक्सेस की गई इस विशेष सूची में न केवल व्यक्तिगत आतंकवादियों के नाम शामिल हैं, बल्कि उनके हैंडलर और लॉन्चिंग कमांडरों की भी पहचान की गई है जो सीमा पार से काम करते हैं। खुफिया इनपुट के अनुसार, यह वर्गीकृत सूची वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे आतंकी गुर्गों की विस्तृत जानकारी देती है। जानकारी में इन आतंकवादियों का पूरा प्रोफाइल शामिल है।

## एलओसी पर आठवीं रात भी गोलीबारी

**जम्मू।** पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और जम्मू-कश्मीर के पांच सीमावर्ती जिलों में बिना उकसावे के गोलीबारी की जिसका भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह लगातार आठवीं

### कश्मीर के लोग खुद बनाने लगे बंकर

रात थी जब पाकिस्तान ने एलओसी के पास गोलीबारी की। यह गोलीबारी ऐसे समय में की जा रही है जब 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत तथा पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है। एलओसी और आईबी के पास रहने वाले आम नागरिकों ने अपने सामुदायिक और निजी बंकरों की सफाई शुरू कर दी है, ताकि गोलाबारी बढ़ने की स्थिति में वे वहां शरण ले सकें।

# सोनिया और राहुल को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है।

### नेशनल हेराल्ड मामला



दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले आरोपियों के पक्ष को सुनने का अधिकार छीना नहीं जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावित आरोपियों को आरोपपत्र के संज्ञान के समय सुनवाई का अधिकार है। किसी भी स्तर पर सुनवाई का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

इससे पहले ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया था।

## आगरा में दिनदहाड़े सर्राफ की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र के कारगिल चौराहे पर बालाजी ज्वेलर्स की दुकान में बदमाशों ने धावा बोल दिया। यहां से सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। इस दौरान सराफ भी बदमाशों से भिड़ गए। बदमाशों ने तमंचे से सराफ को गोली मार दी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सराफ को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिकंदरा थाना क्षेत्र के रामा एंक्लेव निवासी योगेश चौधरी की कारगिल चौराहे के पास बालाजी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। सुबह 10.00 बजे उनके कर्मचारी रेनू ने दुकान खोली थी। इसके 15 मिनट बाद ही दो नकाबपोश बदमाश मौके पर आ गए। कर्मचारी रेनू को तमंचा दिखाकर बैग में सोने चांदी के जेवरात रखकर भागने लगे।

इस दौरान दुकान मालिक योगेश चौधरी आ गए। उन्होंने बदमाशों को टोक दिया। इस पर एक बदमाश ने तमंचा निकालकर गोली मार दी। इसके बाद एक्टिवा पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## आंधी-बारिश से कई जिलों में जन-जीवन प्रभावित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में शुक्रवार भोर तेज रफ्तार हवाओं के बीच बारिश से जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। इस दौरान वर्षा

### योगी ने तत्परता से राहत कार्यों के दिए निर्देश



जनित हादसों में कम से कम दो लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। आंधी बारिश से सैकड़ों एकड़ फसल को नुकसान पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $35^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $25^0$ |
| सूर्योदय | - 05:28 |
| सूर्यास्त | - 06:38 |

आसमान साफ रहेगा।

## हिमाचल की चोटियों पर बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित राज्य के कई अन्य भागों में गुरुवार शाम से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। शिमला में शुक्रवार सुबह से झमाझम बारिश हो रही है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और मौसम में फिर से ठंडक लौट आई है। लोग फिर से गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हो गए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-5 व ऊंची पहाड़ियों के अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। कुल्लू सहित लाहौल घाटी में मौसम लगातार खराब बना रहा।

## पीएम ने केरल में किया अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह देश को समर्पित

**तिरवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को केरल दौरे के दौरान मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और कांग्रेस सांसद शशि थरूर के साथ मंच साझा किया। उन्होंने



विझिनजाम बंदरगाह के उद्घाटन समारोह में कहा, मैं सीएम को बताना चाहता हूं कि आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का कार्यक्रम कई लोगों की नींद में खलल डालने वाला है। हालांकि, उनके भाषण को स्थानीय भाषा में दोहराने वाले व्यक्ति ने इसका ठीक से अनुवाद नहीं किया। इससे प्रधानमंत्री को यह कहना पड़ा कि संदेश उन तक पहुंच गया है, जिन्हें यह संदेश पहुंचाना था। इससे पहले उन्होंने केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में विझिनजम

### भारत में दोगुनी हुई बंदरगाहों की क्षमता : मोदी

### अब कई लोगों की नींद में पड़ेगा खलल

अंतरराष्ट्रीय गहरे पानी के बहुउद्देशीय बंदरगाह का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था, इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था, अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा।

## मणिपुर में फिर बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय संघर्ष की दूसरी बरसी से पहले एहतियात के तौर पर पूरे राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। मणिपुर में तीन मई 2023 से जातीय संघर्ष भड़क उठे थे। पुलिस ने असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए इंफाल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिला मुख्यालयों में प्रमुख स्थानों पर तलाशी और वाहनों की जांच तेज कर दी है। इंफाल के खुमान लांपक और उसके आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जहां 'मणिपुर पीपुल्स कन्वेंशन' होने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि कंगला गेट के सामने केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है।

## पत्नी की मांग शुभम को मिले शहीद का दर्जा

**कानपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी की पत्नी ने उन्हें शहीद का दर्जा देने की गुरुवार को मांग की। उन्होंने कहा कि घटना के इतने समय बाद भी अपराधियों के खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। द्विवेदी (31) पहलगाम के बैसरन इलाके में 22 अप्रैल को हुए हमले में मारे गए 26 लोगों में शामिल थे। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। द्विवेदी की पत्नी आशान्या ने कहा कि वह नौकरी या मुआवजा/पैसा नहीं मांग रहीं, बल्कि सिर्फ यह चाहती हैं कि उनके पति को शहीद का दर्जा दिया जाए।

## दिल्ली में नई इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने हरित परिवहन की दिशा में एक नए युग की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरकनेक्टर (देवी) नाम की एक नई बस सेवा शुरू की। परियोजना के तहत आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल बसों के नए बेड़े को सड़क पर उतारा गया है। इलेक्ट्रिक बस पहल के शुभारंभ के दौरान नौ मीटर लंबाई वाली फुल इलेक्ट्रिक बसों को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा में हो नवाचार का समावेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है।

### सीएम योगी ने कहा इनके विद्यार्थियों को उद्योगों से जोड़ें



उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, मगर आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें। योगी शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में वर्ष 2024-25 हेतु कुल 1.64 लाख सीटों पर नामांकन हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें एमओओसी आधारित अध्ययन, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट तथा इंटीग्रेटेड प्रोग्राम सम्मिलित किए गए हैं। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के 12,739 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिसमें अधिकतम वार्षिक वेतन 59.91 लाख रुपये रहा।

## भाखड़ा जल विवाद गहराया

**चंडीगढ़।** भाखड़ा जल विवाद पर हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इससे पहले शुक्रवार सुबह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में पंजाब भवन में प्रदेश की सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारवार्ता में सीएम मान ने कहा कि दो घंटे तक पानी के मुद्दे पर चर्चा हुई। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी को डिक्टेट किया गया। हरियाणा को पानी देने का फैसला रातों रात किया गया। ऑल पार्टी मीटिंग में इसका विरोध किया गया। मान के इस बयान पर सीएम नायब सैनी ने पलटवार करते हुए कहा कि पंजाब को घटिया राजनीति नहीं करनी चाहिए।

# उन्नाव समाचार

## सात वाहनों का चालान

पुरवा,उन्नावः एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ शहपर किदवई ने चेकिंग अभियान चलाया। पीटीओ को कस्बे के बस स्टेशन, मिर्री चौराहा व बस स्टाप के पास चलाए गए चेकिंग अभियान में 3 निजी बस, 1 लोडर, 2 ई रिक्शा व 1 टेम्पों चालकों से वाहन संबंधी कागजात मांगे। उक्त चालकों द्वारा कागजात न दिखा पाने पर सभी वाहनों का चालान कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ ने 7 वाहनों के चालान किए हैं। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है।

## लचर कानून व्यवस्था व दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफसपा ने दिया धरना

उन्नावः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को मिल रही जानसे मारने की धमकी एवं उनके आवास तथा काफिले पर हुए हमले की घटना तथा संपूर्ण उत्तर प्रदेश में दलित समाज के ऊपर बढ़ रही घटनाओं में उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था एवं दलित विरोधी मानसिकता के विरूद्ध शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर विरोध व्यक्त किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। धरना एवं विरोध प्रदर्शन करने वालों में पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व विधायक उदयराज यादव, पूर्व विधायक सुंदर लाल लोधी, पूर्व विधायक बदलू खान, पूर्व प्रत्याशी मुन्ना अलवी, पूर्व प्रत्याशी डा.आंचल वर्मा, जिला महासचिव हेमंत पाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर गौतम, बितेंद्र यादव, साधु यादव, जिला सचिव सैय्यद इरफान, रमन पटेल, रामबहादुर यादव, सेवकलाल रावत, शशांक शेखर शुक्ल, अमन अंजुम, अंकित यादव, राहुल अग्निहोत्री, लकी यादव, विनोद पाल, राहुल गौतम, जितेंद्र कुशवाहा, पंकज लोधी, अल्वी मिश्रा, नितिन पटेल, बिंदे स्वरूप यादव, बालेंद्र यादव, अशोक सिंह, मकसूद अली, ओमप्रकाश पासवान, रामपाल कुशवाहा, मनीष सैनी जाहिद खान, शरीफखान, छोटेलाल भारतीय आदि मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

फतेहपुर चौरासी उन्नावः निमंत्रण से वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवकों की बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जब कि दूसरे साथी को घायलावस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डडिया सुनौरा निवासी मुरली यादव का पुत्र अजय गुरुवार को फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के काली मिट्टी चौराहे के समीप स्थित एक गेस्ट हाउस में तिलक समारोह में गया था। कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पंकज यादव(30) तथा विनेश (25) देर रात बाइक से अपने गांव डडिया सुनौरा के लिए रवाना हुए। अभी बाइक सवार काली मिट्टी चौराहे पर ही पहुंचे थे। तभी बांगरमऊ की ओर से उन्नाव की तरफजा रहे अनियंत्रित अज्ञात भारवाहन ने बाइक में टक्कर में मार दी। जिससे पंकज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा विनेश घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत पंकज के दो बच्चे बेटी आकृति (5) और एक आठ माह का बच्चा है।

## 3 मई को संपूर्ण समाधान दिवस सदर में जिलाधिकारी रहेंगे मौजूद

उन्नावः जिले की सभी तहसीलों में 3 मई को संपूर्ण समाधान दिवस प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में होगा जिसमें समस्त जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद होंगे। यहां सभी विभागों द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस पर अपनी विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए जाते हैं आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लगने वाले स्टाल से लोगों लाभान्वित हों इसके लिए वहां सभी विवरण भी रखने को कहा गया है। जिस किसी को भी किसी भी तरह की समस्या या शिकायत है तो वह संबंधित तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या प्रेषित कर निराकरण करा सकता है।।

## घरेलू कलह ने युवक ने जहरीला पदार्थ निगला

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ ,उन्नावः बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरिया कलां निवासी रामनरेश के बेटे अंकित 18 वर्ष ने बीते बुधवार को देर शाम घरेलू कलह के चलते घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देखकर परिजन आनन फानन में उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## युवक ने घर में लगाई फांसी

फतेहपुर चौरासी ,उन्नावः गृहकलह से ऊबकर युवक ने देर शाम घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहमदाबाद सेनगरा के मजरा गांव काजीपुर बंगर निवासी श्रीपाल के पुत्र संजय पाल (35) ने बुधवार को देर शाम घर के अंदर छत के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने कमरे में संजय के शव को लटका देखा तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी संध्या से विवाद चल रहा था। वह बीते एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। पत्नी के घर न आने से संजय शराब का लती हो गया था। परिजनों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेटे की मौत से मां बेहाल है।

## अंशू गुप्ता के खिलाफकार्रवाई तेज-हिस्ट्रीशीटर पर ईडी और इन्कम टैक्स कसेगा शिकंजा

**-फर्जी पासपोर्ट बनवाने और जमीन कब्जाने एवं रंगदारी मांगने के संगीन आरोप**
**-करीबियों से पूछताछ जारी**

स्वतंत्र भारत संवाददाता ,उन्नावः फर्जी पासपोर्ट बनवाने, जमीन कब्जाने एवं रंगदारी वसूली के काले कारनामों में संलिप्त पांच हजार रुपये के इनामी फरार अंशू गुप्ता द्वारा अकूत संपत्ति अर्जित करने के मामले में पुलिस ने तीन दर्जन से अधिक लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि अभी अंशू गुप्ता की संपत्तियों की जांच चल रही है। इसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने संपत्ति जांच के लिए ईडी और आइटी को पत्र लिखा है। पुलिस के रडार पर अंशू गुप्ता के गिरोह से जुड़े लोग हैं जिनकी लिस्ट बनाई गई है और पुलिस उन सभी लोगों को जल्द ही हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी। वैसे पुलिस अधीक्षक ने ईडी और आईटी को पत्र लिखा है। इसके बाद ईडी और आईटी के रडार पर हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता आ गए हैं।इनकी तेजी से तलाश जारी है साथ ही उसके शार्गिदों की भी तेजी से तलाश हो रही है। पुलिस ने अंशू गुप्ता को गिरफ्त में लेने के लिए उसके करीबी 38 लोगों से पूछताछ जारी है जिन्हें हिरासत में लेने के बाद गुप्त स्थान पर पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है। अंशू गुप्ता पर आरोप है कि उनसे तमाम फैक्ट्री मालिकों को डरा धमका कर वसूली की, इसके साथ ही उन्नाव, शुक्लागंज एवं कानपुर में



उसने और उसके साथियों ने सीधे सादे लोगों की जमीन पर जबरिया कब्जा कर लिया तथा तमाम कब्जा की हुई जमीन की करोड़ों रुपये में बिक्री भी कर दी। सूत्रों ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर ने अपनी सत्ता के गलियारे मे पहुंच का लाभ उठाते हुए कई स्थानों पर जमीन कब्जा की तथा कई लोगों से फिरौती वसूली। उसके खिलाफ संगीन मामले दर्ज होने के कारण पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं इसीलिए उसके ऊपर पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया है। अब उक्त मामले ईडी व इन्कम टैक्स विभाग भी अपना शिकंजा कसेगा। जालसाजी और फर्जी पासपोर्ट के मामले में अंशू गुप्ता फरार चल रहा है। ईडी और इन्कम टैक्स विभाग के रडार पर अंशू गुप्ता और उसके गुर्गे भी हैं। जिन पर जमीन कब्जाने, रंगदारी वसूलने के साथ तमाम संगीन आरोप हैं। पुलिस के रडार पर अंशू गुप्ता के 38 लोग हैं। जिन्हें बहुत तेजी से पुलिस तलाश कर रही है।जिनसे पुलिस अंशू गुप्ता के काले कारनामों का काला चिट्ठा पूछेगी।

वदित हो कि पासपोर्ट मामले में फंसे हिस्ट्रीशीटर व पांच हजार के इनामी अंशू गुप्ता और उसके गुर्गों की मुश्किलें कम होने के बजाय बढ़ती जा रही हैं। कानपुर के एक युवक ने गंगाघाट कोतवाली में अंशू गुप्ता और उसके साथियों समेत अन्य पर जबरन जमीन पर कब्जा करने व 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मूलरूप से



शुक्लागंज के गांधीनगर निवासी राजीव कुमार अग्रवाल ने गंगाघाट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मौजूदा समय में कानपुर के शिवकृपा डी-9 ग्राउंड फ्लोर, एनआरआई सिटी मैनावती मार्ग कानपुर में रहते हैं। बताया कि उनकी एक जमीन सदर तहसील के सिकंदरपुर सरोसी खैरहा गैर एहतमाली में है। उसने जमीन को सुरक्षित करने के लिए सीमेंट के पोल लगवाए थे। जिनको गायब करके दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा कर लिया गया। उसे जब इसकी जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे तो वहां मिले देवेंद्र अवस्थी नाम के व्यक्ति ने अपने तीन चार अज्ञात साथियों के साथ यह कहकर भगा दिया कि वह अंशू गुप्ता का काम देखते हैं। यहां आसपास सभी जमीनें अंशू गुप्ता ने उनके नाम लिखा दी है। तुम्हारी यहां कोई जमीन नहीं है। पीड़ित के अनुसार जमीन के एवज में 25 लाख रुपये रंगदारी अंशू गुप्ता तक पहुंचाने की बात कही। ऐसा नहीं किया तो काट डाले जाओगे। अंशू गुप्ता को नहीं जानते हो तो उनके बारे में पता कर लो। पीड़ित के अनुसार वह इस जमीन को बेचकर बेटी का विवाह करना चाहता था। जमीन हाथ से जाने पर वह बीमार हो गया। दहशत में परिवार के साथ शुक्लागंज छोड़कर कानपुर में रहने लगा। गंगाघाट कोतवाल प्रमोद मिश्र ने बताया कि पीड़ित राजीव अग्रवाल की तहरीर पर आरोपित देवेंद्र अवस्थी, शशिकांत मिश्र, अंशू गुप्ता, राजकुमार निषाद व चार अज्ञात के विरूद्द 20लाख रुपये की रंगदारी मांगने, चोरी करने, संपत्ति हड़पने व शांतिभंग के इरादे से जानबूझकर अपमानित करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हिस्ट्रीशीटर की दहशत में जिन पीड़ितों ने मुंह बंद कर लिया था,अब वह सब सामने आना शुरू हो गए हैं। मंगलवार से बुधवार के बीच 20 लोगों ने अंशू गुप्ता व उसके कारखासों पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए शिकायती पत्र दिए हैं। अधिकांश मामले रंगदारी मांगने व जमीन पर कब्जा करने से संबंधित हैं।

## बांगरमऊ के युवक की हैदराबाद में मौत

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः तेलंगाना प्रदेश के हैदराबाद शहर में बाइक की तेज टक्कर लगने से कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी एक गमला कारोबारी की मौत हो गई। कारोबारी का शव गांव पहुंच गया है।ग्राम सुरसेनी निवासी शहनवाज (45) तेलंगाना प्रदेश के हैदराबाद में गमले का कारोबार करता था। बीते बुधवार को वह धंधे के सिलसिले में बिहार के एक मजदूर के साथ कहीं जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कारोबारी और मजदूर दोनों की मौत हो गई। वहां की पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शुक्रवार को परिजन हवाई जहाज से मृत कारोबारी का शव लखनऊ एयरपोर्ट लाए। जहां से शव गांव लाया गया। दोपहर बाद सैकड़ों नमं आंखों के बीच कारोबारी का शव कदीमी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।


## बाइक में पिकअप की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

बांगरमऊ ,उन्नावः कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ -एक्सप्रेस वे सर्विस रोड पर स्थित ग्राम नसिरापुर के सामने तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक सहित एक महिला और उसकी अबोध बच्ची तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारनगर निवासी सुलेमान के नवजात नाती की आज गुरुवार को अचानक मौत हो गई थी। जिला हरदोई के थाना संडीला अन्तर्गत गांव तिलोइया खुर्द निवासी फैय्याज अली (50), अपनी साली अरमान जहां उर्फमैना (42) पत्नी रशीद और उसकी बेटी सायरा को बाइक से लेकर रिश्तेदार के नवजात बच्चे के जनाजे में शामिल होने ग्राम मदारनगर आ रहा था। तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर स्थित ग्राम नसिरापुर मोड़ पर गुरुवार को दोपहर विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे पिकअप लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप् से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस तीनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां डाक्टरों ने बाइक चालक फैय्याज अली को मृत घोषित कर दिया। जब कि घायल महिला और उसकी बच्ची की हालत नाजुक देखकर उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने परिवार का कमाने वाला अकेला था और वही मुखिया था। वह हरदोई जिले के ग्राम बेंहदर में रहकर जरदोजी का धंधा करके किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की जिलाधिकारी के कार्य की सराहना

**राजमार्गों पर दुर्घटनास्थल में सुधार में उन्नाव अव्वल**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः सड़क सुरक्षा नीति 2025 के तहत राजमार्गों पर दुर्घटनास्थल सुधार की दिशा में देश में उत्कृष्ट कार्य करने में उन्नाव जिले ने भी कीर्तिमान स्थापित किया है। यही वजह है कि एक मई को दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में देश के तीन जिले उन्नाव, नागपुर और फरीदाबाद के जिलाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में देश में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिलास्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी के जिलाधिकारी



आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी ने किस तरह से रोड सेफ्टी पर कार्य किया जा रहा है। इसकी बहुत ही बेहतर ढंग से प्रस्तुति की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने रोड सेफ्टी में 17 फीसद एक्सीडेंट में व 18 प्रतिशत मृत्यु दर में आई कमी के लिए जिलाधिकारी उन्नाव की सराहना की।

## प्रा.विद्यालय के बच्चों को नहीं मिल रहा मध्याह्न भोजन

फतेहपुर चौरासी ,उन्नावः क्षेत्र के एक विद्यालय में छात्रों को मिलने वाला मिड डे मील का भोजन नहीं मिल रहा है। जिससे छात्रों को खाली पेट ही पढ़ाई करनी पड़ रही है। इस तरह के मामले को खंड शिक्षा अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम दबौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को अज्ञात कारणों के चलते छात्र-छात्राओं को विद्यालय में मिलने वाला मध्याह्न भोजन नसीब नहीं हुआ। गुरुवार को विद्यालय में भोजनावकाश के समय जब विद्यालय के छात्र-छात्राएं मध्याह्न भोजन लेने के लिए पहुंचे तो उन्हें विद्यालय की रसोई घर से खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा। बताया जाता है कि छात्र-छात्राओं ने जब मध्याह्न भोजन न मिलने की शिकायत प्रधान शिक्षिका से की तो उन्होंने छात्रों की बात पर ध्यान नहीं दिया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मध्याह्न भोजन न देने के पीछे का कारण क्या है, कौन लापरवाही कर रहा है, यह जांच का विषय है। किन्तु गुरुवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं को बिना मध्याह्न भोजन के ही घर वापस लौटना पड़ा। खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच कराई जा रही है।

## बाप को पकड़ ले गई पुलिस ने गंजेड़ी बेटे ने लगाई फांसी

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ ,उन्नावः गांजा पिलाने से मना करने पर गंजेड़ियों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। शिकायती मिलने पर चौकी पुलिस एक गंजेड़ी के बाप को पकड़ लाए। जिससे आहत होकर गंजेड़ी फांसी पर झूल गया। मौके पर मौजूद बागमालिक ने उसे फंदे से नीचे उतारा तथा सरकारी अस्पताल ले गया। जहां डाक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कस्बा गंज मुरादाबाद के मोहल्ला बड़ी बाजार निवासी इरफान (25) आफताब बीते बुधवार की शाम अपने अन्य साथियों के साथ गांजा पी रहा था। तभी अचानक कस्बे के मोहल्ला टेढ़ी बाजार निवासी नीरज आ धमका और इरफान से गांजा पिलाने को कहा। मना करने पर नीरज ने अपने परिवार के लोगों के साथ इरफान की लात घूसों से पिटाई कर दी। साथ ही नीरज ने इरफान के खिलाफपुलिस चौकी में शिकायती पत्र भी दे दिया।इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने इरफान के पिता आफताब को हिरासत में ले लिया। इसी बात से आहत होकर इरफान देर शाम कस्बे से थोड़ी दूर पर मोहल्ला मरी कंपनी में स्थित बाग में आम के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया। यह देख मौके पर मौजूद बाग मालिक ने तुरन्त ही उसे फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने हालत बेहद नाजुक देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इरफान की मां अन्नी ने भी नीरज के खिलाफमामले की तहरीर चौकी पुलिस को दी है।

## सड़क पर बाइक गिरी महिला घायल

नवाबगंज उन्नावः कस्बे के हाइवे पर खुदी पड़ी सड़क पर दोपहिया वाहन सवार अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।शुक्रवार को दोपहर पिड़हरी गांव निवासी बिट्टो देवी (40) अपने बेटे सुशील के साथ बाइक से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। कस्बे की पुलिस चौकी के पास संस्था द्वारा खोदी गई सड़क पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में बिट्टो देवी बाइक से गिर गई। राहगीरों ने तुरन्त मदद की और घायल महिला को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। जहां उनका इलाज जारी है। घायल के बेटे सुशील ने बताया कि नवाबगंज पुलिस चौकी के सामने सड़क खुदाई का काम चल रहा है। कंपनी ने सड़क पर काम कराने के लिए सड़क पर खुदाई करके छोड़ दी थी।

# कानपुर देहात समाचार

## जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण में मंत्री को मिली अब व्यवस्थाएं

**माती कानपुर देहात** जहां एक ओर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर योगी सरकार हर संभव कवायद कर रही है। वहीं जिम्मेदारों की कार्यशैली सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रही है। ऐसा ही एक मामला उस समय सामने आया जब राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जनपद के मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां राज्यमंत्री को जमकर खामियां मिली। वहीं बड़ा गंभीर मामला भी सामने आया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के नाम पर एक युवक द्वारा प्राचार्य के नाम पर धन की उगाही करने का भी मामला सामने आया। इसे लेकर राज्यमंत्री ने मामले में मुकदमा दर्ज करवाने का निर्देश देते हुए निरीक्षण में मिली अनिमितताओं पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही। शुकवार को अकबरपुर स्थित जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का यूपी सरकार की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में चिकित्सक और मेडिकल स्टॉफ अनुपस्थित पाया गया। इस पर राज्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही राज्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान बड़ी खामियां मिली। जिस पर राज्यमंत्री ने खासी नाराजगी जाहिर की। वहीं निरीक्षण के समय राज्यमंत्री के सामने मेडिकल कॉलेज में भर्ती के नाम पर प्राचार्य के नाम पर पैसा लिए जाने की शिकायत एक कर्मचारी ने की। जिस पर राज्यमंत्री ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। वही सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए राज्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की।।

## सिकंदरा तहसील में मुकदमे की रिपोर्ट के लिए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ी गई लेखपाल

**सिकंदरा कानपुर देहात** लखनऊ कानपुर की भृष्टाचार निवारण संगठन टीम ने महिला लेखपाल को शुक्रवार सुबह के समय तहसील के समीप आवास पर किसान से चार हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकड़ लिया जानकारी के मुताबिक महिला लेखपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सिकंदरा तहसील क्षेत्र के मुबारकपुर निवासी किसान व पूर्व प्रधान जयप्रकाश पुत्र बदलू ने बताया कि मेरी पारिवारिक कृषि जमीन का सरकारी कुराबन्दी बटवारा होना था बटवारा करने के लिए महिला लेखपाल विनीता यादव ने 6 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद चार हजार में मामला तय हो गया था। किसान ने मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ व कानपुर थाना इकाई से कर दी। वही किसान को टीम ने चार हजार रुपये दिए। और किसान ने महिला लेखपाल को रिश्वत के रुपये देने के लिए सिकंदरा तहसील के समीप बने लेखपाल के आवास पर पहुंच गए। लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों भृष्टाचार निवारण संगठन की टीम द्वारा पकड़ लिया गया। इसके बाद लेखपाल को अकबरपुर थाने ले जाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद महिला लेखपाल को कानपुर थाना इकाई ले जाया गया। जहां अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वही किसान ने बताया कि सरकारी बटवारा कराने के लिए लेखपाल 6 महीनों से टरका रही थी और पैसो की मांग की शिकायत करने पर भृष्टाचार निवारण संगठन की टीम हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है। इस मौके पर सिकंदरा थाना प्रभारी महेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## राहुल ने केंद्र सरकार को जातिगत जनगणना कराएं जाने के लिए किया है बाध्य-अमरीश

**माती कानपुर देहात** केंद्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगातार की गई जातिगत जनगणना कराएं जाने की मांग को मिली सफलता पर कांग्रेस जनों का उत्साह आज चरम पर दिखाई दियाए कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमरीश सिंह गौर के तत्वावधान में शुक्रवार को अकबरपुर हाईवे ब्रिज अंडरपास पर एकत्र हुए कांग्रेस जनों ने तहसील तक सफलता जुलूस निकालकर सभी को यह संदेश देने का काम किया कि कांग्रेस केवल बोलने की नहीं बल्कि कुछ कर दिखाने की राजनीति पर विश्वास रखती हैए जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि झूठ की एक उम्र निश्चित होती है भाजपा का झूठ अब जनता के बीच खुलकर आ गया है इसलिए अब वह दिन दूर नहीं जब देश और प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी की विदाई निश्चित हो जाएगी।



गौरतलब रहे कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लंबे समय से देश के अंदर जातिगत जनगणना कराएं जाने की मांग की जाती रही हैए शुक्रवार को अकबरपुर में विजय जुलूस में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमरीश सिंह गौर द्वारा कहा गया कि राहुल जी के प्रयासों में केंद्र की मोदी सरकार को बाध्य कर दिया जिसके चलते मोदी सरकार देश के अंदर जातिगत जनगणना कराएं जाने को तैयार हुई हैए उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल 2025 को संसद में इस बात की घोषणा भी केंद्र सरकार द्वारा की जा चुकी है जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि केंद्र की सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है और भारतीय जनता पार्टी के झूठ को तो अब देश की जनता ने भी जान लिया है इसलिए अब वह दिन दूर नहीं जब जाति धर्म और मजहब की राजनीति के नाम पर इंसान से इंसान को दूर करने वाली पार्टी को जनता हमेशा के लिए विदाई दे देगी हाईवे ब्रिज अंदर पास से उठा जुलूस तहसील परिषद के सामने पहुंचकर समाप्त हुआ इस दौरान कार्यकर्ता राहुल गांधी जिंदाबाद संविधान जिंदाबाद जातिगत जनगणना जिंदाबाद के नारे लगाते हुए हाथ में कांग्रेस के तिरंगे लहराते नजर आए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र पांडे विमल शुक्ला वाजिद कुरेशी मनोरमा शंखवार नीलम दिवाकर बृजेंद्र सिंह राधेश्याम दिवाकर उपेंद्र कुमार शुक्ला सगीर अहमद रमाकांत शुक्ला राजेंद्र सचान हरिशंकर चतुर्वेदी फिरोज जगदीश यादव राजेश तिवारी जितेंद्र सिंह बसंत लाल धर्मवीर संखवार गोविंद यादव मोहम्मद तारीख राम सिंह सुखदेव यादव हरिओम शर्मा विजय यादव सोनू कपिल राकेश सर्वेश शकील चेतराम सहित अन्य को लोग मौजूद रहे

*अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति व सीएसजेएमयू के संयुक्त प्रधान में स्वस्थ समाज के निर्माण में अपराध मुक्त वातावरण का महत्व विषय पर गोष्ठी का आयोजन दीनदयाल शोध केंद्र सीएसजेएमयू के सभागार में संपन्न हुआ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जलित किया गया उसके उपरांत कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो विनय पाठक ने सभी को अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि अपराध की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति का अध्ययन करना भी हमारे समाज के लिए बहुत जरूरी है प्रो सुधीर अवस्थी ने बताया कि अपराध ज्यादातर क्रोध व बदले की भावना से जन्म लेता है उसके लिए हमें इन सब से बचना चाहिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभय कुमार पांडे केडीए सचिव ने बताया कि समाज को अपराध मुक्त रखने के लिए आवश्यक है शिक्षा में चरित्र निर्माण पर विशेष जोर देने के लिए कहा और*



*साथ ही साथ सामाजिक असंतोष के कारणों को भी ढूंढना एवं उनके निदान के उपाय को भी जानना चाहिए व विशेष अतिथि डॉ बी डी पांडे द्वारा जेल में चलाए जा रहे बंदियो के विकास के कार्यक्रमों के विषय में अवगत कराया उन्होंने बताया कि जेल में जो बंदी पढ़ना लिखना चाहते हैं उनके लिए पढ़ने लिखने की भी व्यवस्था की गई है एवं जो बन्दी धार्मिक आयोजन में हिस्सा लेना चाहते हैं उनके लिए समय.समय पर जेल में धार्मिक आयोजन भी समितियां द्वारा कराए जाते हैं समिति के संरक्षक संजीव पाठक डॉक्टर शरद बाजपेई द्वारा समिति के कार्यों का उल्लेख किया गया समिति के चेयरमेन आशुतोष बाजपेई द्वारा बताया गया कि समिति पिछले 2017 से समाज के बीच कार्य कर रही है समिति का उद्देश्य भारतवर्ष से अपराध को मुक्त करवाना है कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रशांत मिश्रा द्वारा किया गया वह धन्यवाद प्रस्ताव महासचिव योगेश बाजपेई द्वारा किया गया इस मौके पर समिति की पत्रिका का विमोचन भी किया गया और साथ ही साथ समाज के प्रभु जनों का सम्मान भी किया गया मुख्य रूप से समिति से प्रदीप पांडे डॉ रितु बाजपेई प्रवीन प्रशांन अंकुश अग्रवाल प्राणनाथ मिश्रा का दीप मिश्रा डॉक्टर हिमांशु बाजपेई डॉ राहुल कपूर नरेश मिश्रा संजय चौधरी राजेश शुक्ला विजय सेठ हिमांशु पाल शरद त्रिपाठी प्रमोद भंडारी और पीके गुप्ता विश्वविद्यालय स्टाफ सीबीएसई प्रिंसिपलए डॉक्टरए सी ए आदि लोगों की उपस्थिति रही*



## पुलिस अधीक्षक से सपा के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**माती कानपुर देहात** बीते दिनों जिले में बतौर एसपी कार्यभार ग्रहण करने वाले आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा से मुलाकात करने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमंडल उनके कार्यालय पहुंचाए शिष्टाचार भेंट करते हुए प्रांतीय नेता वीर सेन यादव द्वारा उन्हें जनपद आगमन पर शुभकामनाएं प्रदान की गई इस दौरान उन्होंने जिले की भौगोलिक स्थिति से भी पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का राज्य स्थापित करने के लिए समाजवादी पार्टी सदैव पुलिस प्रशासन के सहयोग में समर्पण भाव से खड़ी दिखाई देगी। महज़ कुछ दिनों के कार्यकाल में अपनी बेहतरीन कार्य शैली से सभी को प्रभावित करने में सफल साबित हुए पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा से मुलाकात करने शुक्रवार को उनके कार्यालय पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव द्वारा उन्हें जिले की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को इस बात का विश्वास दिलाया कि कानून व्यवस्था का राज्य स्थापित करने के मामले में समाजवादी पार्टी पुलिस प्रशासन के साथ मजबूती से खड़ी दिखाई देगी वहीं सपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने भी मुलाकात के दौरान कहा कि पुलिस प्रशासन की बदौलत ही शांति व्यवस्था कायम रहती है इसलिए वह आवश्यकता पड़ने पर पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे मुलाकात के दौरान पवन कटिहार राम शंकर प्रजापति सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## कटका गांव में घर का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया लाखों का सामान पुलिस में शिकायत

**गजनेर कानपुर देहात** गजनेर थाना क्षेत्र के कटका गाँव के ताला बंद घर का ताला तोड़ कर गांव के ही कुछ नामजद व अज्ञात लोगों ने नगदी व जेवरात कपड़े बर्तन सहित लाखों रूपये कीमत का माल पार करने की शिकायत पीड़ित ने गजनेर पुलिस से की है। हला कि पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नही की है। गजनेर थाना क्षेत्र के कटका गाँव निवासी योगेश दुबे पुत्र श्याम लाल दुबे ने गजनेर थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विगत 27 अप्रैल को वह बीमार था और कानपुर के आभा नर्सिंग होम में भर्ती था और घर में ताला बंद था जहा गांव के ही मनीष हर्ष अजय व कुछ अज्ञात लोगों ने मेरे घर का ताला तोड़कर वहां रखे रसोई गैस सिलेंडर बैटरा इनवर्टर एलईडी 60 किलो पीतल के बर्तन व मंगलसूत्र चैन 2 अंगूठी झुमकी चांदी के पायल कमर पेटी बच्चे की करधनी 26 साड़ी कपड़े 3 रजाई 3 गद्द

## शुभम के परिजनों से मिले पूर्व राज्यपाल, दी सांत्वना



**कानपुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के हाथीपुर स्थित पैतृक आवास पर शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र पहुंचे। उन्होंने शुभम के परिवार से मुलाकात की और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कलराज मिश्र ने शुभम के पिता संजय द्विवेदी और पत्नी ऐशान्या से घटना की जानकारी ली। शुभम की पत्नी ऐशान्या ने रोते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। पूर्व राज्यपाल ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मीडिया से बातचीत में पूर्व राज्यपाल ने कहा कि परिवार की मांग पर शुभम को शहीद का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में धर्म के आधार पर पर्यटकों की हत्या से पूरे देश में आक्रोश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफऐसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी कि आतंकी दोबारा ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचेंगे। यह कार्रवाई न केवल पाकिस्तान, बल्कि उन सभी के खिलाफ होगी जो आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। पूर्व राज्यपाल कहा जिस ढंग से आतंकवादियों ने इस तरह की कायराना हरकत की, मजहब पूछ कर लोगों की हत्या की, एक पत्नी के सामने उसके पति की हत्या कर दी और पत्नी से बोले जाकर मोदी से बता देना कि हमने किया, यह इस बात को दर्शाता है कि उनके पीछे किसी बड़ी ताकत ने साजिशन उनको इस तरह की हरकत करने के लिए भेजा है और उन्होंने इस तरह की हरकत करके पूरे भारत सरकार को चुनौती दिया। श्री मिश्र ने कहा कि वो ताकत पाकिस्तान है, भारत सरकार पाकिस्तान को जल्द ही मुंहतोड़ जवाब देगी। बताते चलें कि महाराजपुर स्थित हाथीपुर निवासी संजय द्विवेदी के इकलौते बेटे शुभम द्विवेदी अपने परिवार के साथ जम्मू कश्मीर घूमने के लिए गए हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने शुभम द्विवेदी को गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना के बाद से पूरे देश में आतंक के खिलाफ जमकर रोष व्याप्त है। इस मौके पर कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक महेश त्रिवेदी, जिला पंचायत स्वप्निल वरूण, पूर्व विधायक रघुनन्दन भदौरिया समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

■ पाकिस्तान को भारत देगा मुंहतोड़ जवाब

## छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक




■ मिशन शक्ति अभियान के तहत गुजैनी पुलिस ने किया संवाद स्थापित

**कानपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को गुजैनी पुलिस ने हीरालाल इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने छात्राओं को प्रदेश सरकार की ओर से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि गंभीर स्थितियों से निपटने के लिए कभी भी हेल्पलाइन नंबरों का इस्तेमाल किया जा सकता है। महिला सुरक्षा और स्वावलंबन, महिला कल्याणकारी योजनाएं व साइबर अपराधों से बचने के लिए छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया। इसके अलावा बाल उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, गुड टच- बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल प्रभाव से 1930 हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करें। ठगी की तत्काल सूचना देने पर खातों को फ्रीज किया जा सकता है। छात्राओं को बताया गया कि छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सरकार ने वुमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 जारी किया। जिसमें शिकायत करने पर पीड़िता का नाम गोपनीय रखा जाता है और समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाता है। बाल उत्पीड़न की रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 सरकार ने जारी किया है। पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस आपकी मदद के लिए तत्पर है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों दी गई श्रद्धांजलि




कानपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दुर्दान्त आतंकियों द्वारा किए गए जघन्य हत्याकांड से पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कानपुर का लाल शुभम द्विवेदी भी शहीद हो गया है। आतंकियों ने निहत्थे निर्दोषों को निशाना बनाया है। इस आतंकवादी घटना में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यूपी प्रेस क्लब एसोसिएशन द्वारा उन्नाव टैम्पो स्टैंड से घंटाघर भारत माता तक कैंडल मार्च निकाला गया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इसके बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा, प्रदेश महामंत्री विष्णु गुप्ता, अनिल राठौर, दीपक गुप्ता, अंकित सिंह, भारत गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, अशोक गुप्ता, कमल यादव, विकाश अरोड़ा, प्रमोद द्विवेदी, सुमित यादव, उत्तम गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

## गौशाल सोसाइटी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**कानपुर।** गौशाला भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा के प्रयास को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से गौशाला सोसाइटी का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमण्डल ने डीएम को बताया कि कानपुर गौशाला सोसाइटी की सैकंड़ो बीघा जमीन है, आए दिन भू माफिया उन पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं। लगभग 15 वर्षों से सोसाइटी के पदाधिकारी ने विभिन्न जिला अधिकारियों व शासन के अनुरोध किया कि समिति की जमीन सीमांकन कर दी जाए, किसी की इच्छा शक्ति नहीं जागी, लेकिन आज जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अतिरिक्त जिला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी को निर्देश दिया कि यह गौशाला सोसाइटी शहर की धरोहर है हम लोगों को इसको संरक्षित करना चाहिए और उक्त गौशाला समिति की प्रोफाइल बनाकर गौशाला की जितनी जमीन है और किन-किन लोगों के कब्जे में कर रखा है, सभी विवरण सहित पत्रावली प्रस्तुत करें। साथ ही साथ ही भौती प्रतापपुर थाना सचेण्डी स्थित भूमि अराजी संख्या 634 में जो जय नारायण अवस्थी मामा भैंस वाले अनाधिकृत कब्जा करके मकान बना रहे हैं और शेटरिंग लगवा ली है उसे तुरंत हटाया जाए। जिस पर अतिरिक्त जिला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने भेज दिया।

एक कमेटी बनाकर गौशाला की सारी जमीनों को नपवाने प्रोफाइल बनाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में सुरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्म प्रकाश गुप्ता, संरक्षक श्रीकृष्ण गुप्ता बब्बू मंत्री डॉ दिवाकर मिश्रा, शेषनारायण त्रिवेदी, पप्पू त्रिवेदी आदि प्रमुख थे

## नालें पर हुए अतिक्रमण को बुल्डोजर ने तोड़ा

**कानपुर।** शुक्रवार सुबह नगर निगम ने वीआईपी रोड व परमट पेट्रोल पंप के पास अतिक्रमण अभियान चलाया। भारी पुलिस फोर्स के बीच नगर निगम के प्रवर्तन अतिक्रमण हटाना शुरू किया। बुलडोजर ने नालों पर अतिक्रमण को तोड़ डाला। करीब 1 किमी लंबाई में अभियान चलाया गया। बारिश के दौरान वीआईपी रोड पर जलभराव होता है। जलभराव से बचाव के लिए रोड किनारे बड़ी-बड़ी नालियां बनाई गई थी, लेकिन लोगों ने घरों के सामने नालियों के ऊपर 10-10 फीट तक के रैंप बना डाले। इससे न तो नालियों की सफाई हो पा रही थी और न ही बारिश में जलभराव की समस्या से निजात मिल पा रहा था। बुलडोजर भैरव घाट वीआईपी रोड के किनारे बने नाली-नालियों पर अवैध अतिक्रमण पर चला। महापौर प्रमिला पांडेय ने भारी पुलिस फोर्स के बीच अभियान शुरू किया। बुलडोजर देख कुछ लोगों ने बोला कि वे खुद तोड़ देंगे, लेकिन बुलडोजर कार्रवाई जारी रही।

## खबर एक नजर

### दलित पर हो रहे अत्याचार के विरोध में दलित पैंथर का डीएम कार्यालय में प्रदर्शन



**कानपुर।** शुक्रवार को भारतीय दलित पैंथर के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र को हाथों ने लेकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने दलितों पर हो रहे अत्याचार व लोकगायिका नेहा राठौर पर दर्ज देशद्रोह के मुकदमे का वरोध दर्ज कराया। अध्यक्ष धनीराम बौद्ध ने कहा राजस्थान, मध्य प्रदेश, आगरा, अलीगढ़ में दलितों के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न के खिलाफ सभी अंबेडकर वादी संगठन धर्म परिवर्तन करेंगे। डीएम कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सबसे बड़ा आतंकवाद जातिवाद...प्रधान पर अत्याचार करने वालों को जेल भेजो... के नारे लगाए। अध्यक्ष ने कहा दलितों के साथ देश भर में लगातार घटनाएं हो रही हैं। अलीगढ़ में दलित युवकों को पीट कर उनका जुलूस निकाला गया, इसके बाद उन्हीं पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर दिया गया। महाराजपुर थानाक्षेत्र में दलित प्रधान के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर तोड़ दिए गए। प्रयागराज में मजदूरी से मना करने पर दलित को पेट्रोल डाल कर जला दिया गया। वहीं केंद्र सरकार से सवाल पूछने पर लोक गायिका नेहा राठौर पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया। यह सब मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा सरकार से सवाल पूछना कोई अपराध नहीं होता है। प्रदर्शन ने दौरान उन्होंने मांग की कि अलीगढ़ घटना में उच्चस्तरीय जांच हो, युवकों के बयान दर्ज कर मुकदमा दर्ज किया जाए। मुकदमा फॉस्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। राजस्थान, हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें, दलितों को समाज की मुख्य धारा में लाया जाए। साथ ही नेहा राठौर पर दर्ज देशद्रोह के मुकदमे को वापस लिया जाए।

### साइबर फ्राड के शिकर हुए पीड़ितों को लौटाई रकम

**कानपुर।** साइबर सेल ने अप्रैल तक दर्ज शिकायतों में कार्रवाई करते हुए कुल 7,00,168 रुपये पीड़ितों के खातों में वापस कराए हैं। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में 11 पीड़ितों को मदद मिली है। नवाबगंज थाना क्षेत्र की मीनाक्षी को 16,640 रुपये और चमनगंज के राज दुबे को 50,150 रुपये वापस मिले। सीसामऊ के शुभम कुमार को 77,698 रुपये और बेकनगंज के मोहम्मद फहद को 25,000 रुपये लौटाए गए। काकादेव थाना क्षेत्र के चंद्रभान सिंह को 80,000 रुपये और नवाबगंज के राहुल काया को 54,000 रुपये वापस किए गए। कर्नलगंज के जाफर आबिद को 34,999 रुपये और इसरत अली को 45,000 रुपये मिले। नवाबगंज के आयुष जैन को 44,681 रुपये, अनवरगंज के राम शरण को 22,000 रुपये तथा फजलगंज के अश्विनी को 2,50,000 रुपये वापस कराए गए। अपनी रकम वापस पाने वाले सभी पीड़ितों ने पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन और साइबर सेल की टीम का आभार जताया है।

### अपकमिंग ग्रेट समर सेल में पाएं शानदार ऑफर

कानपुर। अपनी अपकमिंग ग्रेट समर सेल के लिए ब्लॉकबस्टर डील्स का अमेजन इंडिया ने ऐलान किया है, जो 1 मई को दोपहर से शुरू हो गई है। सैमसंग एआई के सहयोग से आयोजित ये बहुप्रतीक्षित सेल, इस सीजन में खरीदारों को खुश करने के लिए प्रमुख ब्रांड्स से शानदार डील्स की रेंज लेकर आ रही है। ग्राहक सैमसंग एआई और इंटेल से प्रीमियम टेक्नोलॉजी, सैमसंग अप्लायंसेज और टीवी, टीसीएल और हाईसेंस से लेटेस्ट होम एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन्स साथ ही टाटा प्रोडक्ट्स, मसल ब्लेज़, वोलिनी, एचयूएलए केलॉग्स और बोट जैसे भरोसेमंद उपभोक्ता उत्पादों पर शानदार ऑफर्स को हासिल कर सकते हैं।

### राबर्ट वाड्रा के खिलाफ दाखिल हुआ वाद

कानपुर। पहलगाम में आतंकी हमले में कई निर्दोषों को गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि आतंकवादियों ने नागरिकों की पहचान कर उन्हें इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उन्हें लगता है कि भारत में मुसलमानों को दबाया जा रहा है। इस बयान पर कानपुर के राम नारायन सिंह ने सीजेएम कोर्ट में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए अर्जी दाखिल की है। आरोप है कि वाड्रा का यह बयान समाज में नफरत फैलाने वाला है।

राम नारायन सिंह के अधिवक्ता संजय मिश्र ने कहा कोर्ट ने पुलिस से आख्या तलब की है। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज होगी या नहीं, इस पर फैसला होगा। बता दें कि 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में कानपुर के कारोबारी शुभम द्विवेदी को भी गोली मार दी गई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी परिवार से मिले। उन्हें आश्वासन दिया कि आतंकी हमले की साजिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें सजा दी जाएगी।

## सपा विधायक के देवर को पुलिस ने भेजा जेल



कानपुर। महिला सफाई कर्मचारी को पीटने के मामले में जाजमऊ पुलिस ने सपा विधायक नसीम सोलंकी के देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कैंट के लाल कुर्ती तोपखाना निवासी रूपरानी नगर निगम में महिला सफाई कर्मी हैं। वह जाजमऊ केडीए बाजार की बीट पर तैनात हैं। 30 अप्रैल की सुबह वह डिफेन्स कॉलोनी में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के घर के बाद कूड़ा उठा रही थीं। तभी इरफान का छोटा भाई व सपा विधायक नसीम सोलंकी का देवर इमरान सोलंकी उर्फ बबलू सोलंकी वहां पहुंचा। इमरान ने बिना किसी बात के रूपरानी से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसे पिटाई कर दी और धक्का मारकर भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने जाजमऊ थाने में पहुंचकर शिकायत की। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि महिला सफाई कर्मी की तहरीर पर इमरान सोलंकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही आरोपी इमरान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। महिला के मेडिकल में मारपीट और हाथ में गंभीर चोट लगने की पुष्टि भी हुई है। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इमरान जिम संचालक है। इसके साथ ही लेदर का भी कारोबार करता है। आए दिन लोगों से मारपीट करना और अभद्रता उसके लिए आम बात हो गई थी। महिला सफाई कर्मी से पीटा तो कई लोगों ने जाजमऊ पुलिस ने उसकी करतूत के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस ने इमरान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## तीन दिवसीय बैशाख उत्सव का हुआ समापन




**कानपुर।** बैशाख शुक्ल चतुर्थी के पावन पर्व पर स्वामी श्री हंसानन्द सार्वजनिक सत्संग एवं अध्यात्मिक सेवान्यास, गुप्तेश्वर धाम मन्दिर गुप्तारघाट की पावन भूमि पर तीन दिवसीय बैशाख उत्सव का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। भगवान परशुराम जन्मोत्सव से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान परशुराम के श्री विग्रह का शास्त्रीय विधान से षोड़ोपचार पूजन हुआ। उसके उपरान्त पं हरि की अध्यक्षता में गुरुकुल के ब्राह्मणों द्वारा अखण्ड श्रीरामचरितमानस के पाठ का वाचन हुआ। इस अवसर पर धर्म जागरण मंच द्वारा सर्वसमाज के 11 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार पूर्ण विधि विधान से कराया गया। विद्वतजनों में इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और बटुकों को आर्शीवाद प्रदान किया। विद्वतजनों में पं संतोष मिश्र, पं अनुज, पं श्याम अग्निहोत्री एवं विशिष्ट जनों में प्रकाश शर्मा, शम्भू प्रसाद, सलिल विश्नोई एवं बार एसोशिएशन के अध्यक्ष इंदीवर बाजपेई, पूर्व डीजीसी डिमरी, रमेश मिश्र रहे। कानपुर क्षेत्र के प्रख्यात शास्त्री ब्राह्मणों ने वैदिक मन्त्रों द्वारा समा बांध दिया। कार्यक्रम के सम्पन्न होने पर दिव्य भण्डारा आयोजित हुआ। न्यास के अध्यक्ष विनोद बाजपेई एवं न्यासी मेजर योगेन्द्र कटियार नें सभी बटुको के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्र समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। व्यवस्था प्रमुख महन्द उमेश शास्त्री नें सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन किया।

## नई तकनीकी प्रणालियों से लैस होंगे स्वच्छता कर्मी




■ नगर आयुक्त ने बैंक अधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**कानपुर।** शुक्रवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने कतिपय बैंको के अधिकारियों/प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम में संचालित राजस्व वसूली एवं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के सापेक्ष प्राप्त धनराशि के भुगतान प्रक्रिया में नवीन तकनीकी प्रणालियों का समावेश किया जाना व जनहित में पारदर्शी व सुगमतापूर्वक सरल बनाना था। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सभी बैंकों से सामंजस्य बनाकर इस प्रकार की पद्धति तकनीकी रूप से विकसित की जाएगी जिससे राजस्व वसूली प्रक्रिया को क्यूआर कोड जनरेट कर धनराशि की वसूली की जाएगी, जिससे जनहित के लिए भुगतान किया जाना अत्यंत सरल, आसान व हितधारक होगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमित सिंह गौर ने कहा कि बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करके नगर निगम कूड़ा उठान एवं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे वाहनों में एक ट्रैकिंग सिस्टम व प्रत्येक घर से यूजर चार्ज भुगतान हेतु एक प्रभावी तकनीकी निगरानी तंत्र स्थापित किया जा सकेगा। इस कार्य में लगे कर्मचारियों को तकनीकी युक्त प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, इस प्रक्रिया के से नगर निगम कार्यप्रणाली को अत्यंत पारदर्शी व समावेशी तथा अत्यंत प्रभावशील बनाया जा सकेगा। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि नवीन तकनीकी प्रणालियों का समावेश किए जाने हेतु नगर निगम स्तर पर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए व इसकी स्पष्ट व्याख्या शीघ्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर नगर आयुक्त प्रथमए अनिरुद्ध सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमित सिंह एवं मुख्य वित्त लेखा अधिकारी मौजूद रहे ।

## नकाबपोश चोरों ने ई-रिक्शा व दो ड्रम लेकर हुए फरार

कानपुर। बर्रा के दामोदर नगर में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर दो नकाबपोश चोरों ने एक दुकान को निशाना बना लिया। चोर दुकान के बाहर खड़ा ई-रिक्शा और दो ड्रम तेल लेकर फरार हो गए। सुबह होने पर मालिक को दुकान के बाहर से ई-रिक्शा गायब दिखा और दुकान का ताला टूटा पड़ा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। दामोदर नगर निवासी दिलीप मिश्रा की घर के नीचे बजरंग बली ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। दुकान में तेल का काम होता हैं। उन्होंने बताया कि देर रात दो चोर घर के नीचे आए और दुकान के बाहर खड़ा ई-रिक्शा भी बिना चाभी के ही स्टार्ट कर उसी में दो ड्रम तेल के रखकर ले गए। सुबह दिलीप जब घर के बाहर निकले तो उन्हे घटना की जानकारी हुई।उन्होंने तत्काल इसकी सूचना 112 में दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सीसीटीवी अपने कब्जे में लिया।

## खबर एक नज़र



## पहलगाम में हुए हिंदुओं पर आतंकी हमले के संबंध में जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**कानपुर** शुक्रवार को जिलाधिकारी कानपुर नगर को कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा हिंदू पर्यटकों पर कायराना हमले मैं काफी तादाद में मारे गए हिंदुओं व बंगाल में वक्फ संशोधन कानून को लेकर हुई हिंसा में मारे गए हिंदुओं व हिंदू मंदिर तोड़फोड़ करने कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कड़ी निंदा करता है इस विषय को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच व सुन्नी सोशल फोर्म ने जिलाधिकारी को महा महिमा राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन सोपा ज्ञापन सपने में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आरफीन राईनी ठाकुर राजा रईस डॉक्टर इंद्रेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

## इको क्लब फॉर मिशन लाइफ एक अनोखी पहल

**प्रा वि झंडापुर मे किया गया इको क्लब का गठन पर्यावरण संरक्षण और स्थाई विकास के प्रति छात्रों और समुदाय को किया जागरूक**



स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। विकासखंड के प्रा वि झंडापुर मे इको क्लब फॉर मिशन लाइफ एक अनोखी पहल सब मिल करके करे सफल का आयोजन किया गया छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षक अनुपम शुक्ला ने बताया कि इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का उद्देश्य छात्रों के बीच पर्यावरण जागरूकता पैदा करने के साथ पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति विकसित करना है यह क्लब पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में सिखाने और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने में सिर्फ मदद ही नहीं करता बल्कि छात्रों के जीवन कौशल का विकास करके उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करता है।छात्र छात्राओं द्वारा पूरे विद्यालय परिसर को विभिन्न प्रकार के पेड़ो से हरा भरा बनाने के साथ उनकी देखभाल भी की जाती है।

## मामा ने बेटों के साथ घर में घुसकर की मारपीट

थाना सजेती क्षेत्र के बदले सिमना पुर से लहूलुहान हालत में थाने पहुंचे छोटे पुत्र रामशंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसके घर के पास आकर मामा छुटकन पुत्र झल्लू व उसके बेटों राजकुमार तथा शीलू ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में घुसकर पत्नी के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया। पत्नी के गाली देने लगे। मेरे मना करने पर सभी मिलकर लाठीए डण्डों से बुरी तरह मारने पीटने लगे। हमले में मेरा सर फट गया। खून निकला तथा काफी चोट देख मैंने शोर मचाया तो शोर सुनकर मेरा भाई धर्मेन्द्र जब बचाने लगा तो उपरोक्त लोग हम लोगो को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

## शुक्लागंज की संस्थापिका श्रीमती ज्वाला देवी की पुण्यतिथि को हेल्पर डे के रूप में मनाया जाएगा-भरत त्रिवेदी




स्वतंत्र भारत संवाददाता

**शुक्लागंज उन्नाव** राजधानी मार्ग स्थित श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में इस विद्यालय व शुक्लागंज नगर की संस्थापिका श्रीमती ज्वाला देवी शुक्ला की पुण्यतिथि मनाई गई। विद्यालय प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने विद्यालय की बालिकाओं को बताया कि श्रीमती ज्वाला देवी शुक्ला उनकी पर.दादी थी जिन्होंने 8 फरवरी 1935 को नेतुआ गांव को शुक्लागंज नगर बनाया। उन्होंने मुफ्त में गरीबों को जमीन दी ताकि वह इस नगर में रह सके आज ही के दिन 1987 में उनका वैकुंठ गमन हो गया। विद्यालय प्रबंधक ने यह भी बताया कि वह साक्षात सरस्वती का रूप थी। श्रीमती ज्वाला देवी शुक्ला गरीबों से बहुत प्यार करती थी इसलिए विद्यालय प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का माला पहनाकर सम्मान किया एवं अपनी ओर से नगद पुरस्कार भी दिया। विद्यालय प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने बताया कि जैसे हम शिक्षकों के लिए टीचर्सडे मनाते है और बच्चों के लिए चिल्ड्रेन डे मनाते है उसी प्रकार इस वर्ष से प्रति वर्ष 2 मई को विद्यालय की सदेव सेवा में रहने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए भी एक दिन होना चाहिए और और इसी कड़ी में विद्यालय प्रबंधन ने यह सुनिश्चित किया कि इसी वर्ष से 2 मई से प्रत्येक वर्ष विद्यालय में हेल्पर डे के रूप में मनाया जाएगा! इसी कड़ी में इस वर्ष श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में अपना प्रथम हेल्पर डे मनाया और इन्हीं कर्मचारियों से ज्वाला देवी के चित्र पर माल्यार्पण कराया!



## माँ ज्वाला देवी शुक्ला की पुण्यतिथि पर पर हुआ भव्य प्रतिमा का अनावरण

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**शुक्लागंज उन्नाव** आज राजधानी मार्ग स्थित ओमप्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में शुक्लागंज नगर की संस्थापिका एवं महान समाज सेविका स्वण् श्रीमती मां ज्वाला देवी शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा का विधिवत अनावरण एवं माल्यार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर की अध्यक्षता प्रबंध समिति के महा प्रबंधक संतोष कुमार त्रिवेदी ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक एवं विद्यार्थियों के अलावा इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदीए संजय त्रिवेदीए दिनेश त्रिवेदीए आशादीन तिवारीए गोपाल शुक्लाए संजय बाजपेईए अमरनाथ मिश्राए राणा रतिभान सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मलित लोगो ने माता जी के संस्मरणों को विद्यार्थियों के साथ साझा कर उनके जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## थाने में खड़े सीज वाहनों की नीलामी 5 को

घाटमपुर। थाने में खड़े सीज वाहनों को न्यायालय के आदेश पर 5 मई को नीलामी तय की गई है। जिसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि नीलामी का समय सुबह 11 बजे से एक बजे तक रखा गया है। उन्होंने आगे बताया कि वाहनों को लेने के इच्छुक लोग नीलामी बोली में हिस्सा ले सकते हैं। थाना घाटमपुर में खड़े सीज वाहनों की नीलामी धारा 207 एम वी एक्ट के तहत होनी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बहलोलपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर

पत्रांक–मेमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रवॉ वित्त आयोग/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव/2025–26 दि.– 01.05.2025

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्य पाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत बहलोलपुर विकास खण्ड चौबेपुर के टिन धारक ईट, ईट गिट्टी 40 एम०एम० एवं अन्य टिन धारक सामग्री विक्रेताओं से सीमेन्ट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी 20 एम०एम० हयूम पाईप, टाइल्स पं०रा०वि०आ०/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यों के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 06.05.2025 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है। विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम। पंचायत बहलोलपुर कार्यालय से दिनांक 01.05.2025 से दिनांक 06.05.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु० 200.00 नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 06.05.2025 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बहलोलपुर कानपुर नगर के कक्ष में उपस्थित सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

**कार्यों का विवरण निम्नवत् है**

| क्र0 सं० | कार्य व कार्य स्थल का नाम | पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवॉ वि.आ. | मनरेगा योजनान्तर्गत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राहू माता मन्दिर में इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | | | 10 दिन |
| 2. | राजबहादुर पाल के मकान से टिन्नू मिश्रा के मकान तक सी०सी० रोड मरम्मत। | प्राक्कलन के अनुसार | | | 20 दिन |
| 3. | नाला मरम्मत व चटिया निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | | | 10 दिन |
| 4. | सुनील कुमार द्विवेदी के मकान से राममोहन द्विवेदी के मकान तक नाला मरम्मत चटिया निर्माण। | प्राक्कलन के अनुसार | | | 20 दिन |
| 5. | बनिया सिंह के मकान से रामदत्त तिवारी के मकान तक नाली व चटिया निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | | | 10 दिन |

ग्राम प्रधान – मृदुल द्विवेदी
ग्राम पंचायत – बहलोलपुर
विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर

ग्राम सचिव – सुनिधि मिश्रा
ग्राम पंचायत – बहलोलपुर
विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर

पत्रांक– 08 /सूचना/भ.दा.खा./न.पा.प. घा. /2025–26 दि. 01.05.2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर के निम्न भवनों/भूखण्डों के स्वामित्व परिवर्तन/दर्ज/अंकित करने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः स्वामित्व परिवर्तन/नया भवन/प्लाट/भूखण्ड/भवनकर पंजिका में नाम दर्ज करने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, बाद म्याद प्राप्त आपत्तियों पर विचार करना सम्भव न होगा।

| क्र. सं. | भूमि संख्या/ भवन संख्या | पालिका अभिलेखों/राजस्व अभिलेखों में दर्ज स्वामी का नाम | कालम संख्या तीन के स्वामी के स्थान में अंकित नाम हेतु |
|---|---|---|---|
| 1 | वसीयतनामा<br>गाटा सं० 213मि0 से 42 वर्ग मी० भूमि | मोतीलाल आ० बलदेव पचखुरा घाटमपुर।<br>रामबाबू सोनी आ० स्व० रज्जू सोनी कोटद्वार घाटमपुर कानपुर नगर। | राहुल आ० स्व० फूल सिंह पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर।<br>नाजरा बेगम पत्नी स्व० इस्लाम वेग पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 2. | गाटा सं० 127 से 91 वर्ग मी० भूमि<br>गाटा सं० 440 से 156 वर्ग मी० भूमि | इमामन पत्नी याकूब नौबस्ता पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>राघवेन्द्र सिंह आ० राजनारायन सिंह 63/1 विजय नगर कानपुर नगर। | शमशीदा पत्नी मो० सलीम नौबस्ता पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>सन्तोष सचान आ० शिव शंकर सचान जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 3. | डिमाण्ड संख्या 08/19 (81. 375 वर्गमी० भूमि)<br>एक किता भूमि 29 वर्ग मी० | रोशनी नाज पत्नी मो० हनीफ बदनपुर जनपद हमीरपुर<br>गफ्फार अहमद आ० मुन्ना आशा नगर घाटमपुर कानपुर नगर। | मो० कलीम आ० जहूर आलम पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर।<br>मो० आफताब आ० मुनीर अहमद अशोक नगर उत्तरी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 4. | एक किता भूमि 85.9 वर्ग मी० भूमि<br>गाटा सं0 783 से 92.98 वर्ग मी० | अमर सिंह आ० राम प्रताप उर्फ राम प्रसाद कुष्माण्डा नगर घाटमपुर कानपुर नगर।<br>कैलाशचन्द्र शर्मा आ० बाबूराम गौसगंज मूसानगर कानपुर देहात | जीतेन्द्र सिंह आ० अमर सिंह कुष्माण्डा नगर घाटमपुर कानपुर नगर।<br>प्रतिभा देवी पत्नी कुलदीप सिंह अशोक नगर दक्षिणी घाटमपुर कानपुर नगर |
| 5. | वसीयतनामा<br>वसीयतनामा | सत्य नारायन सिंह आ० चन्दन शिवपुरी पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर<br>सत्य नारायन सिंह आ० चन्दन शिवपुरी पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर। | मनोरमा पत्नी अशोक कुमार शिवपुरी पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर<br>हेमलता पत्नी दिलीप कुमार शिवपुरी पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 6. | गाटा सं0 572 से 50 वर्ग मी०<br>गाटा सं० 832मि० से 11 वर्ग मी० | सैय्यद नदीम वासिफ आ० मो० वासिफ हुसैन पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर।<br>राजेश कुमार आ० रामदेव अशोक नगर उत्तरी घाटमपुर कानपुर नगर। | अनामिका पत्नी कुलदीप जोशी पचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर।<br>पूनम गुप्ता पत्नी संदीप गुप्ता कोटद्वार घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 7. | गाटा सं0 330 से 189 वर्ग मी०<br>गाटा सं० 213मि० में से 84 वर्ग मी० | राम स्वरूप आ० राम गुलाम व राधेश्याम आ० किशोरी, महावीर उर्फ राम कृपाल आ० मदन गोपाल, राकेशचन्द्र, सुरेशचन्द्र, रमेशचन्द्र, दिनेशचन्द्र आ० मुन्नूलाल निवासीगण सदर बाजार घाटमपुर कानपुर नगर।<br>शिवसिंह यादव आ० ननकूराम यादव निवासी 218 बी यादव नगर अहिरवा हरजेन्द्र नगर कानपुर नगर। | अमिता देवी पत्नी स्व० आनन्द कुमार निवासिनी जवाहर नगर उत्तरी<br>रेशमा खातून पत्नी नासिर अली निवासिनी पंचखुरा घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 8. | 110 वर्ग मीटर<br>गाटा सं० 840 में से 151 वर्गमीटर | बसंत सिंह आ० सरदार अमर सिंह निवासी 124ए/87 गोविन्द नगर कानपुर नगर<br>रामप्यारी पुत्री झुर्रीलाल सचान निवासी ग्राम बिबियापुर पो० मूसानगर पुखरायां कानपुर देहात। | सुरेश कुमार, राजेश कुमार, राम नरेश, संजय आ० स्व० राम दुलारे निवासी आछीमोहाल पश्चिमी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>मीना देवी पत्नी राम कुमार पाण्डेय व राज कुमार आ० पं० गिरजाशंकर पाण्डेय अशोक नगर उत्तरी घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 9. | गाटा सं० 866 में से 1125 वर्गफुट<br>गाटा सं० 164 में से 1305 वर्गफुट | धरमेन्द्र सिंह आ० भृगुनाथ सिंह, नरेन्द्र कुमार आ० राम आसरे सचान निवासी मकान नं0 33 मोहल्ला किदवई नगर कानपुर नगर।<br>अश्वनी कुमार आ० राम औतार उर्फ बच्चू मिश्र व कमल नरायन आ० गया प्रसाद तिवारी ग्राम रामसारी पो० जहांगीराबाद कानपुर नगर। | राज कुमार आ० रघुराज सिंह निवासी आछीमोहाल उत्तरी घाटमपुर कानपुर नगर।<br>बदलू आ० अलारक्खू निवासी हाफिजपुर कानपुर नगर। |
| 10 | गाटा सं० 525 में से 78 वर्गमीटर<br>गाटा सं0 551 में से 78 वर्गमीटर | चौधरी यशवीर सिंह आ० प्रेम सिंह निवासी आशा नगर घाटमपुर कानपुर नगर।<br>रामरतन आ० राजाराम निवासी कालपी चौराहा गौरा देवी हमीरपुर। | पंकज देवी सचान पत्नी दिनेश सिंह सचान जवाहर नगर पूर्वी द्वितीय घाटमपुर कानपुर नगर।<br>श्रीमती अनीता पत्नी अनुज कुमार निवासी गाँधी नगर घाटमपुर कानपुर नगर। |
| 11. | वसीयतनामा | सियादुलारी पत्नी राम नरायन निवासी कटरा घाटमपुर कानपुर नगर। | ममता पत्नी जगराम निवासी कटरा घाटमपुर कानपुर नगर। |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः–85/ न०पं०–नि० का०आगणन सू०/2025–26/शमसाबाद दिनॉक 02.05.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत शमसाबाद के समस्त अधिकृत सविंदाकार/सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि निकाय को पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्यों हेतु सीलबन्द निविदायें दिनॉक 03–5–2025 से 14–05–2025 तक कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद में प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक बिकी की जायेगी, तथा दिनांक 14.05.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। कार्य के आगणन एवं शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी किसी भी दिन निविदा दिनॉक से पूर्व कार्यालय दिवस एवं कार्य के घण्टो में की जा सकती है। बाद मियाद प्राप्त निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा।

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत शमसाबाद की गौशाला में पार्टीशन का कार्य। | 645410.00 | 12908.00 | 600 | 1 माह |
| 2. | नगर पंचायत शमसाबाद के मो० सैय्यदवाडा में अंसार के घर से बृजमोहन के घर तक एवं सुनील के घर से भगवानदास के घर तक इण्टरलॉकिगं रोड व नाली मरम्मत का कार्य। | 616603.00 | 12332.00 | 600 | 1 माह |
| 3 | नगर पंचायत शमसाबाद गोदाम में मैन गेट से जमशेद अब्बास के घर तक इण्टरलॉकिगं रोड व नाली निर्माण कार्य। | 371299.00 | 7426.00 | 400 | 1 माह |
| 4. | नगर पंचायत शमसाबाद मो० सैय्यदवाड़ा फारूक हुसैन में स्व०विश्राम सिंह के घर से मैकूलाल के घर तक ब्रांच गली सहित इण्टरलॉकिगं रोड व नाली मरम्मत का कार्य। | 207826.00 | 4157.00 | 200 | 1 माह |
| 5 | नगर पंचायत शमसाबाद मो० कोटला में इदरीस के घर से नई मस्जिद तक इण्टरलाकिंग रोड़ व नाली मरम्मत का कार्य। | 869370,00 | 17387.00 | 900.00 | 1 माह |
| 6. | नगर पंचायत शमसाबाद में विभिन्न वार्डो में सड़क /नाली/क्रास मरम्मत कार्य। | 500000.00 | 10000.00 | 500.00 | 1 माह |
| 7 | नगर पंचायत शमसाबाद में वित्तीय वर्ष 2025–26 की बैलेन्स सीट तैयार कराने का कार्य। | 250000.00 | 5000.00 | 300.00 | 1 माह |

नियम एवं शर्तें–

1– निविदा प्रपत्र निविदा दिनॉक से एक दिन पूर्व अथवा उसी दिन नियत शुल्क जमाकर कार्यालय से प्राप्त किये जायेगे।
2– निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पंचायत के खाता संख्या–04402110000010 आई० एफ० एस० सी० कोड–BKID0ARYAGB आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा शमसाबाद में जमा करना होगा अथवा एफ०डी०आर० एन०एस०सी० अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक होना अनिवार्य होगा।
3– निर्माण कार्य के भुगतान बिल की धनराशि पर 2.24 प्रतिशत आयकर अदा करना होगा। जो बिल की धनराशि से काट ली जायेगी।
4– निविदा स्वीकृत उपरान्त 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि कमांक 2 के अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा।
5– निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप एवं नियत अवधि में करना अनिवार्य होगा।
6– भुगतान शासनादेश के अनुरूप देय होगा।
7– नियत स्टाम्प पर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
8– एक अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।
9– विवादित बिन्दुओं का न्यायिक क्षेत्र जनपद फर्रुखाबाद होगा।
10– जमा की गई धरोहर धनराशि अन्तिम बिल भुगतान तिथि के छः माह बाद कार्य संतोषजनक रहने की दशा में वापस की जायेगी।
11– संविदाकार को चरित्र प्रमाण (टी0–4) हैसियत प्रमाण पत्र (टी–5), शपथ पत्र (टी–6) निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।
12– निविदा प्रपत्रों पर निविदादाता के हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

**(लव कुमार मिश्र) अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद–फर्रुखाबाद

**(जोया शाह) अध्यक्ष**
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद–फर्रुखाबाद

## सौदा पटने से पहले चुराने का आरोप

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाने के ग्राम चक मूसेपुर मजरे शाहीपुर निवासी गुफरान उल्ला ने इसी थाना क्षेत्र के इजूरा बुजुर्ग के पप्पू पुत्र सलाम पर कटहल चुराकर तोड़ने की तहरीर पुलिस में दी है। बताया कि आरोपी पेड़ में लगे उसके पेड़ में लगे कटहल के फलों का सौदा कर रहा था, इससे पहले कि सौदा होता चोरी से सारे फल तोड़कर फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने पप्पू व हबीब पर क़ानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# निर्माणाधीन भवन का जर्जर हिस्सा गिरा, महिला की मौत



■ पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने मलबे में दबे आधा दर्जन मजदूरों को निकाला

**फतेहपुर।** खादी भंडार की निर्माणाधीन बिल्डिंग के पुराने व जर्जर हिस्से के गिरने से मलबे में आधा दर्जन से अधिक श्रमिक दब गये। घटना में घायल महिला श्रमिक की मौत हो गयी जबकि आधा दर्जन घायल मजदूरों को पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से मलबे से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। शहर के आईटीआई रोड स्थित खादी भंडार की पुरानी बिल्डिंग है। इमारत में पिछले कई माह से निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसमें बिल्डिंग के पुराने हिस्से को गिराकर नया निर्माण कार्य किया जा रहा था।

रोज़ की तरह निर्माण कार्य जारी था। तभी भवन का बचा हुआ पुराना हिस्सा भरभरा कर गिर गया, जिससे भवन के हिस्से में काम कर रहे आधा दर्जन से अधिक मजदूर मलबे में दब गये। अचानक हुए हादसे से मची चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग व राहगीर मौके पर पहुंचे व घायलों की मदद को जुट गये। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया।

मलबे से घायलों को निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला श्रमिक शशि पत्नी सुरेश 42 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं शेष अन्य घायल श्रमिकों रामकुमार, अलका, पप्पू, संजय, राम खेलावन, कल्लू, मिस्त्री ओम प्रकाश व चुन्ना आदि घायल हो गये। जिन्हें जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती किया गया है, जहां कई श्रमिकों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ईंट सफाई का कार्य कर रही थी मृतका शशिः खादी भंडार की निर्माणाधीन बिल्डिंग में पुरानी ईंट को पुनः प्रयोग करने के लिए सफाई का कार्य किया जा रहा था। धूप के कारण मृतक शशि जर्जर बिल्डिंग की छांव में ईंट सफाई का कार्य कर उन्हें रख रही थी।

पुलिस व फायर ब्रिगेड ने संभाली कमानः घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड व पुलिस टीम ने मलबे में फंसे लोगों को बचाने के लिए तेज़ी से बचाव व राहत कार्य शुरू किया, जिससे घायलों को तुरंत निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया गया।

एसपी ने मौके का किया मुआयनाः खादी भंडार की जर्जर भवन के गिरने व मजदूरों के मौत की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने मौके पर पहुंच कर बचाव व राहत कार्य की जानकारी ली। साथ ही हादसे के कारणों की जांच के लिए अन्य विभागों से सहयोग लेने की बात कही।बिना सुरक्षा उपकरण के कर रहे थे कार्यः खादी भंडार के नाम से मशहूर बिल्डिंग में बीते कई माह से कार्य चल रहा था जिसमें पुरानी इमारत को ढहाने व नया निर्माण दोनों तरह के कार्य चल रहे थे। इमारत के निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। निर्माण के दौरान साइट पर सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी कर मजदूरों से कार्य कराया जा रहा था। वहीं जिला प्रशासन हादसे के बाद अब जांच व दोषियों पर कार्रवाई की बात की जा रही है।

## प्रेक्षागृह में बीजेपी का प्रबुद्ध समागम आज



**फतेहपुर।** देश में एक देश एक चुनाव के निमित्त भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध समागम व संगोष्ठी के आयोजन को लेकर जेल रोड स्थित पार्टी कार्यालय में योजना बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिला संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। श्री द्विवेदी ने बताया कि कल शनिवार को अपरान्ह तीन बजे जिला मुख्यालय स्थित प्रेक्षागृह में प्रबुद्ध समागम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्मानित चिकित्सक, अधिवक्तागण, इंजीनियर्स, अध्यापक, समाजसेवी, व्यापारी, साहित्यकार, कवि एवं पत्रकार बंधुओं सहित समस्त प्रबुद्ध वर्ग को आमंत्रित किया गया है। जिसमें एक देश एक चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मंत्री अजीत पाल उपस्थित रहेंगे। तैयारी बैठक में जिला सहसंयोजक मनोज मिश्रा, संगोष्ठी/समागम संयोजक डॉ. देवाशीष पटेल, संगोष्ठी व समागम संयोजक धनंजय द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## बिंदकी बस स्टेशन निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

फतेहपुर। बिंदकी कस्बा में निर्माणाधीन बस स्टेशन परियोजना भ्रष्टाचार व लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा यह बस स्टेशन समय पर पूरा नहीं हो सका है और जो कार्य हुआ है, उसमें गुणवत्ता की भारी अनदेखी सामने आई है। यह खुलासा युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों से हुआ है। समिति ने पूरे मामले की शिकायत अधीक्षण अभियंता प्रयागराज वृत्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद को भेजी है। बिंदकी बस स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य का अनुबंध मैसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रो. नीरज यादव मैनपुरी को 20 फरवरी 2024 को 1,79,48,137.99 की लागत में दिया गया था जिसमें लेबर सेस और अन्य कर सम्मिलित हैं। अब तक 3142262 रुपये का भुगतान फर्म को किया जा चुका है, लेकिन मौके पर खर्च की गई राशि इसके अनुपात में नहीं दिखती। वहीं निर्माण की प्रगति काफी धीमी है और कार्य अब तक लगभग आधा भी पूरा नहीं हो सका है। मूल ठेकेदार ने अधिकांश कार्य पेटी कॉन्ट्रैक्ट में अन्य ठेकेदारों को सौंप दिए हैं। आरोप है कि घटिया ईंट व सीमेंट जैसी खराब गुणवत्ता की सामग्री से काम किया जा रहा है। इससे बस स्टेशन की संरचनात्मक मजबूती और दीर्घकालिक उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। युवा विकास समिति ने मामले में उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने और दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समिति ने आरोप लगाया है कि निर्माण में लापरवाही और अनियमितता के पीछे विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत भी हो सकती है, इसलिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

# दिशा की बैठक में विभागीय क्रियाकलापों से असंतुष्ट दिखे जनप्रतिनिधि



**फतेहपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन सभागार में सांसद नरेश उत्तम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान ज़िला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह पप्पू भी मौजूद रहें। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक के अनुपालन की पुष्टि की गई। तत्पश्चात् दीनदयाल अंत्योदय योजनादूराष्ट्रीय ग्रामीण रोजागर गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आवास योजना शहरी/ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/शहरी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन ग्रामीण, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राज्य मार्ग जैसे बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यक्रम परिवहन, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, ग्राम पंचायतों के सामान्य डिजिटल सेवा केन्द्र संबंधी, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, संसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना निधि, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना (आत्मा), राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0), राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मध्याह्न भोजन, समग्र शिक्षा, विशिष्ट दिव्यांगता, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कार्यान्वयन, छात्रवृत्ति, खेलो इंडिया, ईदृश्रम पोर्टल, महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

■ अध्यक्षता कर रहे सांसद ने बिंदुवार की समीक्षा, दिए सख्त निर्देश
■ पूर्ण व अपूर्ण कार्यों की रिपोर्ट से जनप्रतिनिधियों को अवश्य कराया जाए अवगत
■ बुनियादी जरूरतों की योजनाओं पर किया गया ख़ास गौर, डीएम ने आक्षरश : पालन का दिलाया भरोसा

बैठक में सांसद श्री उत्तम ने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों एवं पूर्ण कार्यों की रिपोर्ट से जनप्रतिनिधियों को अवश्य अवगत कराया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रीट लाइटों में सेंसर लगवाना सुनिश्चित करें। ईंट भट्ठो में भूषा/भूषी का प्रयोग कतई न किया जाय, सिर्फ कृषि अपशिष्ट एवं कोयले का ही प्रयोग किया जाय। ईंट का रेट रिवाइज कराए अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि पर्यटन से होने वाले कार्यों में जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए शिलान्यास/लोकार्पण कराए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल अंत्योदय योजनादूराष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समूहों का गठन एवं बीसी सखी का चयन किया जाय। जनपद के बनाए गए अमृत सरोवरों में जल का प्रबन्धन कराया जाय के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्रों के अंत्योदय कार्ड बनाए जाय और अपात्रों का अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त किया जाय, के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत जो आवेदन लंबित है को जल्द से जल्द निस्तारित करते हुए उनके आश्रितों को लाभान्वित किया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों को भरोसा दिलाया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गए निर्देशो/सुझाव/शिकायतों का आक्षरशः पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक सदर चन्द्र प्रकाश लोधी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्रशिक्षु आईएएस नवसीन, सहायक प्रबंधक वाणिज्य रेलवे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, विद्युत, सिंचाई सहित समिति के नामित सदस्य व समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कब्रिस्तान की दीवार गिराकर शहर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास



**फतेहपुर।** शहर के खंभापुर स्थित एक कब्रिस्तान की हाल ही निर्मित हुई दीवार को कुछ लोगों द्वारा गिराकर शहर के माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। पुलिस ने उल्टा समुदाय विशेष के पंद्रह लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली। जिसमें कुछ कांग्रेसी नेता भी शामिल है। जिस पर कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर न्याय संगत कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो. आरिफगुड्डा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां एसपी धवल जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि खंभापुर स्थित भूमि सं0 202 कब्रिस्तान में अंकित है। उसी कब्रिस्तान में बने कस्बा की दीवार का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी सुरक्षा हेतु पुनः निर्माण किया गया, जिसको कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरा दिया। गाली-गलौच कर पूरी बस्ती में महिलाओं एवं बच्चों के साथ अतिविशेष का नाम लेते हुए अभद्रता की गई। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि इसमें राधानगर थाना पुलिस का पूर्ण सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त समुदाय विशेष के पंद्रह लोगों के नाम एफआईआर भी दर्ज कराई गई। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बशीर अहमद पुत्र रशीद, इस्माइल अहमद पुत्र मजीद अहम निवासीगण खंभापुर थाना राधानगर के नाम भी अंकित हैं जो कि अन्याय की पराकाष्ठा है। शहर में दोनों समुदायों के बीच माहौल को बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास है। कांग्रेसियों ने एसपी से मांग किया कि मामले की गंभीरता को समझते हुए उचित न्याय संगत कार्रवाई की जाए। ताकि दोनों समुदायों के बीच सौहार्द बना रहे। इस मौके पर आदित्य श्रीवास्तव एड., सै0 शहाब अली, आशीष गौड़ एड., आरिफ अली, अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्रा भी मौजूद रहे।

■ कांग्रेस ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर न्याय संगत कार्रवाई की उठाई मांग

## डंपर की टक्कर से अधेड़ की मौत, परिवार में कोहराम

खागा (फतेहपुर)। कोतवाली क्षेत्र के हरदो गांव निवासी राजेंद्र सिंह (55) पुत्र रामप्रसाद सिंह की शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह किसी जरूरी काम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास गए थे। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, घर में कोहराम मच गया। परिजन अस्पताल पहुंचे तो रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि राजेंद्र सिंह ही पूरे परिवार के एकमात्र सहारा थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हालांकि, आसपास मौजूद लोगों ने डंपर का नंबर नोट कर लिया था और उसे तुरंत प्रशासन को सौंप दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि डंपर चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। कोतवाल हेमंत मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। चालक की गिरफ्तारी को टीम लगाई गई है।

# जाति जनगणना की मांग पूर्ण, कांग्रेसियो ने निकाली धन्यवाद यात्रा



**फतेहपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जाति जनगणना के लिए पिछले काफी दिनों से अनवरत मजबूती के साथ मांग करने से अंततः मोदी सरकार को बाध्य होकर जाति जनगणना के लिए तैयार हो जाने पर शुक्रवार को जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में एक धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जय घोष करते हुए पीएम मोदी को धन्यवाद प्रेषित किया। धन्यवाद यात्रा में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि अब समाज में सभी वर्गों को उनकी भागेदारी के अनुसार प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। यह राहुल गांधी के संघर्ष का प्रतिफल है जो समाज में दबे कुचले लोगों को आगे आने का लाभ देगा। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने कहा कि सामाजिक न्याय तभी संभव होता है जब समान भागेदारी होती है जिसकी पिछले काफी दिनों से राहुल गांधी द्वारा मांग की जा रही थी उनके हृदय में सदैव निम्न वर्गीय लोगों के उत्थान के लिए एक दर्द रहता है और उसके निराकरण हेतु वह सदैव प्रयासरत रहते हैं। धन्यवाद यात्रा में मुख्य रूप से, श्रवण कुमार गौड़, सुधाकर अवस्थी, शेख एजाज अहमद, ओम प्रकाश गिहार, बीरेंद्र सिंह चौहान, शिवाकांत तिवारी, देवी प्रकाश दुबे, हेमलता पटेल, राजू लोधी, रामनरेश महाराज, ओम प्रकाश कोरी, सहाब अली, राजन तिवारी, आदित्य श्रीवास्तव, शब्बीर अहमद, अजय बच्चा, हम्माद हुसैन आदि मौजूद रहे।

■ अब समाज में सभी वर्गों को उनकी भागेदारी के अनुसार प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा-जिलाध्यक्ष

## खबर एक नज़र

### तमंचे के बल पर युवक से नगदी व मोबाइल की लूट

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के बांदा सागर बाईपास कटका मोड के समीप गुरूवार की रात दो बाईक में सवार पांच बदमाशो ने तमंचे के बल पर बाइक सवार से पांच हजार रूपये मोबाइल व गाडी की चाभी लूटकर फरार हो गये। वहीं पीडित के पिता ने थाने में तहरीर दिया तो पुलिस ने अपने ही मनमुताबिक तहरीर लिखवाकर मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह निवासी सत्यप्रकाश त्रिवेदी का पुत्र अमन कुमार त्रिवेदी रात लगभग नौ बजे रिश्तेदारी से बाइक द्वारा घर वापस जा रहा था। जब वह कटका मोड के समीप पहुंचा तभी दो बाइको में सवार पांच बदमाश आये। तमंचे के बल पर अमन की जेब में रखा पांच हजार रूपये मोबाइल एवं बाइक की चाभी लूटकर धमकी देते हुये फरार हो गये। किसी तरह से वह अपने घर पहुंचा और परिजनो को आप बीती बताई। पिता सत्यप्रकाश थाने पहुंचे और पुत्र के साथ हुई लूट की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने जबरन अपने ही मन मुताबिक लूट की घटना को न दिखाकर मामूली मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। इसका विरोध जब सत्यप्रकाश ने किया तो उल्टा उसे ही गाजी गलौज करते हुये धमकाकर भगा दिया।

### कुएं में गिरा युवक, रेस्क्यू कर निकाला बाहर

**बिंदकी (फतेहपुर)।** कुआं के किनारे बैठा युवक अचानक अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। लगभग एक घंटे तक चल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक को बाहर निकाल इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खजुहा कस्बे के मिश्रन गली में गुरुवार की देर रात को सूरज मिश्रा 36 वर्ष पुत्र जगदीश मिश्रा अचानक 60 फीट गहरे कुएं में जा गिरा। युवक के कुएं में गिरते ही हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में लगभग एक घंटे तक चल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक को बाहर निकाला गया। परिजन पायल युवक को अपने घर ले गए। शुक्रवार को दिन में करीब एक बजे युवक की हालत गड़बड़ हुई तो इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी लाया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया कि युवक कुआं के किनारे बैठा था तभी अचानक कुएं में गिर गया हालांकि इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बीजेपी अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश मंत्री

फतेहपुर। शहर के लाला बाजार स्थित अल्पसंख्यक मोर्चा रमीज खान के आवास के समीप आयोजित बीजेपी अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में वक्फ संशोधन बिल की भ्रांतियों को जहां दूर किया गया वहीं मुस्लिम समाज को इसके फायदे भी गिनाए गए। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनस उस्मानी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री अनस उस्मानी ने सुधार जनजागरण के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को वक्फ कानून के बारे में बताते हुए कहा कि जिन लोगों ने वक्फ बोर्ड की जमीनों में कब्जा कर रखा है उन्हीं को तकलीफ हो रही है जबकि बीजेपी सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ काम कर रही है। बीजेपी सरकार में मुस्लिम डरा नहीं बल्कि खुलकर आजादी से जी रहा है। बीजेपी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती है, जो काम मुस्लिम आकाओं को करना चाहिए था वो प्रधानमंत्री मोदी ने किया। कांग्रेस, सपा, बसपा सहित तमाम पार्टियां कभी हमारे हित में नहीं सोचती हैं। केवल टोपी लगाकर रोजा इफ्तारर पार्टी में आकर फ़ोटो खिंचवाते हैं। हमारे वोट को अपनी बपौती समझते हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील किया कि किसी के बहकावे में न आयें। इस कानून के लागू होने से वक्फ बोर्ड के पास लिखित डाटा होगा जो लोग अभी तक मुतवल्ली बनकर लांखों करोडो रूपए का गबन कर रहे थे उन्हें ही इस बिल से समस्या हो रही है। आम मुस्लिम समुदाय को पहले इसकी होने वाली इनकम से कोई फायदा नहीं होता था लेकिन वक्फ कानून आने से अब गरीब मुस्लिम के लिए स्कूल, हॉस्पिटल बनेंगे और रोजगार के नए साधन खुलेंगे। इस मौके पर तमाम भाजपाई व अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डीटी इंजेक्शन लगते ही चार छात्राएं बेहोश

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सेनीपुर स्थित पटेल सेवा धर्म इण्टर कालेज में शुक्रवार की दोपहर डिप्टेरिया डीटी का इंजेक्शन लगते ही चार छात्राए बेहोश हो गयी। जिन्हे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर पटेल सेवा धर्म इण्टर कालेज में एएनएम नीलम पटेल द्वारा हाई स्कूल छात्राओं को डिप्टेरिया डीटी का इंजेक्शन लगा रही थी। तभी कुछ देर बाद साफिया पुत्र अहमद रजा 17, अनामिका पुत्री रामराज मौर्या निवासी सेमरहटा रामप्यारी पुत्री सुखराज 17 अलीना पुत्री सरफराज 16 को अचनाक चक्कर आने के साथ-साथ शरीर में उलझन पैदा हो गयी और एक के बाद एक चारों छात्राएं बेहोश हो गयी। ऐसा होते ही देख कालेज में हडकम मच गया। तभी सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने छात्राओ को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने सभी छात्राओं की हालत में सुधार बताया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के संवत रोड में तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 22 वर्षीय युवक की उपचार दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कसमापुर मजरे करमोन गांव निवासी चन्द्रसेन लोधी का पुत्र अमित कुमार लोधी का तीन दिन पूर्व संवत रोड में अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए परिजन सदर अस्पताल लाये। जहां घर वाले रेफर कराकर कहीं और इलाज कराने ले गये। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सड़क हादसों में दो घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के बलईपुर गांव निवासी ब्रजेन्द्र प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह खागा कोतवाली क्षेत्र के अर्न्तगत एनएच-2 में पहुंचा तभी डीसीएम ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार ललौली थाना क्षेत्र के कोर्राकनक गांव निवासी ननका प्रजापति का 23 वर्षीय पुत्र सहदेव बाइक से कस्बा जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर निकला तभी सामने से आ रही विक्रम से भिड़ंत हो गयी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### मां पीतांबरा देवी के प्रकटोत्सव में पूजा अर्चना कर हुआ भंडारा

बिंदकी (फतेहपुर)। नगर में मां पीतांबरा देवी के प्रकटोत्सव के मौके पर पूजा अर्चना और आरती की गई। जिसमें मां देवी से देश से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की प्रार्थना भी की गई। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग उन्हें प्रसाद पाया और धन्य हुए। मुगल रोड नगर पालिका भवन के बगल में स्थित श्री हनुमान मंदिर में मां पीतांबरा देवी का प्रकटोत्सव मनाया गया। पूजा अर्चना की गई एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आशीष साहू ने बताया कि मां पीतांबरा देवी का प्रकटोत्सव मनाया गया है। जिसमें पूजा अर्चना कर भंडारा किया गया। हम लोगों ने मां पीतांबरा देवी से आतंकवाद को देश से जड़ से समाप्त करने की प्रार्थना की है। ताकि पहलगाम जैसी घटनाएं देश में न हो जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई है। मां पीतांबरा देवी प्रकटोत्सव कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रभारी मंजू शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह, श्याम जी ओमर, आशीष साहू, राहुल गुप्ता, दुर्गेश, हर्षित गुप्ता, आलोक साहू, राजू गुप्ता, देवानंद, ओम जी हिंदू, सौरभ बाजपेई, हरि कृष्ण ओमर, सत्य प्रकाश साहू, आशुतोष, निहाल, नीलेश, मोना ओमर, अनूप गुप्ता, रिंकू तिवारी, प्रदीप गुप्ता, सुनील तिवारी, अवधेश मोदी, निक्की सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## कोर्ट की फटकार

हिंसा और मानवीयता से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए उनके विभिन्न पक्षों की गहराई से छानबीन करना इसलिए गलत नहीं माना जा सकता क्योंकि इससे वास्तविकता तक पहुंचने और सही ढंग से न्याय सुनिश्चित कराने में मदद मिलती है लेकिन विभिन्न दृष्टियों से संवेदनशील और दिन के उजाले की तरह स्पष्ट घटनाओं की जांच को बिना वजह नए मोड़ देने की कोशिशों पर स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े होते हैं। इनके पीछे कभी मानवाधिकार उल्लंघन तो कभी न्याय की तह तक पहुंचने जैसे तर्कों को आधार बनाया जाता है जो वास्तव में आधारहीन होते हैं। नागरिकों और देश की सुरक्षा से सीधे रूप से संबंधित प्रकरणों पर इस दृष्टि से और भी अधिक सतर्कता बरती जानी चाहिए। विडंबना यह है कि ऐसे मामलों में अक्सर बेतुकी मांगे उठाई जाती हैं जिनका मकसद पब्लिसिटी स्टंट या प्रचार पाने की भूख होती है। पहलगाम नरसंहार ऐसी ही बेहद संवेदनशील घटना है। केंद्र इस पर व्यापक रूप से कई कदम उठा चुका है। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका आई जिसमें पहलगाम की न्यायिक जांच की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिका देने वालों को फटकारते हुए जो दो अहम बातें कहीं, उसे प्रचार पाने को बेचैन व्यक्तियों/संगठनों को ध्यान रखना चाहिए। पहली बात यह कि जज आतंकी मामलों की जांच के विशेषज्ञ नहीं हैं। दूसरी अहम बात यह कि इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझते हुए अदालत में ऐसी कोई अपील न की जाए जिससे सुरक्षा बलों का मनोबल गिरे। ऐसे विषय को न्यायिक क्षेत्र में लाया ही न जाए। कोर्ट के इन कथनों का मर्म समझना मुश्किल नहीं है और दोनों ही बातें तार्किक रूप से महत्वपूर्ण भी हैं। सोचने की बात यह है कि जिस घटना पर देश के प्रधानमंत्री बेहद गहराई से सक्रिय हों, सरकार लगातार दूरगामी निर्णय ले रही हो तथा आमतौर हर मामले पर खिलाफ रहने वाला विपक्ष एकमत से उसका समर्थन कर रहा हो, तब किसी संदेह की गुंजाइश कहां बचती है। न्यायालय की फटकार वास्तव में देशहित को सबसे ऊपर रखने का साफ-साफ निर्देश भी है जिसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए।

## हमारे महापुरुष

महापुरुष समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं जिनके आदर्शों पर चलकर जीवन के लक्ष्यों को सार्थकता के साथ प्राप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि वर्षों, दशकों और शताब्दियों के बाद भी ये प्रासंगिक रहते हैं और हर नई पीढ़ी को इनका अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया जाता है। हालांकि समाज में संक्रमण के दौर भी आते हैं और तब ये कोशिशें जरूरी होती हैं कि लोग इनसे भटकने न पाएं। लेकिन दिक्कत यह है कि आज के समय में लोग इसका महत्व नहीं समझते। नए-नए आकर्षणों में फंस कर वे उस रास्ते पर चलना बेहतर समझते हैं जिनकी किसी भी दृष्टि से उपयोगिता नहीं होती। ऐसे में जरूरी है कि महापुरुषों की स्मृति को पुनर्जीवित करके समाज में उनके प्रति जागरूकता पैदा की जाए। यह अच्छी बात है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गंभीर पहल करते हुए दस महत्वपूर्ण योजनाओं के नाम पर रखा है जिनके प्रभाव और प्रेरक शक्ति की पिछली सरकारों ने उपेक्षा की थी। यह सर्वविदित है कि पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान जाति के आधार महापुरुषों के नाम चुनकर केवल वोट बैंक की राजनीति होती थी और इनको केवल छुट्टियां बनाकर रख दिया गया था। न तो स्कूली बच्चों और न सरकारी कर्मचारियों को इनसे प्रेरणा मिल पाती थी। यानी केवल शो-पीस बना दिया गया था। अब प्रदेश सरकार ने माता शबरी से लेकर बाबा साहेब आंबेडकर तक के सम्मान उनके नाम पर योजनाओं का नामकरण करने की पहल की है। यानी अभी तक जिनके नाम पर केवल धर्म और जातिगत वैमनस्य को बढ़ावा मिलता था, उनके नाम अब उद्यमशीलता से जोड़कर पूरे समाज को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस कदम की प्रशंसा करते हुए उम्मीद की जानी चाहिए कि महापुरुषों की स्मृतियों को जीवंत रखने के लिए और भी कदम उठाए जाएंगे।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सृजनशीलता का फिल्मी उत्सव वेव्स-प्रधानमंत्री**
बिहार चुनावों के लिये नये प्रचारक चाहिये!

**दायरे में रहें संवैधानिक संस्थाएं -उपराष्ट्रपति**
ठीक यही बात सुप्रीम कोर्ट भी कह रहा है!

**मनीलांड्रिंग मामलों में कोई ढील नहीं दे रहा ईडी**
अजीत पवार का मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा था!

**पहलगाम के हताहतों को शहीद का दर्जा-राहुल**
सुरक्षा व्यवस्था की शहादत को सब भूल गये!

**पाकिस्तान ने एलओसी पर खड़े कर दिये टैंक**
भारत ने इजरायली जवान उतारे हैं कश्मीर में!

**जातीय जनगणना रहेगा निर्णायक फैसला-प्रधान**
कनपुरिया कहावत है कि रपट पड़े तो हर गंगा!

♦♦♦

# छिड़ी बहस संसद सर्वोच्च है या सुप्रीम कोर्ट?

**– अजीत द्विवेदी**

भारत में एक बार फिर संसद और सुप्रीम कोर्ट की सर्वोच्चता की बहस छिड़ी है। यह बहस कुछ कुछ वैसी ही है जैसे यह बहस कि, 'पहले पेड़ आया या बीज' या 'पहले अंडा आया या मुर्गी'! इस बहस का कभी कुछ हासिल नहीं होने वाला है। फिर भी इस बहस को समय समय पर चलाया जाता है कि संसद सर्वोच्च है या सुप्रीम कोर्ट? पिछले कुछ समय से यह बात ज्यादा सुनने को मिल रही है कि, 'संसद सर्वोच्च है' या 'देश के लोगों ने सांसदों, विधायकों को चुना है सरकार चलाने के लिए तो सुप्रीम कोर्ट को उसमें दखल नहीं देना चाहिए' या 'संसद कानून बनाने लगेगी तो संसद, विधानसभाओं में ताला लगा दिया जाए' या 'अब हमारे पास ऐसे जज हैं, जो सरकार चलाएंगे', आदि, आदि।

सवाल है कि क्या सचमुच न्यायपालिका कानून बना रही है? क्या सचमुच सुप्रीम कोर्ट सरकार को काम नहीं करने दे रहा है और सबसे ऊपर क्या सचमुच संसद सर्वोच्च है और सुप्रीम कोर्ट उसकी सर्वोच्चता का अतिक्रमण कर रहा है?

सबसे पहले इस वास्तविकता को समझ लेने की जरुरत है कि भारत में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में से कोई सर्वोच्च नहीं है। संविधान ने शक्तियों के पृथक्करण के मॉन्टेस्क्यू के सिद्धांत के आधार पर इन तीनों के बीच शक्तियों का बंटवारा किया है। सबकी जिम्मेदारी तय है और सबको एक दायरे में काम करना है। यह भी ध्यान रखने की बात है कि भारत में संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि संसद सर्वोच्च है। यह शासन की एक व्यवस्था है, जो संविधान पर आधारित है। असल में भारत में संवैधानिक लोकतंत्र को अपनाया गया है, जिसमें संविधान सर्वोच्च है। सभी अंगों को संविधान के हिसाब से काम करना है और संविधान के प्रावधानों की व्याख्या, उसकी मूल भावना के संरक्षण और उसकी सर्वोच्चता को अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट को दी गई है।

जिस समय केशवानंद भारती बनाम केरल सरकार के मामले की बहस चल रही थी उस समय देश के सबसे सम्मानित कानूनविदों में से एक ननी पालखीवाला ने संसद की सर्वोच्चता की दलील को खारिज करने के लिए जो कई तर्क दिए थे उनमे से एक यह तर्क यह भी था कि अगर संसद कानून बना कर लोकसभा का कार्यकाल बढ़ा दे तो कोई क्या करेगा? सोचें, अगर संसद में बहुमत वाली पार्टी कानून बना कर लोकसभा का कार्यकाल 20 साल कर दे तो इससे बचने का क्या रास्ता है?

अगर सरकार कहे कि उसे जनता ने चुना है और उसके हाथ में सारी ताकत दी है इसलिए वह संघीय व्यवस्था को खत्म कर रही है या मौलिक अधिकारों को समाप्त कर रही है तो संविधान को इस हमले से बचाने का क्या रास्ता होगा?

भारत के मामले में ऐसी कोई आशंका निर्मूल नहीं है। आखिर इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी तो लोकसभा का कार्यकाल छह साल का कर दिया था। ऐसी स्थिति से बचने के लिए ही भारत के संविधान में न्यायिक समीक्षा का प्रावधान रखा गया है। राजनीति शास्त्र और संविधान का अध्ययन करने वालों को पता है कि भारत ने संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से अपनाई है लेकिन न्यायिक समीक्षा का प्रावधान अमेरिका से लिया है। भारत में संविधान बनाने वालों ने अनुच्छेद 13, 32, 131, 136, 143, 226 और 246 के तहत न्यायिक समीक्षा का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को दिया है।


संविधान निर्माताओं की मंशा पूरी तरह से स्पष्ट है। उन्होंने अनुच्छेद 13 में लिखा कि संसद या विधानसभा से बनाया गया कोई कानून अगर मौलिक अधिकारों के खिलाफ है तो वह अमान्य और अवैध होगा। इसके बाद अनुच्छेद 32 में लिखा कि मौलिक अधिकारों के हनन की स्थिति में कोई भी व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। इसी तरह अनुच्छेद 226 में लिखा है कि मौलिक अधिकार के हनन की स्थिति में कोई व्यक्ति हाई कोर्ट जा सकता है। ऐसे ही अनेक अनुच्छेद हैं, जिनमें कहीं केंद्र व राज्य के विवाद की स्थिति में या संविधान के 'बुनियादी ढांचे' पर हमले की स्थिति में सुप्रीम कोर्ट के दखल देने की व्यवस्था है। संविधान बनाने वालों ने अनुच्छेद 368 के जरिए संसद को यह अधिकार दिया कि समय के साथ अप्रासंगिक होते जाने वाले संवैधानिक प्रावधानों में वह संशोधन करे लेकिन उसे संविधान को नष्ट करने का अधिकार नहीं दिया गया है। अगर अदालत को लगता है कि संशोधन के नाम पर संविधान को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है या संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन उनकी मूल भावना के हिसाब से नहीं किया जा रहा है तो वह दखल देकर संविधान की मूल भावना को प्रस्थापित करने का कदम उठा सकती है।

तमिलनाडु के राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यही काम किया। यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं किया गया है कि विधानसभा से पास किए गए किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। लेकिन क्या इसका यह मतलब है कि राज्यपाल अनंतकाल तक विधानसभा से पास विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं? इसका मतलब तो यह होगा कि राज्यपाल चाहे तो वह किसी सरकार को काम ही नहीं करने दे! वह सरकार के सारे विधेयकों को अपने पास लंबित रखे और कामकाज ठप्प कर दे! इस तरह तो केंद्र सरकार राज्यपालों का इस्तेमाल करके राज्यों की सरकारों को पंगु कर सकती है। आजादी के बाद लंबे समय तक इस मामले में सुधार की जरुरत नहीं महसूस हुई या सुप्रीम कोर्ट को दखल देने की जरुरत नहीं पड़ी तो उसका कारण यह था कि किसी भी राज्यपाल ने तीन तीन साल तक विधेयक लटका कर नहीं रखे। जब राज्यपालों ने भाजपा विरोधी सरकारों को परेशान करने के लक्षित उद्देश्य से उनके विधेयकों को कई कई बरस तक लंबित रखा तब सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा और विधेयकों की मंजूरी के लिए एक समय सीमा निश्चित करनी पड़ी। जो लोग सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से नाराज हैं उन्हें पहले इस बात पर सोचना चाहिए कि ऐसी नौबत क्यों आई?



यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति ही सुप्रीम कोर्ट के जजों और चीफ जस्टिस को नियुक्त करता है तो सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को कैसे निर्देश दे सकता है कि उसे कितने समय में बिल की मंजूरी देनी चाहिए? यह बहुत बचकाना और नासमझी भरा तर्क है। पहली बात तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दिया है, बल्कि केंद्र सरकार को दिया है क्योंकि संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति को केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर ही काम करना होता है। ध्यान रहे राष्ट्रपति केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर ही जजों की नियुक्ति को मंजूरी देता है। दूसरी बात यह है कि भारत में जो शासन व्यवस्था बनी है उसमें राष्ट्रीय स्तर की सारी वैधानिक, संवैधानिक और कार्यकारी नियुक्तियां केंद्र सरकार के जरिए होती हैं।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

अगर कोई शेर आ जाय, तो मियां भिश्ती के छक्के छूट जायें, मियां सिपाही मिट्टी की बन्दुक छोड़कर भागें. वकील साहब की नानी मर जाय, चुगे में मुंह छिपाकर जमीन पर लेट जायें। मगर यह चिमटा, यह बहादुर, यह रुस्तमे-हिन्द लपककर शेर की गरदन पर सवार हो जायेगा और उसकी आंखें निकाल लेगा। मोहसिन ने एड़ी-चोटी का जोर लगाकर कहा-अच्छा, पानी तो नहीं भर सकता।

हामिद ने चिमटे को सीधा खड़ा करके कहा-भिश्ती को एक डांट बतायेगा, तो दौड़ा हुआ पानी लाकर उसके द्वार पर छिड़कने लगेगा।

मोहसिन परास्त हो गया; पर महमूद ने कुमक पहुंचाई- अगर बच्चा पकड़ जायें तो अदालत में बंधे बंधे फिरेंगे। तब वकील साहब के ही पैरों पड़ेंगे।

हामिद इस प्रबल तर्क का जवाब न दे सका। उसने पूछा- हमें पकड़ने कौन आयेगा ?

नूरे ने अकड़कर कहा-यह सिपाही बन्दूक वाला।

हामिद ने मुंह चिढ़ाकर कहा- यह बेचारे हमारे बहादुर रुस्तमे-हिन्द को पकड़ेंगे। अच्छा लाओ, अभी जरा कुश्ती हो जाय। इसकी सूरत देखकर दूर से भागेंगे। पकड़ेंगे क्या बेचारे! मोहसिन को एक नयी चोट सूझ गयी- तुम्हारे चिमटे का मुंह रोज आग में जलेगा।

उसने समझा था कि हामिद लाजवाब हो जायेगा; लेकिन यह बात न हुई।

हामिद ने तुरन्त जवाब दिया- आग में वहादुर ही कूदते हैं जनाब, तुम्हारे यह वकील, सिपाही और भिश्ती लौंडियों की तरह घर में घुस जायेंगे। आग में कूदना वह काम है, जो रुस्तमे-हिन्द ही कर सकता है।महमूद ने एक जोर लगाया- वकील साहब कुर्सी मेज पर बैठेंगे, तुम्हारा चिमटा तो बावरचीखाने में जमीन पर खड़ा रहेगा। इस तर्क ने सम्मी और नूरे को भी सजीव कर दिया। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं । किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।


♦♦♦

# वर्तमान पत्रकारिता की दशा और दिशा

**– विजय गर्ग**

समाचार पत्र और पत्रकार (मीडिया) समाज के दर्पण कहे जाते हैं। समाज को आज भी इनसे काफी उम्मीदें हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति न्याय की खातिर अपनी बात को शासन-सत्ता के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने में जब असमर्थ हो जाता है तो वह इस दर्पण रूपी समाचार पत्र और पत्रकार की शरण में आता है। वह इस खातिर कि मीडिया के माध्यम से उसकी आवाज को संबंधित व्यक्ति तक ज़रूर पहुंचाया जा सकता है। उसे विश्वास होता है, आखिरकार हो भी क्यों न, पत्रकारिता का इतिहास ही इतना गौरवमई है। अगर बात करें देश के आजादी या नौकरशाही के विरुद्ध बिगुल बजाने की तो ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जब समाचार पत्रों और पत्रकारों ने समाज के शोषितों, पीड़ितों, गरीबों और मजलूमों की आवाज बनकर शासन-सत्ता से लेकर नौकरशाहों को आड़े हाथ लिया है। देश की आजादी में भी पत्रकारिता का बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसको भुलाया नहीं जा सकता है। स्वतंत्रता आंदोलन के महानायकों के साथ-साथ पत्रकारिता के महानायकों ने भी अपनी कलम रूपी तलवार से अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने का कार्य किया। तब जब संसाधनों का अभाव हुआ करता था, पत्रकारिता का अपना एक लक्ष्य और मिशन था। इस मिशन भरी पत्रकारिता में तमाम तरह की परेशानियां थीं, बावजूद इसके उस दौर की पत्रकारिता के महानायकों ने कलम की ताकत को कभी झुकने नहीं दिया था। उनकी कलम आग उगला करती थी।

कालांतर में व्यवस्थाएं बदलीं हैं, संसाधन बदले हैं तो पत्रकारिता की जिम्मेदारियां भी बढीं हैं। काफी कुछ बदलाव भी हुआ है। खासकर सोशल मीडिया के युग में प्रिंट मीडिया की महत्ता कहने को भले ही घटी है, लेकिन देखा जाए तो इसकी उपयोगिता नहीं घटी है, बल्कि जिम्मेदारियां बढ़ी हैं। इन्हीं के साथ आज की पत्र और पत्रकारिता के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां भी सामने खड़ी हुईं हैं। इन चुनौतियों में से सबसे प्रमुख चुनौती पत्रकारिता में बढ़ते घुसपैठ की है। आज की 'मिशन पत्रकारिता' में ऐसे घुसपैठियों की एंट्री तेजी से हुई है, जिन्हें पत्रकारिता के उसूलों और सिद्धांतों से कोई लेना-देना या सरोकार नहीं है। यदि उन्हें कुछ सरोकार है तो सिर्फ अपने निजी स्वार्थों का, जिनके चलते पत्रकारिता की गरिमा दिनोंदिन धूल धूसरित होती जा रही है। जिस प्रकार से पत्रकारिता में घुसपैठियों की भरमार होती जा रही है, वह न केवल चिंतनीय है, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा के विपरीत भी है। जिनके काले-कारनामों की वजह से पत्रकारिता की गरिमा को ठेस भी पहुंचा है। यदि गौर से देखा जाए तो इस अव्यवस्था के लिए कोई और नहीं बल्कि अपने लोग ही जिम्मेदार हैं। चंद पैसों की खातिर पत्रकारिता के उसूलों और सिद्धांतों को ताक पर रख मिशन को 'कमीशन' में परिवर्तित कर दुकानदारी चलाने वाले कुछेक लोगों ने इस क्षेत्र का माखौल उड़ाने का कार्य किया है। जिनकी करतूतों से कहीं न कहीं मिशन पत्रकारिता को जीवित रखने वाले उन महान मनीषियों की आत्मा को ठेस पहुंच रहा है, जिन्होंने अपने जीवन प्रयत्न पत्रकारिता को मिशन की भांति जीने का कार्य किया है। अपने मिशन से भटक आज की पत्रकारिता कई गुटों में बंटी नज़र आती है। जिसने पत्रकारों को एकता के सूत्र में पिरोने की बजाय उन्हें भटकाव की राह पर ला खड़ा किया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि शौचालय से लेकर सचिवालय तक के लोग अपनों पर आने वाली आपदा-विपदा के दौरान न केवल एक साथ खड़े नज़र आते हैं, बल्कि डंके के साथ अपनी बातों को मनवाने में कामयाब भी होते हैं। लेकिन वही बात जब पत्र और पत्रकार की आती है तो यह अलग-अलग नज़र आते हैं। अपराधी से लेकर अधिकारी तक के प्रताड़ना से जूझते कलमकारों के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। बात करें यदि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की, तो आज इनकी राह न केवल दुरूह हो चुकी है, बल्कि जोखिम के साथ काफी दुर्गम भी हो गई है। हाल के वर्षों में देश के कई राज्यों में पत्रकारों के ऊपर हुए हमले यह बताने के लिए काफी हैं कि वर्तमान पत्रकारिता की राह में अब रोड़े उत्पन्न किए जा रहे हैं। नौकरशाही जहां सत्यता से भरी पत्रकारिता को पचा नहीं पा रहा है तो वहीं अपराधी अपने कृत्यों को उजागर होने से रोकने के लिए पत्रकार के राह में रोड़ा बन रहा है। खासकर ग्रामीण पत्रकारों के समक्ष ऐसी तमाम चुनौतियां और परेशानियां उत्पन्न हुई हैं, जिनके बीच से गुजरते हुए उन्हें जोखिम भरी पत्रकारिता करनी पड़ रही है। बावजूद इसके शासन-सत्ता समाचार पत्र और पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है, जो बेहद चिंतनीय विषय है।




सरकार देश की हो या प्रदेश की, पत्रकारों के प्रति उसका रवैया उचित नहीं रहा है। सरकार जहाँ पत्रकारों के आवश्यकताओं की लगातार अनदेखी कर रही है तो वहीं उनके उत्पीड़न जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के बजाय इनमें लचर नीति अपनाई जा रही है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होता है, लेकिन देखा जाए तो दिन-प्रतिदिन यह चौथा स्तंभ कमजोर होता जा रहा है। इसकी आवाज को दबाने का चक्र रचा जा रहा है। लोकतंत्र सेनानियों, सांसद, विधायकों की भांति पत्रकारों को यह मानदेय देने के साथ ही पत्रकार एक्ट का गठन, सरकार द्वारा पत्रकार आयोग बनाये जाने की मांग पत्रकारों के विभिन्न संगठन समय-समय पर करते आए हैं, ताकि उनके मान-सम्मान और अधिकार की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कहने को तो पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं हैं, देखा जाए तो भीड़ में पत्रकारों के साथ जिस प्रकार से सौतेला व्यवहार किया जाता है, उससे यह समाज अपने आप को सर्वाधिक उपेक्षित लोगों में महसूस करता है। देश में पत्रकारों की समस्या के निस्तारण की व्यवस्था प्रमुखता से किए जाने की मांग लंबित पड़ी हुई है। इसी के साथ न्यूज़ कवरेज के दौरान कोई आपदा या अनहोनी होने पर आर्थिक सहयोग की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने जैसे मुद्दों को लेकर भी आवाज उठती रही है, लेकिन इसमें भी भेदभाव चरम पर है। कुछेक मामलों को छोड़ दिया जाए तो इससे ग्रामीण पत्रकार उपेक्षित होता आया है। इससे यह महसूस होता है कि आज का पत्रकार चौथे स्तम्भ की जगह महज स्तम्भ बनकर रह गया है। इनके हित के बारे में सोचने के लिए सरकारों के पास न समय है और न ही प्रशासनिक अमलों द्वारा सम्मान देने की गुंजाइश है। लोगों को उनका हक़ और अधिकार दिलाने वाला पत्रकार आज खुद अपने अधिकार के लिए अपना हाथ-पांव मार रहा है।

## प्रेरक प्रसंग

### सर्वव्यापी ईश्वर

**लड़के ने कहा, पिताजी, हमारे गुरुजी ने आज पढ़ाया था कि ईश्वर सब जगह है और वह हम जो कुछ करते हैं, उसे देखता रहता है। यहां देखने वाला आदमी तो कोई नहीं है, लेकिन ईश्वर तो देख ही रहा है।**

एक किसान था। उसके एक लड़का था। वह पाठशाला में पढ़ने जाता था। एक दिन उसके गुरु ने पढ़ाया- भगवान सर्वव्यापी है। नीचे ऊपर, इधर-उधर, धरती-आकाश, जल-थल, घर-बाहर सब जगह मौजूद रहता है और हम जो कुछ करते हैं, देखता रहता है।

पढ़ाई करके लड़का घर आया तो बाप ने कहा, तू मेरे साथ चल। हमें एक काम करना है।

दोनों घर से चल दिये। खेत पर पहुंचे तो बाप ने कहा, देख, हमें शाम के लिए घास चाहिए। यहां कोई देखनेवाला तो है नहीं। मैं पड़ोसी के खेत से थोड़ी घास काटे लेता हूं। तू यहां खड़े रहकर देखते रहना कि कोई आता तो नहीं है।

लड़का खड़ा हो गया और बाप हंसिया लेकर घास काटने लगा। कुछ देर बाद उसने लड़के से पूछा, क्यों देख तो नहीं रहा है ?

लड़के ने कहा, पिताजी, हमारे गुरुजी ने आज पढ़ाया था कि ईश्वर सब जगह है और वह हम जो कुछ करते हैं, उसे देखता रहता है। यहां देखनेवाला आदमी तो कोई नहीं है, लेकिन ईश्वर तो देख ही रहा है।

इतना सुनते ही बाप को काटो तो खून नहीं। उसने कटी हुई घास वहीं छोड़ दी और लड़के से कहा, बेटे, चलो, घर चलें।

## आपका पत्र मिला

### सार्वकालिक नायक थे वीर सपूत सुभाष चंद्र बोस

भारत के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्तित्व नहीं हुआ, जो एक साथ महान सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति का अद्भुत खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुरुषों, नेताओं के समकक्ष साधिकार बैठ कर कूटनीति तथा चर्चा करनेवाला हो। भारत की स्वतंत्रता के लिए सुभाष चंद्र बोस ने करीब-करीब पूरे यूरोप में अलख जगाया। बोस प्रकृति से साधु, ईश्वर भक्त तथा तन एवं मन से देशभक्त थे। महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह को नेपोलियन की पेरिस यात्रा की संज्ञा देनेवाले सुभाष चंद्र बोस एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनका मार्ग कभी भी स्वार्थों ने नहीं रोका, उनके पांव लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे। नेताजी में सच्चाई के सामने खड़े होने की अद्भुत क्षमता थी, बोस जी अंग्रेजी शिक्षा को निषेधात्मक शिक्षा मानते थे। किंतु, बोस जी को उनके पिता ने समझाया- हम भारतीय अंग्रेजों से जब तक प्रशासनिक पद नहीं छीनेंगे, तब तक देश का भला कैसे होगा? सुभाष ने इंग्लैंड में जाकर आइसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की। वे उत्तीर्ण ही नहीं हुए, चतुर्थ स्थान पर रहे। वे चाहते तो उच्च अधिकारी के पद पर आसीन हो सकते थे। परंतु, उनकी देशभक्ति की भावना ने उन्हें कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया। बोस ने नौकरी से त्यागपत्र दे दिया, जिससे सारा देश हैरान रह गया। बोस को समझाते हुए कहा गया- तुम जानते भी हो कि तुम लाखों भारतीयों के सरताज होगे? हजारों देशवासी तुम्हें नमन करेंगे? सुभाष ने कहा- मैं लोगों पर नहीं उनके दिलों पर राज करना चाहता हूं। उनका हृदय सम्राट बनना चाहता हूं। सुभाष चंद्र बोस सर्वकालिक नेता थे, जिनकी जरूरत कल थी, आज है और आने वाले कल में भी होगी। उनके विचार, कर्म और आदर्श अपना कर राष्ट्र वह सब कुछ हासिल कर सकता है, जिसका वह हकदार है। सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता समर के अमर सेनानी, मां भारती के सच्चे सपूत थे।

**संदीप कुमार**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# बच्चों के लिए सबसे फायदेमंद योगासन, गर्मियों की छुट्टियों में कराएं अभ्यास





गर्मियों की छुट्टियां शुरु हो गई है। अगले कुछ दिन बच्चों का स्कूल बंद हो जाएगा और उन्हें घर पर ही वक्त बिताना है। तापमान अधिक होने के कारण बच्चे छुट्टी होने के बावजूद घर से कम निकलते हैं। ऐसे में उनकी शारीरिक सक्रियता कम हो जाती है। इस मौसम में कई तरह की बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। वहीं बच्चे सुस्ती महसूस करते हैं, जिसके कारण न तो बच्चे पढ़ाई कर पाते हैं और न ही किसी काम में ध्यान लगा पाते हैं।

गर्मियों के मौसम में सुस्ती को दूर करने और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को योगासन करना सिखाएं। कुछ योगासन हैं, जो बच्चों की सेहत को बेहतर बनाते हैं और पढ़ाई में उनका ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं। यहां बच्चों के लिए योगासन बताएं जा रहे हैं, जिसका अभ्यास बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में कर सकते हैं।

**बच्चों के लिए योग एकाग्रता के लिए ताड़ासन का अभ्यास**

बच्चों की एकाग्रता बढ़ाने के लिए उन्हें नियमित ताड़ासन का अभ्यास करना चाहिए। ताड़ासन के अभ्यास से बच्चों की ब्रिदिंग कैपेसिटी बढ़ती है। इस आसन को करने से ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा मिलता है। मूड अच्छा रहता है और बच्चों की लंबाई भी बढ़ती है।

**शरीर दर्द से निजात के लिए करें वृक्षासन**

गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे घर से बाहर नहीं निकल पाते हैं, तो दिनभर घर पर ही कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी देखने में समय व्यतीत करते हैं। दिनभर एक ही स्थिति में लेटे-बैठे रहने के कारण उनके शरीर में दर्द होने लगता है। इसके अलावा स्ट्रेस भी बढ़ सकता है। ऐसे में बच्चों को वृक्षासन के अभ्यास की आदत डलवाएं। वृक्षासन के अभ्यास से मन को शांति मिलती हैं, स्ट्रेस कम होता है और कमर व गर्दन के दर्द से राहत मिलती है।

**शरीर की मजबूती के लिए करें धनुरासन**

बच्चे के शरीर में लचीलापन और मांसपेशियों में मजबूती के लिए उनसे धनुरासन का अभ्यास कराएं। इस आसन से बच्चे की कमर मजबूत होती है। पीठ व हाथ दर्द से राहत मिलती है। शारीरिक सक्रियता बढ़

**पद्मासन**

इस आसन को कमल मुद्रासन भी कहा जाता है। इस आसन के अभ्यास से मांसपेशियों का तनाव कम और दिमाग शांत रहता है। एक्टिव रहने के साथ ही दिमाग की सेहत में भी सुधार होता है। इस आसन से बच्चे को एक जगह ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। पद्मासन के लिए पालती मारकर बैठ जाएं और दोनों हाथों को घुटने पर रखकर आंखें बंद कर लें।ती है और लचीलापन आता है।

**सर्वांगासन**

एकाग्रता और फोकस में सुधार लाने के लिए नियमित सर्वांगासन का अभ्यास करना चाहिए। यह आसन शरीर के सभी चक्रों और अंगों को संलग्न करता है। दिमाग को शक्ति देने और स्वस्थ रखने के लिए इस योग का नियमित अभ्यास कर सकते हैं।

सर्वांगासन दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन को सुचारू रखता है और याददाश्त बढ़ाने में लाभकारी है।

इस आसन को करने के लिए सिर के बल खड़ा होना होता है, धीरे धीरे ही इसकी प्रैक्टिस बच्चों से करानी चाहिए।

**वज्रासन**

वज्रासन योग के अभ्यास के लिए घुटने पीछे की ओर मोड़कर बैठ जाएं। दोनों हाथ घुटने पर रखकर आंख बंद करके मन को शांत रखते हुए यह आसन करें। इस आसन से तनाव और गुस्सा कंट्रोल में रहता है। साथ ही मन शांत और एकाग्र रहता है।

**त्रिकोणासन**

यह आसन शरीर को स्ट्रेच करता है और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। लंबाई बढ़ाने के लिए लड़के और लड़कियां इस योगासन का नियमित अभ्यास करें। इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े होकर पैरों को फैलाएं। दाएं पैर को बाहर की ओर घुमाएं और हाथों को कंधे के स्तर पर फैलाएं। दाएं हाथ को नीचे की ओर झुकाएं और बाएं हाथ को ऊपर उठाएं। गर्दन को ऊपर की ओर रखें और कुछ सेकंड तक रुकें।

**भुजंगासन**

यह रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाता है और ऊपरी शरीर को मजबूत करता है।

इस आसन के अभ्यास के लिए पेट के बल लेटकर हाथों को कंधों के पास रखें। सांस लेते हुए शरीर के ऊपरी भाग को उठाएं और पीठ को पीछे की ओर झुकाएं। इस मुद्रा में 15-30 सेकंड तक रहें।

## इस वजह से बार-बार होती हैं बच्चे की आंखें लाल

बच्चों की आंखें बहुत नाजुक होती है, इसलिए उनकी सही देखभाल बहुत जरूरी होती है। खासकर के अगर आप बच्चा बहुत छोटा है और बार- बार आंखों को गंदे हाथों से छूता है तो आपको सतर्क होने की जरूरत है। इससे कई तरह के इंफेक्शन और बैक्टीरिया भी आंखों में जा सकते हैं और वो खराब भी हो सकती है। मेडिकल भाषा में इसे पिंक आई कहते हैं। आउए आपको बताते हैं, इसके लक्षण, कारण और घरेलू उपाय- पिंक आई होने के लक्षण : एक या दोनों आंखें लाल होना, आंखों में खुजली होना। दोनों आंखों में किरकिरापन महसूस होना। एक या दोनों आंखों से स्राव होना, जो रात के दौरान एक पपड़ी बना देता है।

आंखें फड़फड़ना, रोशनी के प्रति संवेदनशीलता, इत्यादि। आंखें लाल होने का सबसे बड़ा कारण एलर्जी हो सकती हैं, जो धूल, किसी प्रोडक्ट के इस्तेमाल से हो सकती है। इस दौरान आंखों से पानी भी खूब निकलता है। ऐसा होने पर बच्चे को तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इसे मेडिकल टर्म में होर्डियोलम कहा जाता है। वहीं आम भाषा में इसे अंजनहारी और गुहेरी नाम से भी जाना जाता है। ये पलक पर या पलक के अंदर की तरफ छोटा, लाल या पीला दाना होता है। इससे दर्द भी बहुत ज्यादा होता है। बिलनी आमतौर पर पलक के बालों की जड़ या पलक की ग्रंथि के जीवाणु (बैक्टीरिया) से संक्रमित होने की वजह से होती है। सूजन कम करने और बिलनी को ठीक करने के लिए बच्चे का आंखों में हल्की गर्म सिकाई करें।

## ईमानदार लकड़हारा



**कहानी**

एक समय की बात है. जंगल के पास एक लकड़हारा रहता था. वह जंगल में लकड़ी इकठ्ठा करता था और कुछ पैसों के लिए उन्हें पास के बाज़ार में बेचता था। एक दिन वह एक पेड़ काट रहा था, तभी गलती से उसकी कुल्हाड़ी पास बह रही नदी में गिर गई. नदी बहुत ज्यादा गहरी थी और तेजी से बह रही थी। लकड़हारे ने अपनी कुल्हाड़ी को ढूँढ़ने का बहुत प्रयत्न किया. लेकिन, उसे कुल्हाड़ी नहीं मिली. वह दुखी होकर नदी के किनारे बैठकर रोने लगा।

उसके रोने की आवाज सुनकर नदी के भगवान उठे और उस लकड़हारे से पूछा, क्या हुआ? लकड़हारा ने उन्हें अपनी दुखद कहानी बताई. नदी के भगवान को उस लकड़हारे के ऊपर दया आई और उसकी मेहनत और सच्चाई देखकर उसकी मदद करने की पेशकश की। वह नदी में गायब हो गए और एक सुनहरी कुल्हाड़ी के साथ प्रकट हुए, लेकिन लकड़हारे ने कहा कि यह उसकी कुल्हाड़ी नहीं है। वह फिर से गायब हो गए और अब की बार चांदी की कुल्हाड़ी लेकर वापस आये. लेकिन, इस बार भी लकड़हारे ने कहा कि यह कुल्हाड़ी भी उसकी नहीं है.

अब नदी के भगवान पानी में फिर से गायब हो गए और अब की बार वह एक लोहे की कुल्हाड़ी के साथ वापस आए. लकड़ी की कुल्हाड़ी देखकर लकड़हारा मुस्कुराया और कहा कि यह उसकी कुल्हाड़ी है. नदी के भगवान ने लकड़हारे की ईमानदारी से प्रभावित होकर उसे सोने और चांदी की दोनों कुल्हाड़ियाँ भेंट कर दी।

**शिक्षा**–ईमानदारी सर्वश्रेष्ठ नीति है.

## बच्चे को पेशाब न आने पर करें घरेलू उपाय

यदि आपके बच्चे को पेशाब नहीं आ रहा है, तो सबसे पहले आपको डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। लेकिन जब तक आप डॉक्टर के पास नहीं पहुंच पाते, तब तक आप घर पर कुछ उपाय आजमा सकते हैं-

**पानी की मात्रा बढ़ाएं-** यह सुनिश्चित करें कि बच्चा पर्याप्त पानी पी रहा है। अगर बच्चा कई घंटों तक पेशाब नहीं करता है, तो यह संकेत हो सकता है कि वह पर्याप्त पानी नहीं पी रहा है।

**नारियल पानी और पतला फलों का रस-** नारियल पानी और पतला फलों का रस बच्चे को हाइड्रेटेड रखने में मदद कर सकते हैं। यह बच्चों को तरोताजा रखने के साथ-साथ पेशाब की समस्या में भी सहायक हो सकता है।

**गर्म स्नान-** बच्चे को गर्म पानी से स्नान करने से मूत्राशय की मांसपेशियों को आराम मिलता है, और इससे पेशाब करना आसान हो सकता है। यह एक प्राकृतिक उपाय है जो बच्चे को आराम देने में सहायक हो सकता है।

## नवजात बच्चे क्यों होते हैं पीलिया के शिकार



बच्चों में पीलिया एक सामान्य समस्या है जो अक्सर जन्म के बाद कुछ दिनों में दिखने लगती है। हालांकि, इस बारे में घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि ज्यादातर बच्चों में यह 1-2 हफ्ते में ठीक हो जाता है। अगर पीलिया ज्यादा समय तक बना रहे तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। चलिए जानते हैं कि यह समस्या क्यों होती है और इसके कारण क्या हैं।

**नवजात शिशु को पीलिया क्यों होता है?**

नवजात शिशुओं में पीलिया होना आम बात है। डॉक्टर्स के अनुसार, 20 में से लगभग 16 बच्चों को पीलिया हो सकता है। यह एक प्रकार की लीवर से जुड़ी बीमारी है, जो अधिकतर बच्चों में जन्म के बाद कुछ समय तक देखी जाती है। कुछ बच्चे जन्म के समय ही पीलिया की चपेट में आ जाते हैं, जबकि दूसरों को कुछ दिनों बाद यह समस्या हो सकती है।

**पीलिया कौन सी बीमारी है?**

पीलिया एक लीवर से जुड़ी बीमारी है, जिसमें शरीर में बिलीरुबिन नामक पदार्थ का स्तर बढ़ जाता है। इस कारण आंखों और त्वचा का रंग पीला हो जाता है। बच्चों में यह समस्या विशेष रूप से जन्म के बाद देखी जाती है। छोटे बच्चों में यह समस्या अधिक पाई जाती है, खासकर उन बच्चों में जिनका लिवर पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ होता है।

**बच्चों में पीलिया के लक्षण**

**नवजात शिशुओं में पीलिया के कुछ प्रमुख लक्षण होते हैं-** चेहरे और आंखों का पीला रंग

नाखूनों का पीला होना

बच्चे की पेशाब का रंग पीला होना

उल्टी और दस्त होना

100 डिग्री से ज्यादा बुखार होना

**बच्चों में पीलिया होने के कारण**

पीलिया की मुख्य वजह है बच्चे का अविकसित लिवर। लिवर खून से बिलीरुबिन को साफ करता है, लेकिन जब लिवर ठीक से विकसित नहीं होता है तो यह बिलीरुबिन को फिल्टर करने में समस्या होती है, जिससे पीलिया हो जाता है। प्रीमेच्योर यानी समय से पहले जन्मे बच्चों में इस समस्या का खतरा ज्यादा रहता है। इसके अलावा, अगर बच्चे को पर्याप्त मातृ दूध नहीं मिल रहा हो या खून से जुड़ी कोई बीमारी हो, तो भी पीलिया हो सकता है।

**बच्चों में पीलिया का इलाज**

**डॉक्टर से सलाह लें-** अगर बच्चे में पीलिया के लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# बच्चे भी हो रहे हैं चिंता के शिकार



चिंता एक सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्या है जो सभी उम्र के लोगों, विशेषकर छोटे बच्चों को प्रभावित करती है। संवाद करने की उनकी सीमित क्षमता के कारण, छोटे बच्चों में चिंता का पता लगाना मुश्किल हो सकता है, लेकिन माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को संकेतों के बारे में जागरूक होना चाहिए और सही प्रकार की सहायता प्रदान करनी चाहिए।

बचपन में चिंता विकारों की विशेषता बच्चों में तीव्र, जिद्दी आचरण और उच्च भावनात्मक प्रतिक्रियाएं हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ (एनआईएमएच) द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, चिंता की समस्या हर आठ में से एक बच्चे को प्रभावित करती है। इससे यह तथ्य सामने आता है कि ऐसे मामलों में, माता-पिता की भागीदारी महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें अपने बच्चों को उनकी चिंतित भावनाओं को पहचानने और नियंत्रित करने में सहायता करनी चाहिए।

**बच्चों के तनाव के संकेत और लक्षण**

बच्चों में चिंता की समस्या का एक सामान्य लक्षण निरंतर भय या चिंता है। वे तब भी बीमार होने का दावा करने लगते हैं जब कोई स्पष्ट चिकित्सीय कारण नहीं होता। कई मामलों में, उन्हें नींद आने में कठिनाई और निर्णय लेने में कठिनाई का भी अनुभव होता है, यहां तक ??कि वे उन चीज़ों से भी दूर रहना शुरू कर देते हैं जिनका वे आनंद लेते थे।

**अन्य लक्षण जिन पर विचार किया जा सकता है वे हैं-**

-भावुक, उत्तेजित, या अत्यधिक संलग्न हो जाना।

-सोने में परेशानी होती है।

-रात के दौरान जागना।

-बिस्तर गीला करना।

- बुरे सपने का अनुभव करना।

-बार-बार सिरदर्द या पेट दर्द होता है।

**माता-पिता को स्थिति को कैसे संभालना चाहिए?**

धैर्यवान, सहानुभूतिपूर्ण और अच्छे संचारक बनकर, माता-पिता अपने बच्चों को कठिन समय से निपटने और उज्जवल भविष्य के लिए लचीलापन विकसित करने में मदद कर सकते हैं।

वे बच्चों को सरल विश्राम तकनीकें भी सिखा सकते हैं, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम या माइंडफुलनेस गतिविधियां, ताकि उन्हें चिंता उत्पन्न होने पर उससे निपटने में मदद मिल सके।

इसके अलावा, माता-पिता अपने बच्चों को अपनी समस्याओं को सकारात्मक रूप से देखने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाना, चाहे कितना भी मामूली क्यों न हो, उन्हें प्रेरित और ऊर्जावान बनाए रखने में मदद कर सकता है। माता-पिता को अपने बच्चों को ईमानदारी से अपनी भावनाओं को संप्रेषित करना सिखाना चाहिए। माता-पिता इन उपायों को लागू करके अपने बच्चों को वर्तमान में चिंता से निपटने में मदद कर सकते हैं, साथ ही उन्हें एक खुशहाल, स्वस्थ भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं।

# हीटवेव और अल्ट्रावायलेट किरणों से बच्चों को बचाने के उपाय



देशभर में गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। एक तरफ जहां यह मौसम बच्चों के लिए मस्ती, खेलकूद और स्कूल की छुट्टियों का समय होता है, वहीं दूसरी तरफ यह मौसम हीटवेव (लू) और अल्ट्रावायलेट किरणों जैसी खतरनाक समस्याएं भी लेकर आता है। अगर इस मौसम में बच्चों की सेहत पर ध्यान न दिया जाए तो यह उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। आइए जानते हैं कि हीटवेव और यूवी रेज बच्चों को कैसे नुकसान पहुंचाते हैं और किस तरह से हम उन्हें इनसे बचा सकते हैं।

**हीटवेव और यूवी रेज बच्चों के लिए खतरनाक क्यों होती हैं?**

गर्मियों के दौरान तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। जब बच्चे इस गर्मी में ज्यादा देर बाहर रहते हैं, तो उनका शरीर हीटवेव और यूवी रेज के संपर्क में आ जाता है। बच्चों का इम्यून सिस्टम यानी रोगों से लड़ने की ताकत बड़ों की तुलना में कमजोर होती है। इसलिए जब उनका शरीर ज्यादा तापमान झेलता है, तो उन्हें बीमारियों का खतरा जल्दी हो जाता है।

**बच्चों को सनबर्न और स्किन रैशेज की समस्या**

बच्चों की त्वचा बहुत नाजुक और संवेदनशील होती है। जब वो तेज धूप और यूवी रेज के सीधे संपर्क में आते हैं, तो उनकी त्वचा पर जलन, रैशेज, और घमौरियां होने लगती हैं। अगर बच्चा बिना सनस्क्रीन या किसी सुरक्षा के बाहर खेलता है, तो उसे सनबर्न हो सकता है। लंबे समय तक यूवी रेज के संपर्क में आने से आगे चलकर स्किन कैंसर का खतरा भी हो सकता है।

**हीट स्ट्रोक-सबसे गंभीर स्थिति**

दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच का समय सबसे ज्यादा गर्म होता है। अगर इस समय बच्चे बाहर खेलते हैं, तो उन्हें हीट स्ट्रोक हो सकता है। हीट स्ट्रोक में शरीर का तापमान 104°F (40°C) से ऊपर चला जाता है। इस स्थिति में बच्चे को तेज बुखार, सिर चकराना, उल्टी आना, बेहोशी या भ्रम जैसी दिक्कतें हो सकती हैं।

**डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी**

गर्मियों में बच्चे जब खेलते हैं, तो पसीना बहुत निकलता है और वो पानी पीना भूल जाते हैं। इससे शरीर में पानी और जरूरी मिनरल्स की कमी हो जाती है, जिसे डिहाइड्रेशन कहते हैं। डिहाइड्रेशन के कारण बच्चों को कमजोरी महसूस हो सकती है, सिरदर्द और चक्कर भी आ सकते हैं। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**बच्चों को हीटवेव और यूवी रेज से कैसे बचाएं?**

**दोपहर में बाहर खेलने से रोकें-** दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक का समय सबसे गर्म होता है। इस समय बच्चों को बाहर खेलने या धूप में जाने से बचाना चाहिए।

**बार-बार पानी पिलाएं-** बच्चे खेलते वक्त पानी पीना भूल जाते हैं, इसलिए पेरेंट्स को खुद ध्यान रखना होगा कि वो समय-समय पर पानी पिएं। नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ और इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स बच्चों को गर्मी से राहत देने में मदद करते हैं।

**सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें-** बच्चों को बाहर भेजने से पहले उनकी त्वचा पर कम से कम SPF 50 वाला सनस्क्रीन जरूर लगाएं। यह सनस्क्रीन उन्हें यूवी किरणों से बचाने में मदद करता है और त्वचा को सुरक्षित रखता है।

**सही कपड़े पहनाएं-** बच्चों को हल्के रंग के सूती कपड़े पहनाएं, ताकि गर्मी कम लगे। साथ ही चौड़ी किनारी वाली टोपी और प्रोटेक्टेड चश्मा भी पहनना जरूरी है। थोड़ी सी समझदारी और सावधानी अपनाकर हम बच्चों को हीटवेव और यूवी रेज के खतरों से बचा सकते हैं, ताकि वो अपनी गर्मी की छुट्टियों को सुरक्षित और मजेदार तरीके से बिता सकें।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

### दैनिक पंचांग लखनऊ
### शनिवार, 03 मई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे शुक्ल पक्षे षष्ठी तिथौ शनि वासरे 07/53/ पुनर्वसु नक्षत्रे 12/34/ शूल योग 25/41/ तैतिल करणे 07/53/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.06मि.37पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्री रामानुजाचार्य जयंती(उ.भारत) चंदन षष्ठी(बंगाल) श्री गंगा सप्तमी।

**मेष :** अच्छे सहयोगियों की तलाश रहेगी। परिजनो से मतभेद होंगे। मानसिक तनाव होगा। पूंजीनिवेश से धनागमन होगा।

**वृष :** एकाएक बनते हुए कार्यों में व्यवधान पैदा होंगे। अल्पलाभ का ग्लान रहेगा। कनिष्ठ सदस्यों के भविष्य की चिंता दौड़-भाग करा सकती है।

**मिथुन :** कार्य सिद्धि होगी। गंभीरतापूर्वक किसी मामले को जांच परख कर देखना जरुरी होगा। व्यापार में कुछ खराब असर भी रहेगा। यथेष्ट लाभ होगा।

**कर्क :** उत्तरदायित्व पूरे होंगे। महत्वपूर्ण कार्य समय से पूरे कर लें। कुछ अतिरिक्त समस्याएं बनी रहेंगी। कार्य सिद्धि का प्रसंग है। अपने प्रयास व्यर्थ न गवाएं।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या:** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** परिश्रम और धैर्य से अभीष्ट की सिद्धि होगी। व्यापार व्यवसाय में उतार-चढ़ाव का भय असमंजस की स्थिति देगा। कार्यों में रुकावटें आएंगी।

**वृश्चिक :** सम्मान का लाभ मिलेगा। देशाटन की स्थिति सुखद व लाभकारी होगी। आप जल क्षेत्र में जोखिम न उठाएं।

**धनु :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता रहेगी।

**मकर :** शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रयास सार्थक होगा। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** महत्वपूर्ण परिचय तथा मौखिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। स्वयं की आवश्यकताओं पर व्यय करेंगे। स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी।

### ट्रैक्टर ट्राली पर चोरों ने किया हाँथ साफ

**कोंच(जालौन)।** मामला उरई रोड स्थित कृपाल टाकीज पर खड़े महिंद्रा ट्रैक्टर 265 डी आई यू पी 92 के 8648 का है जिसे मुहल्ला गांधी नगर निवासी सुनील कुमार पुत्र नंद किशोर खड़ा करके रात्रि में आया था और जब सुबह पहुंचा तो ट्रैक्टर ट्राली मौके से नदारत मिली तब सुनील ने आस पास पूंछ तांछ करने के बाद पास में लगे सी सी टी बी कैमरा के फुटेज को देखा तो पता चला कि सुबह करीब 6 बजे चोर ट्राली ट्रैक्टर लेकर कैलिया वाईपास के रास्ते भागे हैं फुटेज मे दो अज्ञात व्यक्ति ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर ले जाते नजर आ रहे हैं सुनील ने उक्त के सम्बंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## खबर एक नज़र

### आकाशीय बिजली गिरने से बुजुर्ग चरवाहे और बकरी की मौके पर ही मौत



**उरई (जालौन)।** आज सुबह अचानक तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई और इसी दौरान चुर्खी गांव के जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से 60 वर्षीय बुजुर्ग चरवाहे और उसकी एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य बकरियाँ भी घायल हो गईं।

बताया जाता है कि ग्राम चुर्खी निवासी श्याम बाबू पुत्र छेदीलाल शुक्रवार सुबह अपनी बकरियों को लेकर गांव के पास स्थित जंगल की ओर गए थे। उसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए श्याम बाबू जंगल में खड़े एक महुआ के पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए। इसी समय आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी। बिजली चपेट में आकर श्याम बाबू और उनके साथ खड़ी एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। चुर्खी थाना प्रभारी शिव शंकर सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार को शासन द्वारा मिलने वाली प्राकृतिक आपदा राहत राशि के तहत मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जा रही है।

### आकाशीय बिजली गिरने से 400 केवी के ट्रांसफार्मर में खराबी

**जालौन।** शुक्रवार की सुबह आई तेज आंधी के साथ बारिश में नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी थी। आकाशीय बिजली गिरने से 400 के वी के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गयी। बारिश व आंधी के कारण आयी खराबी के कारण सुबह नौ बजे से अपरान्ह दो बजे बिजली आपूर्ति ठप रही। शुक्रवार की सुबह आठ बजे से अचानक मौसम में बदलाव होने लगा। सुबह सुबह अंधेरा छा गया और तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होने लगी। तेज कड़कड़ाहट के साथ बिजली चमकने लगी। आंधी व बारिश के चलते सुबह नौ बजे से पूर्व नगर की बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। मौसम साफहोने के बाद लगभग 11 बजे बिजली आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास किया गया। लेकिन उदोतपुरा बिजलीघर में ब्रेकडाउन होने से आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इसके साथ ही खुर्दी रोड पर उरगांव तिराहे पर रखे 400 केवी ट्रांसफार्मर पर बिजली गिरने वह खराब हो गया। बिजली विभाग के कर्मचारियों की मशक्कत के बाद नगर बिजली आपूर्ति लगभग पांच घंटे बाद अपरान्ह दो बजे बहाल हो सकी। लगातार पांच घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण जलापूर्ति भी ठप रही, जिससे लोगों को परेशानी हुई। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया ने बताया कि बिजली गिरने से खराब हुए ट्रांसफार्मर को ठीक किया जा रहा है। नगर की बिजली आपूर्ति दो बजे बहाल हो चुकी है।

### कुठौंद के महामाई मंदिर का 95.24 लाख रुपए से होगा कायाकल्प



उरई : यमुना किनारे स्थित महामाई मंदिर ।

**उरई(जालौन)।**पर्यटन विभाग की वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत परियोजनाएं स्वीकृत हुई है जिसमे जनपद जालौन के ब्लाक कुठौंद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजुआपार यमुना किनारे स्थित महामाई मंदिर परिसर का रु0 95.24 लाख स्वीकृत धनराशि से पर्यटन विकास कार्य किया जाएगा ।क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी झाँसी मण्डल झाँसी ने बताया कि जनपद जालौन में पर्यटन विभाग की वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत परियोजनाएं स्वीकृत हुई है जिसमे जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र माधौगढ़ के ग्राम पंचायत बिजुआपार ब्लाक कुठौंद यमुना किनारे स्थित महामाई मंदिर परिसर का पर्यटन विकास कार्य किया जाएगा जिसकी स्वीकृत धनराशि रु0 95.24 लाख है यह कार्य उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में यात्री हॉल, प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था एवं बोरिंग, पेड़ के चारो ओर चबूतरा, मंदिर परिसर में मारबल फर्स, रामलीला मंच, गजीबो, इंटरलॉकिंग टाईल्स, डस्टबिन, सैण्ड स्टोन बेंचेस, सोलर लाईट, म्यूरल एवं साईनेज आदि का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद जालौन में कालपी के पास प्राचीन पातालेश्वर मन्दिर का पर्यटन विकास कार्य किया जाएगा जिसकी स्वीकृत धनराशि रु0 95.24 लाख है यह कार्य उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में यात्री हॉल, प्रसाधन, पेयजल व्यवस्था एवं बोरिंग, कोटा पत्थर से मंदिर परिसर में फर्स, मन्दिर परिसर में मार्बल फर्स, इंटरलॉकिंग, डस्टबिन, सैण्ड स्टोन बेंचेस, सोलर लाईट, म्यूरल एवं साइनेज आदि का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त परियोजनाओं के पूर्ण होने पर प्रदेश में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओ में विकास के साथ-साथ पर्यटको के आवागमन में बढ़ोत्तरी होगी।

### आज तहसील महरौनी में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सुनेंगे जनशिकायतें

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज तहसील महरौनी में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे, इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा, जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना की दी गई जानकारी

**ललितपुर।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा ग्राम मिर्चवारा में घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण बैच के दौरान अग्रणी जिला प्रबन्धक रंजीत कुमार द्वारा भ्रमण किया गया जिसमें उनके द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना की जानकारी देते हुये प्रशिक्षार्थियों को इस योजना का लाभ लेकर स्व-रोजगार की ओर प्रेरित करने का कार्य किया गया। उन्होने विधिवत जानकारी देते हुये कहा कि इस योजना में ब्याज मुक्त ऋण उपरांत सब्सिडी का लाभ पाकर अधिक से अधिक युवा लाभान्वित होकर अपना उद्यम शुरू कर सकते हैं। इस योजना में 21 से 40 वर्ष के युवा ऑनलाईन आवेदन कर सकते है इस योजना में प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र की भी आवश्यकता होती है। आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त युवा इस योजना का लाभ अवश्य उठाये तथा उद्यमिता के क्षेत्र मे आगे बढ़े। अगर आवेदक को ऋण प्राप्ति में किसी भी प्रकार की कोई बाधा आती है तो निसंकोच अग्रणी जिला कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## गौशाला के कमीशन को लेकर प्रधान व सचिव में तू-तू मैं-मैं, वीडियो हुआ वायरल



रामपुरा : ब्लाक कार्यालय रामपुरा ।

**रामपुरा (जालौन)।** विकास खण्ड रामपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मानपुरा में गौशाला की चौक काटने को लेकर प्रधान व सचिव में कमीशन को लेकर बहस हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वारयल हो गया।

विकास खण्ड रामपुरा की ग्राम पंचायत मानपुरा में सचिव के पद पर तैनात सचिव केशवकान्त त्रिपाठी का गौशाला की चौक काटने व कमीशन को लेकर ग्राम प्रधान इंद्रजीत सिंह से बहस हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में सचिव गौशाला की चौक काटने से पहले ग्राम प्रधान से अपना कमीशन देने की बात कर रहा हैं। जिसको लेकर ग्राम प्रधान सचिव से पहले गौशाला के भुगतान की चौक काटने को लेकर दवाब दे रहा हैं। पूरा मामला विकास खण्ड कार्यालय रामपुरा का हैं। सचिव व प्रधान के कमीशन की जुगलबंदी को किसी व्यक्ति के द्वारा मोबाइल में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया हैं। जिसके बाद सचिव व प्रधान कुछ भी कहने से कतरा रहे

### सचिव केशवकांत त्रिपाठी पर पहले भी लग चुके आरोप

सचिव केशवकांत त्रिपाठी पूर्व में भी ग्राम पंचायत जाजेपुरा में मनरेगा फंड के दुरुपयोग के मामले में जांच के दायरे में आ चुके हैं। एक बार फिर उनके ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगना उनके कार्य व्यवहार पर गहरी चिंता उत्पन्न करता है। ग्राम पंचायत की ग्रामीणों में भी सचिव के व्यवहार से काफी आक्रोश नजर आया है सभी संबंधित पक्षों की कॉल डिटेल, बैंकिंग लेनदेन और स्थल सत्यापन कराने की मांग की गई है।

### शासनऔरप्रशासन की छवि को गहरा आघात

योगी सरकार की ष्जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शनष् नीति की पृष्ठभूमि में यह मामला शासन की छवि को गहरा आघात पहुँचा रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे न केवल पंचायत व्यवस्था की साख प्रभावित होगी, बल्कि जनकल्याण योजनाओं पर भी जनता का भरोसा टूट सकता है।इस वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद उच्चाधिकारियों की सक्रियता की संभावना जताई जा रही हैं।

## जिलाधिकारी ने कियाशासकीय कार्यालयों औचक निरीक्षण, 48 कर्मचारी मिले अनुपस्थित,



उरई : प्रांतीय खंड का निरीक्षण करते डीएमराजेश पाण्डेय ।

**-जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता प्रथम निरीक्षण मिले नदारत'**

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सुबह 10रू10 बजे जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण में 48 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनका एक दिन का वेतन रोकते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

जिलाधिकारी सबसे पहले प्रांतीय खंड कार्यालय पहुँचे, जहाँ 09 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। लोक निर्माण विभाग प्रथम में 11, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित 11 कर्मचारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 02, नगर पालिका परिषद उरई में अधिशासी अधिकारी सहित राम अचल कुरील समेत 08, तथा विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय उरई में अधिशासी अभियंता जितेंद्र नाथ सहित 07 कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए।

प्रांतीय खंड कार्यालय में टूटी हुई कुर्सियाँ, गंदगी और सामान के अनुचित रखरखाव पर नाराज़गी जताते हुए जिलाधिकारी ने साफ सफाई, रंगाई पुताई और समुचित रखरखाव के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद उरई में स्थापित डेडीकेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर की समीक्षा के दौरान शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया संतोषजनक नहीं पाई गई। तैनात कर्मचारी कोई स्पष्ट विवरण नहीं दिखा सके। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण हेतु एक रजिस्टर बनाया जाए, जिसमें शिकायतकर्ता का नाम, समय, दिनांक एवं निस्तारण की स्थिति का विवरण दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रातः 10 से 12 बजे तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और इस अवधि में जनता की शिकायतों का समाधान करें।

## बालिका इंटर कॉलेज कानिरीक्षण कियापालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी ने

**कालपी(जालौन)।** मंगलवार को नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज कालपी का पालिकाध्यक्ष तथा अधिशाषी अधिकारी के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा विद्यालय के परिसर को सुंदर बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

शुक्रवार नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव ने अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ औचक तरीके से विद्यालय में पहुंचे उन्होंने घूम-घूमकर सभी कमरों का निरीक्षण किया तथा अध्ययनरत छात्राओं की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्या कंचन यादव द्वारा अवगत कराया कि बाउंड्री से तमाम बंदर अंदर घुस जाते हैं जो अध्यनरत छात्राओ के सामानों तथा स्कूल को नुकसान पहुंचाते रहते हैं इसी प्रकार विद्यालय के लिपिकों तथा कर्मचारियों ने लिपिकीय कार्यालय की चटकी छत को देखकर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने लिपिक शिशुपाल यादव पप्पी को निर्देशित किया कि लिपिकीय कार्यालय के कमरो की मरम्मत कराकर सुंदरीकरण कराया जाए। इसी प्रकार छात्राओं के पढ़ाई वाले कक्षो में बंदरों से बचाव के लिए जाली स्थापित करने की योजना तैयार की जाए।



उरई : कॉलेज का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष तथा अधिशाषी अधिकारी ।

पालिकाध्यक्ष ने शिक्षकाओ तथा कर्मचारियों को भरोसा दिया कि विद्यालय के सुंदरीकरण के लिए पालिका प्रशासन के द्वारा उचित प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय की छात्राओं की पढ़ाई के लिए शिक्षा की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जाए।

इसी क्रम में उन्होंने छात्राओं को मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि नारी शिक्षा के उत्थान के लिए पालिका के द्वारा पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ व पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### सट्टेबाज को चौकी पुलिस ने पकड़ा

जालौन। तकिया मैदान के पास सट्टे के नंबर लिख रहे युवक को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सूचना मिली कि मोहल्ला चिमनदुबे में तकिया मैदान के पास एक युवक 10 रुपये लगाने पर 900 रुपये मिलने का लालच देकर लोगों से रुपये लेकर सट्टे के नंबर लिख रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने अफसर निवासी चिमनदुबे को सट्टे के नंबर लिखते हुए पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से 810 रुपये नकद, डायरी, पेन व सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्चियां बरामद की हैं। पुलिस ने रिपोर्ट आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## तीन दिन मौसम खराब रहने के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज एलर्ट'

**अपर जिलाधिकारी ने बताये बचाव के उपाय**



**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जानकारी दी गई है कि भारत सरकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रलय भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा 5 माई तक चेतावनी जारी की गई है, जिसमें मेघ गर्जन और वज्रपात और ताडित झंझावत झौंकेदार हवाओं के प्रभाव आधारित वर्षा का पूर्वअनुमान हैं, जिसमें कुछ स्थानों पर वर्षा गरज चमक के साथ बौछारें पढ़ने के साथ तेज सतई हवा चलने की संभावना है जिसमें जनपद को मौसम विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा आम जनता से अपील की जा रही है कि तीन दिवस सतर्क रहे, घर के अंदर रहे, खिडकियां और दरवाजे बंद कर रखें और अगर संभव हो तो यात्रा न करें, बिजली और इलेक्टॉनिक उपकरणों का उपयोग न करें, वाहन चलाते समय सावधानी रखें सुरक्षित आश्रय लें, पेड़ों के नीचे आश्रय न लें, कंक्रीट के फर्श पर न लेटे, कंक्रीट की दीवारों से न टिके, जल स्रोतों से तुरंत बाहर निकले और बिजली का संचालन करने वाली सभी वस्तुओं से दूर रहें। इसके साथ ही खुले स्थान पर लोगों, मवेशियों और वन्य जीवों को सुरक्षित स्थान पर रखें, विद्युत व्यवस्था में व्यवधान भी हो सकता है, यातायात प्रवाह में व्यवधान हो सकता है, प्रॉपर्टी को नुकसान भी हो सकता है, फसलों को भी नुकसान हो सकता है, अतः आप सभी अपने घरों में ही रहे और सुरक्षित रहें।

## जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिन्ता व्यक्त की जनप्रतिनिधियों ने

**- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मेंनियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश**





उरई : सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते सांसद नारायण दास अहिरवार ।

**उरई(जालौन)।** विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद नारायण दास अहिरवार ने की। इस दौरान जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश हेतु अपने विचार रखे। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि शहर के चौराहों पर खराब ट्रैफिक सिग्नलों को शीघ्र सुधारा जाए और बिना हेलमेट एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित करने की मांग की कि बिना हेलमेट वाले लोगों को पेट्रोल न दें। झाँसी चुंगी के पास बने गड्ढों की मरम्मत की ओर भी उन्होंने ध्यान आकृष्ट किया।

माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन ने सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाने और नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही सड़कों पर यातायात में बाधक झाड़ियाँ की सफ़ाई और अवैध कट को बंद किए जाने की बात कही गई कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और यातायात संकेतक चिन्ह लगाए जाने का सुझाव दिया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा की और अतिक्रमण हटाने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तथा स्कूलों में बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना हेलमेट, रॉन्ग साइड, शराब के नशे में व ओवरस्पीडिंग करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की बात भी कही।

बैठक में उपस्थित नगर पालिका कालपी, जालौन कोंच और उरई के नगर पालिका अध्यक्ष और सभी नगर पंचायत के सभी अध्यक्ष द्वारा भी अपने सुझाव दिए गए । उल्लेखनीय है की उक्त संसद सड़क सुरक्षा समिति की मीटिंग प्रत्येक तीन माह में की जाती है । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह, एआरटीओ सुरेश कुमार, राजेश कुमार वर्मा प्रवर्तन, सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व चिकित्सकों के साथ की बैठक

**संस्थागत प्रसव की बढ़ोत्तरी के लिए सीएचसी और पीएचसी के साथ सभी चिकित्सा इकाइयों पर भी प्रसव की आवश्यक तैयारिया की जाए**

**नियमित टीकाकरण से कोई भी बच्चा वंचित न रहने पाए-डीएम**

**जरूरतमंदों को उचित दर पर दवाएं मुहैया कराने के लिए जनपद में 7 जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे**





**ललितपुर।** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलैक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में जरुरतमंदों को उचित दर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए 7 जन औषधि केन्द्रों की स्वीकृति मिल गई है, जिसके सम्बंध में कार्यवाही प्रचलित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभ्भी जनऔषधि केन्द्र क्रियाशील होकर जनपद के जरुरतमंदों को सेवाएं प्रदान करें, उन्होंने जनपद की चिकित्सा इकाईयों पर उपलब्ध सेवाओं की समीक्षा करते हुए जनपद स्तर पर प्रथम तिमाही की गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन अत्यधिक कम होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं जिम्मदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये, उन्होंने उपकेन्द्र स्तर की प्रसव इकाईयों को बढ़ाने एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ाने हेतु आयुर्वेदिक एवं अनाधिकृत इकाईयों का चिन्हींकरण करने के साथ ही टीकाकरण हेतु छूटे हुए बच्चों को पूर्ण प्रतिरक्षण करने के निर्देश दिये, संक्रामक रोगों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संक्रामक रोग एवं किसी महामारी से बचने एवं लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग व अन्य सम्बंधित विभागों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, साथ ही लोगों में बढ़ रहे हायपरटेशन एवं डायबिटीज की बीमारी के न्यूनीकरण हेतु लक्षणयुक्त मरीजों को चिन्हित कर रणनीति बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिला पंचायती राज अधिकारी को ग्राम-वार साफ सफाई की व्यवस्था, जलभराव को दूर करने हेतु निर्देश दिये। समस्त अध्यापकों को स्कूलों में हाथ धोने के महत्व, स्वच्छता एवं स्वच्छ पानी पीने के लाभ को प्रार्थना के पश्चात बच्चों को प्रतिदिन बताने एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषण पुर्नवास केन्द्रों पर अति कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कम उपलब्धि वाली आशायें एवं जो एएनएम टीकाकरण, एएनसी एवं संस्थागत प्रसव कराने में रूचि नहीं ले रही हैं उनके विरूद्ध दंण्डात्मक कार्यवाहीध्सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाए, वीएचएनडी सत्रों का अनुश्रवण विभिन्न विभागों द्वारा कराये जाने एवं आगामी बैठक में समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी को विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, समस्त एमओआईसी, चिकित्सा अधिकारी व जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल उपस्थित रहे।

### किशोरी लापता, झूला चलाने वाले युवक पर भगा ले जाने का आरोप'

**कोंच(जालौन)।** कोंच कोतवाली में 14 वर्षीय अवयस्क किशोरी को एक युवक द्वारा बरगला कर भगा ले जाने व किसी अनहोनी की आशंका से संबंधित अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

जनपद जालौन की कोंच कोतवाली अंतर्गत एक व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया दिनांक 27 अप्रैल 2025 से उसकी 14 वर्षीय बहन लापता है जिसे काफी खोजा लेकिन पता नहीं चल सका । लापता किशोरी के कपड़ों में विष्णु नामक एक युवक का फोटो मिला है जो कोंच प्रदर्शनी में झूला चलाने का काम करता था। एवं उसका मोबाइल नंबर भी मिला है । लापता किशोरी के भाई ने अपनी बहन के साथ किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए विष्णु नामक युवक पर बहन को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। कोंच कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लापता किशोरी की खोज शुरू कर दी है।



स्वतंत्र भारत

कानपुर शनिवार, 3 मई 2025 9

(चित्रकूट/हमीरपुर/अतर्रा/महोबा)

# बांदा

बुन्देलखण्ड समाचार




## ऋण आवेदन के निस्तारण में न बरतें लापरवाही-रीभा

■ आयोजित बैठक में डीएम ने बैंक कर्मियों को दी नसीहत

■ शिकायत मिलने पर कार्यवाही की दी चेतावनी



बांदा : बैठक को संबोधित करती जिलाधिकारी ।

**बाँदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। जहां डीएम ने निर्देश देते हुए बैंक कर्मियों को हिदायत दी है कि ऋण से संबंधित जितने भी आवेदन है, उनका समय से निस्तारण कराएं। निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। शिकायत के मिलने पर वह तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक के शाखा प्रबन्धकों एवं प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं एनआरएलएम समूहों के बैंको में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैकर्स को निर्देश दिये कि सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त ऋण हेतु आवेदन हेतु पायी जाने वाली कमियों को सम्बन्धित आवेदकों को सूचित करते हुए उनसे पूर्ण करायें। उन्होंने ओडीओपी योजना एवं एग्री जंक्शन स्कीम के तहत किसानों को ऋण दिये जाने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत 21 से 40 वर्ष तक के 8वीं उत्तीर्ण आवेदक एमएसएमई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर, बैंको से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे आवेदकों के बैंको में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के खातों को प्राथमिकता पर खोले जाने तथा समूहों को सीसीएल के आवेदनों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित बैंक शाखा के प्रबन्धकों को दिये। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिये कि जिन बैंको का सीडी रेसियो कम है, उसको बढाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों का एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश बैंक प्रतिनिधियों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, लीड बैंक मैनेजर, मुख्य कोषाधिकारी सहित उप निदेशक कृषि, जीएम डीआईसी एवं सम्बन्धित योजनाओं के अधिकारीगण तथा बैंकर्स उपस्थित रहे।

## एक महिला के साथ हुई टप्पे बाजी खुलासा करने के लिए पुलिस की दो टीम गठित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** आज दिन गुरुवार को एक महिला शांति पत्नी शिवकुमार गुप्ता उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी हिंदू इंटर कॉलेज के सामने बांदा रोड अतर्रा बबेरू बस स्टैंड के पास बैठी थी तभी दो युवक आए और शांति पत्नी शिवकुमार गुप्ता के कानों के कुंडल तथा गले का लॉकेट उतारकर लेकर चले गए। मगर यह सोचना जरूर पड़ेगा की दिन दहाड़े बाजार के अंदर ऐसी घटना कैसे हो गई पहुंचने को मजबूर कर रहा है कि पीड़ित महिला कैसे उन दोनों लड़कों को अपने कानों के एवं गले के लॉकेट को उतार कर कैसे दे दिया। थाना अध्यक्ष आनंद कुमार से दूरभाष पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि दो टीम में गठित की गई है उक्त घटना के खुलासा करने के लिए तथा अगर वास्तव में घटना हुई है तो पुलिस को जल्द खुलासा करना चाहिए जिससे घटना करने वाले दूसरे के साथ घटना करने के पहले सौ बार सोचे।

## रक्तदान कर सिपाही ने टाला अनाथ का संकट



बांदा : रक्तदान करता आरक्षी सूर्य प्रताप जादौन ।

■ अचानक ब्लड के कम होने से बिगड़ी किशोर की हालत

बांदा। अचानक ब्लड की कमी होने के चलते अनाथ बच्चे की हालत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने डायलिसिस करने से इन्कार कर दिया। ब्लड बैंक के पीआरओ तथा पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी ने दूसरी बार अनाथ बच्चे को रक्तदान करते हुए उसकी जिंदगी बचाई है।

गौरतलब हो कि हमीरपुर जनपद के सिसोलर गांव निवासी अमन कुमार के पिता की कई साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। पिता की मौत के बाद वह अपने ननिहाल सिसोलर में मामा दिलीप के साथ रह रहा है। मां मालती जन्म से गूंगी रही है। विगत माह ब्रेन हैमरेज होने के चलते मां की भी मौत हो चुकी है। अमन के जन्म से एक किडनी नही है। एक ही किडनी के भरोसे उसके जीवन की गाड़ी चल रही है। दूसरी किडनी भी पूरी तरह से डैमेज है। पुलिस महकमे के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी अमन का बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे है। उपचार के साथ-साथ अमन की मदद में तत्कालीन एसपी अंकुर अग्रवाल परछाई बनकर खड़े हुए है। मां मालती की मौत के बाद दाह संस्कार भी एसपी ने अपने खर्च से करवाया था। तेरहवीं संस्कार में भी जनपद के थाना प्रभारियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया था। बता दें कि अमन को इलाज के लिए पीजीआई भिजवाया था। जहां उसका उपचार चल रहा है। इधर गुरुवार को ब्लड की जांच की गई तो अमन के शरीर में कुल पांच ही प्वाइंट ब्लड निकला। जिस पर डायलिसिस करने से चिकित्सकों ने इन्कार कर दिया। इधर डायलिसिस न होने के कारण उसकी हालत भी बिगड़ने लगी। इधर ब्लड बैंक में तैनात पीआरओ प्रमोद कुमार द्विवेदी ने तत्काल एक यूनिट ब्लड का इंतजाम कराया। वहीं प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्रा को जब इस बात की भनक लगी तब उन्होंने आरक्षी सूर्य प्रताप जादौन से संपर्क करते हुए उसे रक्तदान के लिए प्रेरित किया। आरक्षी ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। तत्पश्चात अमन के शरीर में ब्लड चढ़ने की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकी। ज्ञात हो कि पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बदौलत आज अनाथ अमन की जिंदगी सलामत है। बांदा पुलिस के अलावा प्रशासनिक अधिकारी अनाथ बच्चे की बढ़-चढ़कर मदद कर रहे है। पुलिस परिवार द्वारा अनाथ अमन को कई यूनिट ब्लड का इंतजाम कराया जा चुका है। आरक्षी सूर्य प्रताप जादौन ने दूसरी बार रक्तदान कर अमन की जिंदगी का संकट टाला है। रक्त की व्यवस्था होने के बाद चिकित्सकों के द्वारा अमन की डायलिसिस की प्रक्रिया प्रारंभ की।

## खबर एक नज़र

### तमंचे के साथ पकड़ा गया बिल्लू बिल्लर



■ थाना मटौंध क्षेत्र के मरौली गांव का रहने वाला है बिल्लू

■ अभियान के दौरान तमंचे के साथ पांच गिरफ्तार

**बांदा।** मटौंध पुलिस ने शातिर अपराधी बिल्लू बिल्लर को पकड़ा है। जिसके कब्जे से तमंचा तथा कारतूस बरामद हुए है। वहीं अभियान के दौरान अन्य चार भी तमंचे के साथ गिरफ्तार किए गए है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के संग्रहण, बिक्री व निर्माण करने वालों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 05 अभियुक्तों को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना कमासिन व बिसण्डा पुलिस द्वारा 02-02 अभियुक्त तथा थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाना कमासिन पुलिस द्वारा अभियुक्त राजेश सिंह पुत्र रामबाबू सिंह निवासी साड़ा सानी थाना कमासिन, दीपक सिंह पुत्र बचान सिंह निवासी साड़ा सानी थाना कमासिन को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा अभियुक्त सलीम पुत्र मुन्ना खां निवासी उमरहनी थाना बबेरु, कुलदीप उर्फ राजू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी जरोहरा थाना बिसण्डा को गिरफ्तार किया है।

इसी तरह थाना मटौन्ध पुलिस द्वारा अभियुक्त दिनेश साहू उर्फ बिल्लू बिल्लर पुत्र बैजनाथ साहू निवासी मरौली थाना मटौन्ध को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष संदीप पटेल ने बताया कि अभियुक्त बिल्लू बिल्लर शातिर किस्म का अपराधी है। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। लेकिन सटीक सूचना पर उसे

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को

**हमीरपुर।** महेन्द्र कुमार पाण्डेय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर द्वारा बताया गया कि 10 मई दिन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, पुलिस चालानी वादए लघु आपराधिक वाद, अन्तिम रिपोर्ट, 138 एनआईएक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादए वैवाहिक वाद, भरण.पोषण वाद, श्रम वाद, विक्रय कर एवं आयकर सम्बन्धी वादए सिविल वाद, किरायेदारी से सम्बन्धित वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, उत्तराधिकार वाद, विद्युत अधिनियम वाद, आरटीओ चालानी वाद, नगर पालिका से सम्बन्धित वाद, बांटमाप संबंधी वाद, रेलवे से सम्बन्धी वाद, वन विभाग से सम्बन्धित वाद, नहर विभाग से संबधित वाद, सेवा एवं पेंशन सम्बन्धी मामले, प्राकृतिक आपदा एवं क्षतिपूर्ति संबंधी मामले, मनोरंजन विभाग संबंधी मामले तथा आरबीट्रेशन के मामले अगामी लोक अदालत में निस्तारित कराये जा सकते है। इस अवसर का लाभ उठाते हुये लोक अदालत को सफल बनाये।

## प्राकृतिक खेती के लिए चयनित किए गए क्लस्टर्स

**बांदा।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये संचालित भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना ''नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग'' पूरे देश में चलायी जा रही है। परियोजना के तहत उप कृषि निदेशक द्वारा जनपद में प्राकृतिक खेती के 75 क्लस्टर्स चयनित किये गये। क्लस्टर्स में सम्मिलित कृषकों के प्रक्षेत्र पर प्राकृतिक खेती की तकनीकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इन कृषकों को प्राकृतिक खेती की जानकारी उपलब्ध कराने के लिये उन्हीं के गांव की एक प्रगतिशील महिला कृषक को एन0आर0एल0एम0 द्वारा कृषि सखी के रूप में चयनित किया गया है एवं कृषि विभाग द्वारा एक कृषक को चौम्पियन फार्मर के रूप में चिन्हित किया गया है। इन चयनित कृषि सखियों एवं चौम्पियन फार्मरस का पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र पर 30 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित किया जा रहा है। शुभारम्भ के अवसर पर सह निदेशक प्रसार डा0 नरेन्द्र सिंह एवं डा0 आनन्द कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक तथा केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 श्याम सिंह उपस्थित रहे।

## बिना हेलमेट के नहीं होगी कार्यालय में एंट्री

■ चेकिंग के साथ एडीशनल एसपी ने मातहतों की दी हिदायत

■ नियमों का पालन न करने पर कार्यवाही की दी चेतावनी



बांदा : चेकिंग करते एडीशनल एसपी ।

**बांदा।** पुलिस कार्यालय में बिना हेलमेट के किसी भी कर्मी की एंट्री नहीं होगी। अगर बिना हेलमेट के कोई कर्मचारी कार्यालय में प्रवेश करते पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध अधिकारियों के द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाएगी। शुक्रवार को एडीशनल एसपी ने खुद अपनी मौजूदगी में आने-जाने वाले वाहनों को चेक किया। साथ ही मातहतों को बिना हेलमेट के कार्यालय में न आने की सलाह भी दी है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में यातायात जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियान क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वाले पुलिसकर्मियों पर कर्मियों पर कार्यवाही की गई।

शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप के साथ पुलिस कार्यालय गेट पर ही कार्यालय आने वाले पुलिस कर्मियों को चेक किया जो भी पुलिसकर्मी बिना हेलमेट दोपहिया वाहन से कार्यालय आये उन सभी के चालान हेतु यातायात निरीक्षक को निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। उन्होने कहा कि बांदा पुलिस लोगों को यातायात नियमों का पालन करने लिए जागरुक कर रही है ऐसे में सभी पुलिकर्मियों का यह नैतिक दायित्व भी है कि वे यातायात नियमों का पालन कर एक उदाहरण प्रस्तुत करें। एडीशनल एसपी शिवराज ने बताया कि बिना हेलमेट के कार्यालय के अंदर किसी को प्रवेश नही दिया जाएगा। अगर कोई बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते मिला तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाएगी। कहा कि निगरानी के लिए यातायात पुलिस को भी तैनात किया गया है।

## तेज धूप, भीषण गर्मी होने के बावजूद भी जानवरों के पीने के लिए नहर में नहीं पानी

**अतर्रा बांदा** । केन कैनाल नहर में एक बूंद पानी नहीं देखा जा सकता जबकि पड रही भीषण गर्मी में एक.एक बूंद पानी के लिए जानवर भटक रहे हैं पानी की आस में कई किलोमीटर दूर तक अन्ना जानवर विचरण करते हैं। जानकारी के अनुसार अतर्रा नगर की बड़ी नहर मैं सूखा पड़ा हुआ है ना तो पशु पक्षियों को पीने के लिए जिला प्रशासन की तरफसे किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की गई है और ना ही केन कैनाल नहर में पानी दिख रहा है ऐसी स्थिति में आए दिन दर्जनों पशुओं की मृत्यु पानी प्यास के कारण होने की संभावना है। जबकि गर्मी के माह में केन कैनाल द्वारा इस मई के महीने में नहर में पानी प्रत्येक वर्ष थोड़ा बहुत छोड़ दिया जाता था जिससे नहर के अलावा खेतों तालाबों में पानी के भराव हो जाता था जिससे पशु पक्षियों की प्यास बुझ जाती थी मगर इस वर्ष अभी तक पानी की कोई व्यवस्था अन्ना जानवरों के लिए नहीं की गई है।

### लोक कल्याणी कार्य है चकबन्दी- डीएम

**चित्रकूट ब्यूरो:** चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला उपसंचालक चकबंदी अधिकारी व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि भू-चित्र पुनरीक्षण अंतर्गत 14 ग्रामों में चकबंदी के धारा सात के स्तर का कार्य प्रारंभ हो गया है। ग्राम औदहा, दरसेडा एवं भादेहड बांगर में जन विरोध के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी तथा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि इन गांवों में बैठक कर ग्रामीणों के साथ सहमति बनाकर चकबंदी कार्य प्रारंभ कराए। डीएम ने कहा कि जनपद में प्रथम चक्र की चकबंदी प्रारंभ हुई है और चकबंदी कार्य एक लोक कल्याणकारी कार्य है, जिसके अंतर्गत ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया संक्षिप्त एवं सरल तरीके से संपन्न कराई गई है। इसी प्रकार धारा आठ पड़ताल के स्तर पर कुल छह ग्राम है। जिसमें पांच ग्रामों में पड़ताल का कार्य चल रहा है। बैठक में ग्राम गढ़वाड़ा में चकबंदी कर्ता ने बताया कि जन विरोध के कारण पड़ताल का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर भी बैठक कर कार्य प्रारंभ किया जाए। ग्राम टेढ़ा बुजुर्ग, ऐचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा महरुच में चकबंदी टीम द्वारा कब्जा परिवर्तन कराया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण किसानों ने ग्राम में कब्जा परिवर्तन का कार्य समय से कराने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में उपस्थित रहकर कब्जा परिवर्तन का कार्य कराए, जिससे कब्जा परिवर्तन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसान चकबंदी कार्यों को पूरा कराए। इस मौके पर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र द्विवेदी, संजय शुक्ला, शरदचंद्र यादव, सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, श्यामलाल, मुन्नालाल, कल्लू सहित सम्बन्धित अधिकाी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## जातीय गणना से गरीबों वंचितों का होगा भला : विधायक

**सुमेरपुर-हमीरपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के ब्लांक कार्यालय का उद्घाटन सदर विधायक ने शुक्रवार को फीता काटकर करते हुए कहा कि 1931 से देश में जातीय गणना का कार्य रुका हुआ था। प्रधानमंत्री ने इसको शुरू करने की अनुमति देकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसका लाभ गरीबों वंचितों को मिलेगा। सुमेरपुर कस्बे के प्रकाश लाज में ग्रापए के ब्लांक कार्यालय का शुभारंभ करते हुए सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। दबे कुचलों की आवाज उठाकर पत्रकार गरीबों को न्याय दिलाने का कार्य करते हैं। यह बहुत ही जोखिम भरा कार्य है। उन्होंने कहा कि आजादी के पूर्व देश में जातीय गणना का मसौदा 1931 में तैयार किया गया था।

आजादी के बाद कांग्रेस में इस कार्य को नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री ने जातीय गणना को हरी झंडी देकर दबे कुचले गरीबों वंचितों को हक दिलाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह काबिले तारीफहै। उद्घाटन के दौरान ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शकुंतला निषाद मौजूद रहीं। ग्रापए के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि ग्रापए पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करता है और आगे भी करता रहेगा। संचालन मंडलीय उपाध्यक्ष मुनीर खान ने किया। जिला महासचिव नंदकिशोर यादव ने सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर संतोष चक्रवर्ती, जीतेंद्र कुमार यादव, हिमांशु गुप्ता गोलू, हरीशराज चक्रवर्ती, अरविंद श्रीवास्तव, दीपक यादव, अरविंद यादव, रामलखन, नरेंद्र सिंह पाल, अरविंद प्रताप सिंह, उदयभान यादव आदि मौजूद रहे।

## जल संकट से जूझता मानिकपुर नगर पंचायत, जल जीवन मिशन पर गढ़ता आरोप



**मानिकपुर, चित्रकूट:** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे परियोजना, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक में नल से साफ पानी उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में प्रतिदिन पेयजल की अनवरत आपूर्ति की जाती है, इसके बावजूद कुछ लोग इसके विरोध में जनता को जानकारी दे रहे है।

सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत जनपद के अगरहुंडा, लौढ़ीया माफी, बटखुरा, गहोराखास, उडकीमाफी, चरदहा, अरवारा, मदना, गढ़ीकला, हनुवा, सेमरदहा, बसवानपुर, चंद्रामारा, रामपुरिया, बारहमाफी, करौंहा ,सरहट, पटा, चिटघाटी, नागर, शेखापुर, कल्याणपुर, ऐल्हाबढ़ैया, मऊ, गुरदारी, पड़ा, गिदुरहा, रानीपुर, कुबरी, दभावर, स्क्रौंहा, जिगनबाह, बगदरी, हेला, उमरी, जारोमाफी, मानिकपुर, रूरल, चूल्ही, कीहुनियां, जारोमाफी, भेंड़ा, मारकुंडी, चक अमचूर में पानी की आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जा रही है। इन ग्राम पंचायतों के अलावा रामपुर, चुरेहै केशरुआ, छेरिहा खुर्द टिकरिया, इटावा, बबिहा, डोडामाफी में कमीशनिंग का कार्य लगातार युद्धस्तर में चालू है। ये ऐसी योजना है जिसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो रहा है। ऐसे में कुछ लोग जो टैंकरों के नाम से करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार करते थे, उनकी बोलती बंद है और वो सभी इस योजना को फ्लॉप बता रहे है। मानिकपुर ब्लाक की क्षेत्रीय जनता नमामि गंगे से संबंधित किसी भी तरह के पेयजल संकट के लिए 9792345600 पर संपर्क कर जानकारी दे सकती है, इस पर हर संभव मदद की जाएगी।

## गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या

बांदा। पत्नी के न आने से नाराज युवक ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। सूचना के मिलते ही सीओ तत्काल मौके पर पहुंची। जहां उन्होंने घटना का जायजा लिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के रींगा गांव निवासी 28 वर्षीय हबीव पुत्र शुबराती गुरूवार की रात नशे में घर आया और उसने तमंचे से माथे में गोली मार कर खुदकुशी कर लिया। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तमंचा को कब्जे में ले लिया। शव देखते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। सूचना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनो ने बताया कि हबीव चार भाईयो में छोटा था बड़ा भाई इस्लाम मुम्बई, रफीक रायपुर, शफीक साउदी, में रहता है। हबीव की पत्नी रूबीना अपने मायके चली गई थी। वह आ नही रही थी। इसी के चलते उसने गोली मार कर खुदकुशी कर लिया। उधर पिता ने साले पर हत्या का आरोप लगाया है। उधर रूवीना के भाई नादिर का कहना है कि रूबीना के दो बेटी है। बड़ी रूजीना, छोटी रिकत है। बेटी दो बेटी पैदा होने के बाद से हबीव रूबीना की कोई कदर नही करता था। कहता था कि बेटा नही पैदा किया है। आए दिन शराब पीकर रूबीना को मारता पीटता था। इसका इसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। बताया कि रूबीना की शादी 15 जून 2021 को हुई थी। वह 15 मार्च को मायके आई थी। थानाध्यक्ष सीपी तिवारी ने बताया कि पत्नी के ना आने पर उसने खुदकुशी की है। तमंचा बरामद कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## खनन कार्य में नहीं होना चाहिए शासन की गाइडलाइन का उल्लंघन



चित्रकूट ब्यूरोः उपखनिज (ग्रेनाइट गिट्टी, बोल्डर) के समस्त खनन पट्टेधारकों की बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सभी पट्टेधारकों को शासन की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त पट्टाधारकों को पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र व खनन योजना एवं खान सुरक्षा महानिदेशालय, वाराणसी द्वारा जारी दिशा-निर्देश एवं सुरक्षा मानकों के अनुसार अधिकृत प्रबंधक (फौरमैन) की निगरानी में ही खनन, ड्रिलिंग व ब्लास्टिंग का कार्य दिन के समय ही करने तथा ब्लास्टिंग के दौरान आस-पास के निवासियों की सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि खनन क्षेत्रों में निर्धारित मानकों के अनुसार बेंच का निर्माण करते हुये खनन कार्य करें। साथ ही साथ बेंच की स्थायीत्व पर विशेष ध्यान रखें। कहा कि खनन कार्य के दौरान निकले हुये ओवर बर्डन का निस्तारण भी नियमानुसार सुरक्षित ढंग से करें। कहा कि खदान में कार्यरत श्रमिकों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराते हुये बिना हेलमेट, माइनिंग शूज एवं फ्लोरिसेंट जैकेट, मास्क इत्यादि के खनन कार्य न करने दें। कहा कि सभी पट्टेधारक खनन क्षेत्र पर प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था करें एवं श्रमिकों के लिये आश्रय व पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए खनन पट्टा क्षेत्र से उपखनिजों के परिवहन मार्ग में उड़ने वाले धूल डस्ट से बचाव के लिए समय पर पानी का छिड़काव करें। कहा कि पट्टेधारक स्वयं के खनन क्षेत्र के सीमा स्तम्भ का अनुरक्षण सुनिश्चित करें। निर्देशित किया कि सभी पट्टेधारक अपने खनन पट्टा अन्तर्गत देय किश्त एवं डीएमएफ व टीसीएस की धनराशि समय पर जमा करें। साथ ही खनन पट्टा क्षेत्र से वाहनों में उपखनिजों की लोडिंग निर्धारित मानक के अनुसार एवं वैध परिवहन प्रपत्र के साथ करने तथा बिना माइन टैग लगे वाहनों में उपखनिज का परिवहन न कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर उपनिदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय वाराणसी, खान अधिकारी चित्रकूट, खान निरीक्षक, समस्त खनन पट्टाधारक सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आपराधिक प्रवृत्ति के 8 लोगों को जिला मजिस्ट्रेट ने किया जिलाबदर

**हमीरपुर।** जनपद को अपराध मुक्त व भयमुक्त बनाने के उद्देश्य से जनपद के अपराधिक प्रवृत्ति के 8 लोगों पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शिकंजा कसते हुए कड़ी कार्रवाई का क्रम जारी रखा है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने जनपद के आपराधिक किस्म के 8 व्यक्तियों पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की सुसंगत धाराओ के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर की कार्रवाई की है। इन ताबड़तोड़ कार्यवाहियों को देखते हुए जनपद के अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिनमें अनिल सिह पुत्र रामप्रसाद उर्फ स्वालाहर निवासी ग्राम रूरीपारा थाना ललपुरा, जनपद हमीरपुर इमरान खान उर्फइबरान पुत्र नबीव वक्श निवासी ग्राम छिबौली थाना जरिया जनपद हमीरपुर, आशिक पुत्र मैकू निवासी मोहल्ला गढ़ी वार्ड नं. 3 कस्बा व थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर, अनूप उर्फ अनोखे पुत्र मनोज निषाद निवासी बेतवाघाट थाना कोतवाली हमीरपुर, गंगू उर्फ राजाबाबू पुत्र लालाराम निवासी ग्राम बड़ागांव थाना कोतवाली व जनपद हमीरपुर, सत्येन्द्र पुत्र प्रताप उर्फ प्रजापत निवासी ग्राम अतरौली थाना जरिया जनपद हमीरपुर, पवन खटिक पुत्र हरनारायण उर्फहलकुटटा निवासी ग्राम सदर (कैथा) थाना राठ जनपद हमीरपुर व मूलचन्द्र पुत्र हरगोपाल निवासी ग्राम कुपरा थाना जलालपुर के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उसमें से शामिल है। जिलाबदर किए गए इन 8 लोगों को जिलाधिकारी ने 6 माह के लिए जनपद हमीरपुर से निष्कासित किया है तथा आदेश दिए है कि निष्कासन की अवधि में वह जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश न करे। जनपद से बाहर जहां वह निवास करेगे वहां का पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं वहां के थाने को देगे। वहां पर किसी प्रकार शस्त्र/हथियार लेकर नहीं चलेगे। आदेश का अनुपालन करने के लिए एक एक लाख रुपए की दो प्रतिभूतियों एवं इतनी धनराशि का व्यक्तिगत बंधपत्र दाखिल करना होगा। उन्होंने आदेश की प्रति पुलिस अधीक्षक के माध्यम से संबंधित प्रभारी निरीक्षक को अनुपालनार्थ प्रेषित की है। जिलाधिकारी ने इन 8 प्रकरण में पाया कि इन सभी की गतिविधियां समाज के लिए हानिकारक हैं तथा उनकी ख्याति दुःसाहसी एवं समुदाय के लिए खतरनाक प्रवृत्ति की है।

## पेंशनर्स वर्ष में एक बार ट्रेजरी में जीवित प्रमाण पत्र जमा करें

**फर्रूखाबाद।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स वर्ष में एक बार जीवित प्रमाण पत्र किसी भी कार्यदिवस में प्रस्तुत कर सकते है या रममअंदचतंउंदणहवअण्पद के माध्यम से ऑनलाइन भी जमा कर सकते है ।

## गैंगस्टर के मामले में पांचो अभियुक्तो को तीन वर्ष का कारावास सभी पर पांच हजार का जुर्माना

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रूखाबाद।**अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगस्टर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अमर सिंह पुत्र गया सिंह आदर्श पाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह सूरजपाल पुत्र नत्थू सिंह रघुवीर सिंह पुत्र कोतवाल सिंह विजय सिंह पुत्र रामनाथ सिंह निवासीगण ग्राम सिठऊपर थाना मऊदरवाजा प्रत्येक को दोषी मानते हुए तीन.तीन वर्ष का कारावास पांच हजार. पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। बीते 29 वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा के तत्कालीन थाना प्रभारी चंद्रशेखर गौड़ ने गैंग लीडर अमर सिंह द्वारा नया गैंग गठित करके अपने सक्रिय सदस्यों द्वारा जनता में आतंक एंव भय व्याप्त कर अवैध धन अर्जित समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अमर सिंह सूरजपाल रघुवीर सिंह विजय सिंह आदर्श पाल सिंह को दोषी मानते हुए प्रत्येक को तीन.तीन वर्ष का कारावास व 5000 .5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है

## नगला बाग रठौरा में प्लास्टर और किवाड़ टूटे पसनिंगपुर में 41 बच्चे गैरहाजिर

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय रठौरा नगला बाग व प्राथमिक विद्यालय पसनिंगपुर वि0ख0 मोहम्दाबाद का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय रठौरा में 36 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष 11 बच्चे उपस्थिति पाये गये विद्यालय में केवल एक अनुदेशक तैनात पाया गया शिक्षा का स्तर निम्न पाया गया मिड डे मील ठीक पाया गया खिड़किया टूटी पाई गई व प्लास्टर टूटा पाया गया। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई व सभी व्यवस्थाये सही कराने के लिये निर्देशित किया प्राथमिक विद्यालय पसनिंगपुर में 43 बच्चों के सापेक्ष मात्र 2 बच्चे उपस्थिति पाये गये मिडडे मील नही बना हुआ पाया गया जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई व कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी सही से पर्यवेक्षण नही कर रहे है बेसिक शिक्षा अधिकारी इसका स्वयं पर्यवेक्षण करे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत मौजूद रहे।

## सर्वसमाज सामूहिक विवाह समारोह

**इटावा।** महात्मा ज्योतिबा राव फूले जन कल्याण समिति के तत्वधान में सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह केण्पीण् उत्सव गार्डन कुम्हावर रोड पचावली में संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पृथ्वी मिश्रा एमडी हीरो मोटर साइकिल एजेंसी ने दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुशवाहा सेवानिवृत प्रवक्ता जीआईसी ने की। कार्यक्रम में पृथ्वी मिश्रा के द्वारा सभी जोड़ों को गिफ्ट भेंट किए। कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा जोड़ों की शादी सम्पन्न कराई गयीं। सभी सम्मानित गणमान्य अतिथियों ने नव युगल वर.वधू को शुभाशीर्वाद प्रदान किया। महात्मा ज्योतिबा राव फूले जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ऐश्वर्य प्रताप सिंह कुशवाहाए प्रबंधक विमल सिंह कुशवाहा संयोजक इंजीण् सुरेंद्र प्रताप सिंह संयोजक जितेन्द्र शाक्य पूर्व प्रधानए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेवाराम कुशवाहाए उपाध्यक्ष शिवेंद्र कुशवाहाए मुख्य व्यवस्थापक सुनील कुशवाहाए धर्मेंद्र सविताएअरविन्द कुशवाहा दिनेश कश्यपएबीण्डीण्कुशवाहाए जितेंद्र राजपूतए सोनू शर्माए नरेश शाक्य मुकेश आदि सहयोगी गढ़ उपस्थित रहे कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे विशिष्ट अतिथियों में संजीव राजपूत पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपाए लज्जाराम बाबू जीए डॉण्एसण्एसण्कुशवाहा औरैयाए भारत सिंह शाक्यए अध्यापक दशरथ सिंह कुशवाहाए रामसनेही कुशवाहा पूर्व प्रधानए सुधीर सैनीए रवीन्द्र कुशवाहाए निर्मल बौद्ध बौद्धाचार्य तथा मंच संचालन डॉ कमल कुशवाहा नोडल अधिकारी चंबल पर्यटन आदि लोग उपस्थित रहे अतिथियों ने कहा कि शादी में होने वाले फिजूल खर्चों को बचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इसी के साथ समिति के अध्यक्ष ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने अटूट मेहनत के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी साथियों को धन्यवाद दिया और आगे आने वाली तिथि 4 जुलाई में कम से कम 51 जोड़ों की शादियां कराने का संकल्प लिया।

# गौशाला में कीचड़ जगह.जगह गोबर के ढेर लगे सीसीटीवी बंद

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने गौवंश आश्रय स्थल नगला बाग रठौरा व गौवंश आश्रय स्थल मोहम्दाबाद का औचक निरीक्षण किया ।

निरीक्षण में गौशालाओ में साफ सफाई की व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय पाई गई नगला बाग रठौरा में गौशाला में दाना नमक खली नही पाई गई मौके पर गौपालक भी कम पाये गये।मोहम्दाबाद गौशाला में मौके पर 5 के सापेक्ष केवल एक गौपालक पाया गया



गौशाला में जगह.जगह कीचड भरा पाया गया गोबर के ढेर लगें पाये गये गोबर के ढेरों पर ही गौवंश बैठे पाये गये सी0सी0टी0वी क्रियाशील नही पाये गये जिलाधिकारी ने इसपर नाराजगी जताई गई व संवंधित गौशाला प्रभारी व पशु चिकित्सक का स्पस्टीकरण लेकर आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत साथ रहे।

## हत्या व जानलेवा हमले में एक दोषी करार 3 मई को सुनाई जाएगी सजा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश मेराज अहमद ने हत्या व जानलेवा हमले का दोषी करार देते हुए वैभव गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता निवासी तलैया फजल इमाम थाना कोतवाली फर्रूखाबाद को दोषी मानते हुए जेल भेज दिया सजा के बिंदुओं पर 3 म?ई को सुनवाई होगी

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भोलेपुर ठाकुर द्वारा मंदिर के पास रहने वाले विशाल पुत्र स्वर्गीय दीपक शर्मा ने 16 दिसंबर 2023 को मुकदमा दर्ज कराया कि वर्तमान समय करीब डेढ़ साल से अपनी पत्नी के साथ मसेनी चौराहे के पास जहां मेरी ससुराल है वहां मैं रहता हूं तथा बीच.बीच में आता जाता रहता हूं 16 दिसंबर 2023 को समय करीब 2 बजे रात में मेरी मां ज्योति का फोन मेरे मोबाइल पर आया मेरी मां ने बताया कि जल्दी आ जाओ तुम्हारे मामा का गला कट गया है मैं बिना देर किए आ गया तो मेरे मामा अजय शर्मा और पप्पू पुत्र स्वर्गीय रामसेवक शर्मा उम्र लगभग 50 वर्ष के थे तथा मेरी मां के साथ पांच छः साल से रह रहे थे घर में मंदिर के पास घायल पड़े थे जिनके शरीर पर धारदार चोट थी मैंने देखा कि मां की सांस चल रही है तथा मेरी मां के भी चोट थी तब मेरी मां तथा वहां उपस्थित नाहिद उर्फनूर पुत्री मुस्ताक अली निवासी शीशमबाग थाना फतेहगढ़ फर्रूखाबाद में उपस्थित थी दोनों लोगों ने बताया कि वैभव गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता हथियार से जान से मारने की नीयत से मेरे मामा को और मेरी मां को मारकर चला गया है घर से पहुंचने से पहले भोलेपुर पुलिस चौकी में सूचना दी मौके पर पुलिस ने पहुंचकर एंबुलेंस से मेरे मामा अजय शर्मा को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया रास्ते में उनकी मौत हो गई साक्ष्य गवाहों के आधार पर न्यायालय में वैभव गुप्ता व नाहिद उर्फ नूर पुत्री मुस्ताक अली निवासी शीशम बाग कैंट फतेहगढ़ के खिलाफन्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता अखिलेश राजपूत की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने नाहिद उर्फनूर को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया गया वहीं वैभव गुप्ता को हत्या व जानलेवा हमले का दोषी मानते हुए जेल भेज दिया सजा के बिंदुओं पर 3 मई को सुनवाई होगी

## पुरानी रंजिश के मामले में दो सगे भाइयों पर दोष सिद्ध 3 मई को सुनाई जाएगी सजा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 7 अंकित कुमार मित्तल ने पुरानी रंजिश के कारण सुदेश उर्फपिंटू सुनील उर्फगुड्डू पुत्रगण इंद्रपाल निवासीगण महानंद मौधा कोतवाली मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है सजा के बिंदु पर 3 मई कि तिथि निहित है

बीते 19 वर्षों पूर्व अजय कुमार पुत्र राधेश्याम ने कोतवाली मोहम्दाबाद पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 अक्टूबर 2006 को हमारे गांव के इंद्रपाल सिंह यादव से खेत का विवाद चल रहा था इन्होंने हमारे खेत में घूरा डालने से मना किया तो इंद्रपाल के लड़के सुदेश उर्फ पिंटू सुनील उर्फ गुड्डू इंद्रपाल के नाती योगेन्द्र उर्फ रिंकू राघवेंद्र ने मेरे दरवाजे पर आकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे गाली देने से मना किया तो उपरोक्त चारों व्यक्ति अपने मकान की छत पर चढ़ गए और सुदेश ने अपने घर से तमंचा निकाल कर जान से मारने की नियत से निशाना लगाकर साध कर मेरे मकान की तरफताबड़तोड़ तीन चार फायर किए व अन्य लोगों ने ईट पत्थर मारे जिससे मेरे पिता जी के चोट आई और छोटे भाई के गोली लगी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर सुदेश उर्फ पिंटू को जानलेवा हमले के तहत दोषी करार दिया सुनील उर्फगुड्डू मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में दोषी करार दिया सजा के बिंदु पर 3 मई कि तिथि निहित है राघवेंद्र व योगेंद्र बाल अपचारी होने के कारण पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है

## खबर एक नज़र

### अतिक्रमण हटाने गई पालिका टीम से मारपीट जाति सूचक गली देने का अभियोग दर्ज किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज ।** अधिशासी अधिकारी के आदेश अनुसार नगर पालिका परिषद के कर्मचारी अतिक्रमण हटाने के लिए वार्ड नंबर 12 सुभाष नगर पहुंचे अतिक्रमण करता ने की हातपाई अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने टैक्स कलेक्टेड प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने के लिए टीम सुभाष नगर वार्ड नंबर 12 में भेजी जहां पर अतिक्रमण करता विवेक अभिषेक पुत्र यदुवीर व उनकी मां अन्य लोग भी मौजूद थे पलका द्वारा भेजी गई टीम में जेसीबी ड्राइवर जेसीबी चालक दीपक कठेरिया सफाई नायक रमेश जब जब अतिक्रमण हटाने लगे तो लोगों द्वारा विरोध किया गया विरोध के बाद मारपीट भी की गई जिसमें कर्मचारियों के कपड़े भी फटे कोतवाली में अभियोग दर्ज करने के लिए दी गई तहरीर के आधार पर कोतवाली में अभियोग दर्ज किया गया संगीत धाराओं में

### आगरा.लखनऊ इंटरसिटी के अचानक पहिए हुए जाम

**भरथनाए इटावा।** दिल्ली. हावड़ा रेलवे ट्रैक पर आगरा फोर्ट से लखनऊ जाने वाली 12180 सुपरफास्ट आगरा.लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए शुक्रवार की सुबह 8ण्50 बजे उस समय थम गएए जब उक्त ट्रेन अपने निर्धारित समय पर भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर खड़ी हुईए जिसके बाद ट्रेन के पहिए जाम हो गए। पहिए जाम होते ही ट्रेन के लोको पायलट ने जांच पड़ताल कर यात्रियों को बताया कि ट्रेन का प्रेशर डाउन हो गया हैए जिससे रेल प्रशासन को अवगत कराया गया।

घटना की खबर मिलते ही रेलवे टेक्नीशियनों ने लोको पायलट के सहयोग से प्रेशर डाउन की समस्या को दुरुस्त कर करीब आधे घंटे के बाद गंतव्य के लिए रवाना किया। इस बीच उक्त ट्रेन से नियमित यात्रा कर नौकरी करने वाले यात्रियों को ड्यूटी पर समय से पहुंचने की चिंता सताती देखी गई। वहीं डाउन मैन लाइन पर खड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के कारण स्टेशन मास्टर ने यातायात पर भी प्रभाव नहीं पड़ने दियाए इस डाउन लाइन पर पीछे से आ रहीं सुपरफास्ट सूबेदारगंज एक्सप्रेस ट्रेन को डाउन लूप लाइन से सीधे निकाला गया और पैसेंजर ट्रेन को प्लेटफार्म नम्बर एक पर निश्चित ठहराव के बाद निकला गया।

### शिक्षक की दूसरी शादी पर बवाल

**इटावा।** भरथना कोतवाली क्षेत्र में एक शिक्षक की कथित दूसरी शादी को लेकर गुरुवार को दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई। ताखा ब्लॉक में तैनात बेसिक शिक्षक अंकुर यादव ने कथित तौर पर अपने मामा की बेटी से दूसरी शादी कर ली।

यह जानकारी मिलते ही अंकुर की पहली पत्नीए जो खुद एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैंए अपने परिजनों के साथ ससुराल पहुंच गईं। शुरू में हुई बहस धीरे.धीरे हाथापाई में बदल गई। दोनों पक्षों में लाठी.डंडे और लात.घूंसे चले। पीड़िता के भाई मुकुल यादव के अनुसारए जब वे अपनी बहन और मां के साथ बात करने गएए तो अंकुर के परिवार ने उनकी बहनए मां और पत्नी पर हमला कर दिया। मुकुल का आरोप है कि शादी के एक महीने बाद से ही अंकुर मकान निर्माण के लिए पैसों की मांग करता था। अंकुर पहले से ही न्यायालय में तलाक की अर्जी दाखिल कर चुका है। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए। सभी घायलों को पहले भरथना सीएचसी और फिर जिला अस्पताल इटावा में भर्ती कराया गया। भरथना थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### मौसम का बदला मिजाज

इटावा। जिले में भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को शुक्रवार सुबह बड़ी राहत मिली हैए आसमान में अचानक काले घने बादल छा गए और तेज़ हवाओं के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इससे मौसम का मिज़ाज बदल गया।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार यह बदलाव कुछ समय के लिए और बना रह सकता है। मौसम में आए बदलाव से तापमान गिर गया। इसी के साथ किसानों के लिए यह बारिश और मौसम में बदलाव फायदेमंद साबित होने की उम्मीद जताई जा रही है। बीते गुरुवार रात से ही तेज़ हवाएं चलनी शुरू हुईंए जिसके बाद शुक्रवार सुबह आसमान में बादलों की गर्जना के साथ तेज बारिश हुई। मौसम में आए इस बदलाव ने तेज़ धूप से परेशान लोगों को राहत दी। तापमान में अचानक आई गिरावट से लोगों ने सुकून की सांस ली। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसारए अधिकतम तापमान में लगभग 25 से 28 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। जहां गुरुवार को दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास थाए वहीं शाम होते.होते यह घटकर 35 डिग्री के नीचे आ गया। और शुक्रवार से ही तामपान में गिरावट देखने को मिली। मौसम में आए इस परिवर्तन से न सिर्फ आम जनजीवन को राहत मिली हैए बल्कि इसका सकारात्मक असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा समय में खेतों में खड़ी सब्ज़ियों और अन्य फसलों को तेज़ धूप और गर्म हवाओं से नुकसान पहुंच रहा था। ऐसे में इस बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी और फसलों को राहत मिलेगी। किसान ब्रजमोहन का कहना हैए पिछले कई दिनों से गर्म हवा चल रही थी जिससे खेतों में पानी की ज़रूरत बढ़ गई थी। ये हल्की बारिश हमारे लिए वरदान हैए इससे सिंचाई का बोझ कम होगा। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों के दौरान और भी हल्की बारिश तथा तेज़ हवाओं की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और खुले स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी गई है।

## तकिया वाली मस्जिद में जुम्मे के नमाज के बाद मारे गए भारतीय उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त की



**छिबरामऊ कन्नौज** मोहल्ला लाहौरी टोला की जुम्मे की नमाज के बाद तकिया वाली मस्जिद नगर के तमाम लोगों ने जुम्मे की नमाज के बाद पहलग्राम कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफअपने गुस्से और गम का इंतजार किया और मारे गए बेगुनाह भारतीय लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और मस्जिद के पेश इमाम ने कहा कि यह हमला भारत के हर नागरिक की जानवर माल पर हमला है और इंसानियत की कतले आम है।

जिसका बदला लेना हमारी सरकार का हक है और हम भारत सरकार से मांग करते हैं की इन आतंकवादियों व उनके मददगारों ऐसी सजा दी जाए की कि वह दोबारा भारत और भारत के किसी भी नागरिक को गांधी निगाहें डालने से पहले उनकी आत्मा काफ जाए। तकिया वाली मस्जिद के मुतवाली सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

## डीएम एसएसपी ने मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने नगरीय निकाय उप चुनाव नगर पंचायत इकदिल को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया।

उन्होंने ज्ञानचन्द्र इंटर कॉलेज इकदिल बूथ का निरीक्षण किया जिस पर उन्होंने बताया कि इकदिल नगर पंचायत में 14 वार्ड है एवं 8 मतदान केंद्रए 17 बूथए 14202 मतदाता एवं जोनल मजिस्ट्रेटए उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघवए सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार भरथना सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार जसवन्तनगर सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार चकरनगर तथा आरओ सदर तहसीलदार एवं एआरओए जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह तथा इकदिल नगर पंचायत प्रेक्षक प्रवीणां चौधरीए उप निदेशकए पंचायतए कानपुर मण्डल कानपुर को बनाया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सभी पार्टियों के एजेंट अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उक्त के बाद उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट एक से आठ इकदिल की भी व्यवस्था हेतु जायजा लिया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय खेड़ा महाराजपुर का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन सकुशल निष्पक्षए निर्भीक होकर संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने कार्य के प्रति सजग रहें एवं निर्वाचन के समय कोई भी विवाद नहीं होना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है जिससे कि निर्वाचन निर्भीकए निष्पक्ष होकर सकुशल संपन्न कराया जा सके। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघवए सीओ सिटी रामगोपाल शर्माए तहसीलदार सदर जयप्रकाश सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने विकास योजना को लेकर बैठक की

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की प्रगति को लेकर बैंकों के क्षेत्रीय प्रमुखगण के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी बैंकर्स से कहा कि सभी पेंडिंग सैंक्शन डिस्पर्स किए जाएं। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को लोन दिया जाएए जिससे एमएसएमई सेक्टर में मजबूती आएगी। उन्होंने कहा कि प्रयास करें कि पात्र लोगों को चिन्हित किया जाए एवं उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने सेंट्रल बैंक से कहा की पेंडिंग सभी सैंक्शन बांट दिए जाएं। उन्होंने बैंकों में लोन भुगतान न होने की दिक्कतों के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि लोन देने से पहले व्यक्ति की लायबिलिटी देखी जाए। उन्होंने पीएनबी को भी निर्देशित करते हुए कहा कि मंजूरी प्राप्त सभी पेंडिंग लोन का भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि बैंक में स्टाफकम हो जाने के कारण सभी के कार्य निर्धारित कर दिए जाएं जिससे कार्य जल्दी हो सके एवं कार्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बैंक बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर बड़ा कैंप लगाया जाए जिससे योजना का प्रचार प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि बैंक मेला लगाया जाए जिसमें सभी बैंकर्स सम्मिलित हो और लोगों को योजना के बारे में अवगत कराएं। उन्होंने कहा ऑटो डीलर्स को बुलाकर उनको योजना का सुझाव दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में ब्यूटी पार्लर वाली महिलाओं पर योजना को लेकर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि लोन रिनुअल के लिए किसान सम्मेलन मेले में इसका प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने उपस्थित बैंकर्स से कहा कि यह एक सरकारी योजना है सभी अपने यहां दिए गए टारगेट के अनुसार इसे पूर्ण करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमारए एलडीएम सहित सभी बैंकर्स उपस्थित रहे।


### कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, इटावा/औरैया।

पत्र सं0 योग/नियुक्ति/2024— दिनांकः—

:: विज्ञप्ति ::

विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन आयुष अनुभाग—2 के आदेश सं0 आ0मि0—119/96—आयुष—2—2020—127/2016 दिनांक 19 अक्टूबर 2020 उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी आयुष हैल्थ वेलनेस सेंटर्स में योगिक क्रियाओं के संचालन हेतु जनपद औरैया में एक मुश्त मासिक पारिश्रमिक के आधार पर निम्न पदों पर तैनाती के लिये आवेदन पत्र निम्न प्रारूप पर पूर्ण विवरण तथा समस्त शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की समस्त प्रमाणित छायाप्रतियों सहित कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी इटावा (स्थान पुरानी इमरजेन्सी भवन कोतवाली के पीछे इटावा) में आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से ही स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तिथि 20.05.2025 को सायं 05 बजे तक होगी। अभ्यार्थी की आयु योग प्रशिक्षक (पुरूष) हेतु दिनांक 01.07.2025 को 21 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिये।

रिक्तयों का विवरण

| क्र0 सं0 | पद नाम | पदों की संख्या | अर्हता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अंश कालिक योग प्रशिक्षक (पुरूष) | 01 | अ—मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों से साढ़े 5 वर्षीय कोर्स बैचलर ऑफ नैचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी।<br>अथवा<br>ब—बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0(योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0(योग)/एम0ए0(योग) जिनका एक वर्षीय अनुभव हो।<br>अथवा<br>स—पी0जी0डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यक्रम) डिप्लोमा धारक जिनका दो वर्षीय अनुभव हो।<br>अथवा<br>द—योग सर्टीफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर प्रमाण पत्र धारक। | 8000.00 प्रति माह एक मुश्त पारिश्रमिक |

नोट—साक्षात्कार हेतु इस कार्यालय द्वारा पृथक से पत्राचार कर सूचना दी जायेगी।

सामान्य निर्देशः—

1—आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हैल्थ वेलनेस सेन्टर) में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।

2—आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग प्रशिक्षक (पुरूष) को स्कूलों व सामुदायिक स्तरों पर प्रति सत्र कम से कम 01 घंटे वाले न्यूनतम 32 योग सत्र आयोजित करने होगें।

3—आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण (यदि हो) आदि प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

4—अपना पत्र व्यवहार का पता लिखा 23X10 सेमी0 का एक लिफाफा जिस पर 45 रू0 के डाक टिकट लगा हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। तथा लिफाफा पर पंजीकृत भी लिखा हो।

5—आवदेन पत्र पर नवीनतम पासपोर्ट साइज का स्वहस्ताक्षरित फोटो निर्धारित स्थान पर लगायें।

6—यह नियुक्ति आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यान्वयन समिति औरैया के अध्यक्ष/मुख्य विकास अधिकारी औरैया द्वारा बिना किसी पूर्व नोटिस के बिना कारण बतायें किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

7—आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर मान्य होगा, लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं जनपद औरैया एवं विज्ञापन संख्या अवश्य लिखा जाय।

8—आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय नोटिस बोर्ड एवं auraiya.nic.in की बेब साइट पर भी उपलब्ध है।

(डा0 संतोष कुमार)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
इटावा

उ0प्र0 233254 दिनांक- 01.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, उन्नाव

पत्रांकः— 1559/ ए0—8/ईटेण्डर/2024—25 दिनांक : 25.04.2025

ई—निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड—1, लो0नि0वि0, उन्नाव द्वारा लो0नि0वि0 के संलग्न तालिका के कालम 8 में निर्दिष्ट श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई—टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर निम्नलिखित कार्यो की ऑनलाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है :—
2.

| क्र0सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| विधानसभा—सफीपुर। (चतुर्थ आमंत्रण) | | | | | | | |
| 1 | उन्नाव | जलालाबाद से नेवादा सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य, औझरपुर सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य एवं मुन्नूखेड़ा सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 11. 31 | 1.13 | 944 | 02 माह | "ए"बी"सी"डी" मार्ग कार्य |
| विधानसभा—उन्नाव।(चतुर्थ आमंत्रण) | | | | | | | |
| 1 | उन्नाव | बिन्दाखेड़ा सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य एवं दीनखेड़ा सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 20.76 | 2.08 | 944 | 02 माह | "ए"बी"सी"डी" मार्ग कार्य |
| विधानसभा—मोहान।(चतुर्थ आमंत्रण) | | | | | | | |
| 1 | उन्नाव | नटपुरवा सम्पर्क मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 4.61 | 0.46 | 855 | 02 माह | "ए"बी"सी"डी" मार्ग कार्य |
| विधानसभा—मोहान।(तृतीय आमंत्रण) | | | | | | | |
| 1 | उन्नाव | बिलग्राम उन्नाव प्रयागराज राज्य मार्ग सं0—38 पर स्थित कुसैला मोड ब्लैक स्पॉट के सुधार का कार्य। | 2.97 | 0.29 | 855 | 02 माह | "ए"बी"सी"डी" मार्ग कार्य |
| 2 | उन्नाव | अजगैन मलिहाबाद इटौजा राज्य मार्ग सं0—115 पर स्थित नवई मकूर ब्लैक स्पॉट के सुधार का कार्य। | 3.86 | 0.38 | 855 | 02 माह | "ए"बी"सी"डी" मार्ग कार्य |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.05.2025 से 15.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो दि0 15.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 15.05.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगइन का पेज खुलेगा जिसपर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगइन करना होगा। लॉगइन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जाने वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी समस्त वॉछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(सुबोध कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड—1, लो.नि.वि., उन्नाव

उ0प्र0 233239 दिनांक- 01.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

# पहलगाम प्रकरण का असर : एनआरसी पर विहिप मुखर

## विहिप ने की एनआरसी लागू कर पाकिस्तानी नागरिकों और उनके स्लीपर सेल को देश से खदेड़ने की मांग

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** पहलगाम में सांप्रदायिक आधार पर हुए नृशंस नरसंहार में पाकिस्तान की संलिप्तता का पता चलने के बाद केंद्र सरकार द्वारा भारत में रह रहे तमाम पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर उन्हें 48 घंटे के भीतर भारत से निकल जाने का आदेश दिए जाने के बाद देश में रह रहे पाकिस्तानियों की जो बड़ी तादाद निकल कर सामने आई है उससे पूरा देश भौंचक और अचंभित है। खास तौर से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिकों के साथ भारतीयों की शादियां होने और पति, पत्नी व बच्चों में से किसी की पाकिस्तान की और किसी की भारतीय नागरिकता होने के घालमेल के अलावा पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा भारत की नागरिकता का दस्तावेज बनवा लिए जाने और सरकारी नौकरियों में भी घुसपैठ कर लिए की बातें सामने आने के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला भी चर्चा के केन्द्र में आ गया है। सर्वोच्च न्यायालय के वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की मानें तो देश में पांच लाख से अधिक ऐसी महिलाएं हैं जिनके पति और बच्चे पाकिस्तानी नागरिक हैं। नागरिकता और रहवास के घालमेल का खुलासा होने के बाद अब देश में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर यानी एनआरसी लागू करने की मांग नए सिरे से जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में सत्तारूढ़ भाजपा की सहोदर और आरएसएस की सबसे ताकतवर गैरसरकारी अनुषांगिक संस्था विश्व हिन्दू परिषद यानी विहिप ने सरकार से मांग की है कि भारत में नागरिकता रजिस्टर बनाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करके पाकिस्तानी नागरिकों के साथ उनके स्लीपर सेलों को भी सीमा पार खदेड़ा जाए। विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेन्द्र जैन के मुताबिक पहलगाम में जिहादी आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं के निर्मम नरसंहार के बाद केंद्र सरकार ने जो कठोर कदम उठाए हैं उनके कारण कई राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र उजागर भी हो रहे हैं जो दशकों से देश की जड़ों को खोखला कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसी लाखों महिलाएं सामने आई हैं जिनके शौहर पाकिस्तानी मुसलमान हैं लेकिन वे महिलाएं और उनके बच्चे भारत के नागरिक हैं। ऐसे हजारों और भी मामले हैं जिसमें भारतीय मुस्लिम महिला ने किसी पाकिस्तानी से शादी की और खुद भी पाकिस्तान की नागरिकता ली लेकिन बच्चों को भारत की ही नागरिकता दिला रखी है। डॉ. जैन ने इन्हें पाकिस्तानी स्लीपर सेल करार देते हुए कहा है कि भारतीय नागरिकता रजिस्टर यानी एनआरसी को यथाशीघ्र लागू किया जाए और जो भी भारत के अधिकृत नागरिक नहीं है उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर कार्ड रद्द कर इन्हें भारत से निकाल दिया जाए। साथ ही उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है कि कुछ लोग ऐसे षड़यंत्रकारियों को रोते-धोते दिखाकर उनके प्रति संवेदना निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं।

# बीडीओ के निरीक्षण में प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित दो शिक्षा मित्र अनुपस्थित



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय महुगढ़ का गुरुवार को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। बीडीओ के निरीक्षण में कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप गुप्ता व शिक्षा मित्र ललिता देवी व रजा मोहम्मद अनुपस्थित पाए गए। बीडीओ ने अनुपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षा मित्रों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को पत्राचार किया है। इतना ही नहीं निरीक्षण के दौरान कंपोजिट विद्यालय में 193 छात्र छात्राओं के सापेक्ष मात्र 13 बच्चे ही विद्यालय में उपस्थिती को देखकर बीडीओ ने गहरी नाराजगी जताई है। बीडीओ ने कक्षा छह के छात्रों से गणित के साधारण सवाल पूछे लेकिन बीडीओ के किसी भी सवालों का छात्र उत्तर नहीं दे पाए। यहां तक कि भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री तक का नाम छात्र नहीं बता पांए। विद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता काफी खराब पाए जाने पर मौजूद सहायक अध्यापको को फटकार लगाते हुए विद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने कि सख्त हिदायत दी। बीडीओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापक व दो शिक्षामित्रों के बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर फ़ोन से बीइओ हलिया प्रकाश चंद्र यादव से बात कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय महुगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया।जहां बैगर सूचना के प्रभारी प्रधानाध्यापक व दो शिक्षामित्र अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय ने छात्रों कि उपस्थिति काफी कम थी अनुपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षा मित्रों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्राचार किया जाएगा।

# चोरी के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के औरा बरुआ गांव में मंगलवार की देर रात घर में चोर घुस कर नगद रुपए व आभूषण चोरी के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस एक व्यक्ति के विरुद्ध शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के औरा बरुआ गांव निवासी महेंद्र प्रसाद अग्रहरी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि घर के पिछ्वाड़े से गांव निवासी आजाद कमरे के अंदर प्रवेश कर पीला व सफेद आभूषण सहित नगदी रूपया व आधार कार्ड चोरी कर लिया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाचपडताल में जुट गयी है। कमरे में सोये कूलर की तेज आवाज के कारण घर के अंदर प्रवेश करने वाले चोर के घुसने की परिजनों को भनक नहीं मिल सकी। सुबह जगने पर सामान विखरा देखा तो चोरी की जानकारी होने पर खोज बीन के दौरान घर से 20 मीटर दूर बाणसागर नहर के पास टूटा बाक्स व बैग मिला था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर गाँव निवासी एक ब्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी व एडीओ आईएसबी ने सुनीं समस्याएं




**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पटपरा व बेलाही में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसबी व एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन जल जीवन मिशन पेयजल आपूर्ति की मांग ग्रामीणों ने रखी। ग्राम पंचायत पटपरा के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय, पेंशन, राशन कार्ड हर घर नल जल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ आईएसबी ने ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बेलाही के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड हैण्डपम्प मरम्मत की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यो का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ एसटी मनोहर लाल ने बताया की ग्राम पंचायत पटपरा व बेलाही में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय,राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत हर घर नल जल कि आपूर्ति की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरानसचिव विजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रविशंकर आदि मौजूद रहे।

# विक्षिप्त पुत्र के गुम होने पर पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवघटा पाण्डेय गांव निवासी मिठाई लाल कोल ने गुरुवार कि देर शाम थाने में तहरीर देकर पुत्र के गुम होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दिए गए तहरीर में बताया है कि बीते 29 मार्च को समय लगभग छह बजे सुबह मेरा लड़का लाल बाबू जिसकी उम्र 11 वर्ष है घर से शौच करने के लिए निकला जो लौटकर घर वापस नहीं आया जिसकी हम लोगो ने नाते रिश्तेदारी व अन्य जगहों पर



काफ़ी खोजबीन व तलाश किया जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। जो मानसिक रूप से विछिप्त है व बोल नहीं पाता है। जो नीले रंग का टी शर्ट व नीला बैगनी चेकदार हाफ चड्ढा पहना हुआ है। जिसका होलिया रंग गेहूआ इकहरा बदन नाक कद औसत लम्बाई लगभग चार फीट है। जिस पर पुलिस ने गुमशहुदगी दर्ज कर मामले कि जांच के लिए एसआई अच्छे लाल यादव को सौपा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# शादी में आये युवक की बाइक चोरी

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव में गुरुवार कि रात्रि में शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए युवक कि बाइक चोरी होने पर पीड़ित युवक ने सुबह से बाइक चोरी होनेकी तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग किया है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के केडवर बेरी गांव निवासी राजकुमार ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार कि रात्रि अपनी स्पेलेंडर बाइक से बीरपुर गांव निवासी रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए आया था कि बाइक खड़ी करके शादी समारोह में शामिल होने के लिए चला गया कि वापस आने पर देखा बाइक नहीं है। बाइक की खोजबीन के बाद पता नहीं चल सका है। तहरीर मिलने पर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए युवक कि बाइक चोरी होने कि तहरीर मिली है। मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# बाइक सवार युवक गिरकर घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर मोड़ पर शुक्रवार कि सुबह बाइक सवार असंतुलित होकर गिरकर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगो ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायल बाइक सवार युवक का उपचार किया जा रहा है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के भैसौड़ वलाय पहाड़ गांव निवासी 22 वर्षीय ध्रुव यादव बाइक से किसी काम से लालगंज थाना क्षेत्र के कोटाघाट आये थे और बाइक से वापस गांव लौट रहे थे कि जैसे ही दुर्जनीपुर मोड़ के पास पहुँचे कि बाइक असंतुलित होकर सडक पर गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुँचे राजगीरो ने घायल बाइक सवार युवक



को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक हर्षवर्धन व वार्डब्वाय किशोर कुमार द्वारा घायल बाइक सवार युवक का उपचार किया जा रहा है। बाइक सवार युवक के सर में चोट व आँख के पास चोट लगी है। इस संबंध में चिकित्सक हर्षवर्धन ने बताया कि बाइक सवार गिरकर युवक घायल हो गया था। उपचार किया जा रहा है।

# छत से गिरकर बालिका घायल, रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरवा औसान सिंह गांव में गुरुवार कि रात्रि में तीन वर्षीय बालिका छत से पांच फीट नीचे गिरकर घायल हो गई। मौके पर पहुँचे बालिका के परिजनों ने बालिका को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पेट में दर्द कि शिकायत होने पर अल्ट्रासॉउन्ड के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के पुरवा औसन सिंह गांव निवासी छोटेलाल कि तीन वर्षीय रिया छत पर घूम रही थी कि छत से पांच फीट नीचे गिरकर घायल हो गई। मौके पर पहुंचे बालिका के परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बालिका कि हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ्र कर दिया है।

## एक परिवार, एक पहचान योजना के अंतर्गत फैमिली आईडी कार्ड हुए जारी

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया कि एक परिवार, एक पहचान' योजना के अंतर्गत फैमिली आई.डी. कार्ड (प्रिंटेड/लैमिनेटेड) अब तैयार हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ये कार्ड संबंधित विकास खंड कार्यालयों में तथा नगरीय क्षेत्रों के लिए नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में उपलब्ध करा दिए गए हैं। जिन लाभार्थियों ने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया था, उनके फैमिली आई.डी. कार्ड संबंधित कार्यालयों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। ये कार्ड लाभार्थियों को निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

## अवैध पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर इकाई पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, जनपद देवरिया द्वारा अभिसूचना के आधार पर आज भाटपार रानी क्षेत्र में एक अवैध रूप से संचालित पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर निर्माण इकाई पर छापेमारी की गई। कार्रवाई सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, जनपद देवरिया के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित इकाई बिना वैध लाइसेंस के ÷जल वेग÷ ब्रांड नाम से पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर का निर्माण कर रही थी। मौके से ब्रांड का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा विनिर्माण इकाई में रखे 1022 लीटर तैयार पैकेज्ड पानी को जब्त कर लिया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग ?12,300 आंकी गई है। प्रवर्तन दल ने इकाई में लगी मशीनों को सील कर उत्पादन कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया है।

## दिव्यांग दंपतियों को मिलेगा शादी पर प्रोत्साहन पुरस्कार

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत यदि पुरुष दिव्यांग है तो ?15,000, महिला दिव्यांग होने पर ?20,000 तथा पति-पत्नी दोनों दिव्यांग होने की स्थिति में ?35,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। इच्छुक एवं पात्र दिव्यांगजन वेबसाइट http://divyangjan.up sdc.g४1.द्व्ठ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय आवेदक दंपति को संयुक्त नवीनतम फोटो (जिसमें दिव्यांगता स्पष्ट हो), आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का स्पष्ट उल्लेख हो, सक्षम प्राधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त बैंक खाता की प्रति संलग्न करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी आवश्यक अभिलेखों सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास भवन, देवरिया के कार्यालय में किसी कार्य दिवस में अनिवार्य रूप से जमा करानी होगी।


**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

मैने अपना नाम कुमार विनायक गुप्ता से बदलकर कुमार विनायक कर लिया है। भविष्य में मुझे कुमार विनायक के नाम से जाना पहचाना जाये। कुमार विनायक पुत्र विनय कुमार गुप्ता फ्लैट नं. 202, आनन्द पैलेस 10/यू99, खलासीलाइन कानपुर नगर।(32)

सी.आर.-227/K-32

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 1 कानपुर नगर
वाद सं. 2227 सन् 2024
वेदांश नाबालिग उम्र 4 वर्ष पुत्र नागेन्द्र द्वारा प्राकृतिक संरक्षिका माता श्रीमती सुगन्ध बालिग पत्नी नागेन्द्र पुत्री मन्नालाल यादव निवासिनी क्वार्टर नं. 6/8 थाना जूही कानपुर नगर मूल निवासी ग्राम पुरनपुरा पोस्ट असराहार थाना असराहार जिला इटावा..वादिनी
बनाम– नागेन्द्र बालिग पुत्र श्री सतीश कुमार निवासी सती मन्दिर भरथना इटावा हाल पता संदीप नगर अन्ना चौराहा थाना चकेरी कानपुर नगर ..विपक्षी
धारा 144 बी.एन.एस.एस. पेशी 05.05.2025
वादिनी ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 05.05.2025 को दिन के 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह कि आज दिनांक 26.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 1 कानपुर नगर।

सी.आर.-227/K-CN

**भूमि नीलामी सूचना**

जनता जूनियर हाईस्कूल (जनता माध्यमिक विद्यालय) चौबिया विकास खंड बसरेहर तहसील एवं जिला इटावा की ग्राम चौबिया में स्थित भूमि गाटा संख्या 407 क्षेत्रफल 0.8436, 1058 क्षेत्रफल 0.2180, 1264 क्षेत्रफल 1.3241, 1269 क्षेत्रफल 0.8827, 1338 क्षेत्रफल 1.5940 की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 11.05.2025 को प्रातः 9 बजे जनता माध्यमिक विद्यालय चौबिया के परिसर में होगी। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा गठित नीलामी समिति के समक्ष इच्छुक व्यक्ति अथवा सोसाइटी ट्रस्ट आदि उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। सर्वाधिक बोली बोलने वाले को ही भूमिधर का अधिकार प्रदान किया जाएगा। बोली लगाने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को एक लाख रुपये की धनराशि जमा करनी होगी। जो व्यक्ति धनराशि जमा करेगा वही नीलामी में भाग ले सकता है। नीलामी जिसके पक्ष में स्वीकृत होगी उसके अलावा अन्य बोली दाताओं की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी। नीलामी की सभी शर्ते जनता माध्यमिक विद्यालय चौबिया सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर देखी जा सकती हैं। आज्ञा से प्रबंधक जनता माध्यमिक विद्यालय चौबिया इटावा

सी.आर.-227/K

**अदालती सूचना**

न्यायालय बअदालत अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय कोर्ट नं. 2 कानपुर नगर
नमूना काबिज फरोख्त
सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद सं. 2837/2023
सक्षम तिवारी उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र धर्मनारायण तिवारी निवासी 3/1506 आवास विकास सं. 3 कल्यानपुर कानपुर नगर..वादी
बनाम– श्रीमती रिया उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्री उमाकांत पाण्डेय पत्नी सक्षम तिवारी निवासिनी एच–1540 सत्यम बिहार अम्बेडकरपुरम आवास विकास कल्यानपुर कानपुर नगर..प्रतिवादिनी
सक्षम तिवारी ने आपके विरूद्ध अन्तर्गत धारा 13 (I) हिन्दू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 0705.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हो और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेजात पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कोर्ट नं. 2 कानपुर नगर।

सी.आर.-227/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 454/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410000454
मंसूर अहमद बनाम मोहम्मद सलीम
1. मंसूर अहमद वयस्क पुत्र श्री मकबूल अहमद निवासी म.नं. 71, चन्दारी सुजातगंज थाना रेलबाजार कानपुर नगर मो.नं. 8400144244 ...भवन स्वामी
बनाम–मोहम्मद सलीम वयस्क पुत्र स्व. अकबर अली निवासी म.नं. 71 बी, चन्दारी सुजातगंज थाना रेलबाजार कानपुर नगर अन्य पता म.नं. 71 ए–1 चंदारी सुजातगंज कानपुर नगर मो.नं. 6394748976 ...किरायेदार
आवेदन अन्तर्गत धारा 4(3)(ख) व धारा 21(2) उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किराया विनियमन अधिनियम सं. 16 सन् 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 05.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 01.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-227/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायालय कोर्ट सं. 2 कानपुर नगर
वाद सं. 1869 सन् 2023
श्रीमती प्रियांशी शर्मा उम्र लगभग 26 वर्ष पत्नी संदीप शर्मा पुत्री नीरज शर्मा निवासिनी ई–1/168 दीन दयालनगर थाना बिधनू कानपुर नगर ..परिवादिनी
बनाम– संदीप शर्मा उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र ब्रम्हा प्रसाद शर्मा निवासी मालवीय नगर (आजाद नगर) पुरानी बस्ती पुखरायॅा थाना व तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात ..विपक्षी/प्रतिवादी
धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम पेशी 05.05.2025
वादिनी ने आपके विरूद्ध धारा 13 हि. वि.अधि. के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 05.05.2025 को दिन के 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। न्यायालय में आप स्वंय उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से. मुन्सरिम/रीडर न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 2 कानपुर नगर।

सी.आर.-227/K-CN

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना 10/अ0अ0/बैयॉअखंका/2025–26**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड पात्र निविदा दाताओं से दिनांक 11/05/2025 को 17.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है।
आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी अतिरिक्त नियमानुसार (लाख रु0) में | धरोहर धनराशि रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद महोबा में स्थित लहचूरा बांध के गेटों के अपस्ट्रीम छोर पर एपॉक्सी पेंटिंग का कार्य बिल ऑफ क्वॉंटिटी के अनुसार। | 25.18 | 50,500.00 | 45 दिन | 500.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | यॉत्रिक ("ए" श्रेणी) निविदा की शर्तो के अनुसार |
| बी | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि एवं समय | | | | 05/05/2025 को समय 12:00 बजे से | |
| सी | बिड अपलोड करने की अवधि, जिसके साथ बिड डाक्यूमेंट शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक डाक्यूमेंट्स पी0डी0एफ0/ एक्स0एल0 एस0 फार्मेट में | | | | 05/05/2025 को समय 12:00 बजे से 11/05/2025 को 17:00 बजे तक | |
| डी | निविदा प्रपत्र शुल्क, बिड सिक्योरिटी, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र व अन्य वांछित अभिलेख मूल रूप में, अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में जमा करने की निधिरित तिथि व समय | | | | 12/05/2025 को 12:00 बजे तक | |
| ई | आनलाइन पार्ट-'ए' प्री-क्वालीफिकेशन, टेक्निकलबिड (धरोहर धनराशि व तकनीकी भाग) खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | 12/05/2025 को अपराह्न 15:00 बजे | |
| एफ | आनलाइन पार्ट-'बी' (वित्तीय भाग) फाइनेन्शियल बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | | | | पार्ट-'ए' खोलने के उपरान्त | |
| जी | बिड खोले जाने का स्थान | | | | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, 67-ए कैण्ट, कानपुर-208004 | |

1-निविदा सूचना, सूचना विभाग की वेब-साइट http://information.up.gov पर व सिंचाई विभाग की वेब-साइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र ई- प्रक्योरमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं, परन्तु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, बैराज यॉत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर के नाम केवल इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन देय होगी, जो निविदा के भाग-'ए' के साथ आवश्यक रूप से जमा किया जायेगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य, निविदा के भाग-'ए' के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उक्त वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। कृपया समय-समय पर उक्त वेबसाइट को चेक करते रहें।

नोट-: 1-निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार का साईट विजिट किया जाना आवश्यक है।
2-बजट एवं साइट की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है।
3-ठेकेदारों को कार्य पूर्ण करने हेतु टी0एण्ड पी0 एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था स्वयं करनी होगी ।

अधिशासी अभियन्ता
बैराज यांत्रिक अनुरक्षण खण्ड, 67ए कैण्ट, कानपुर

उ0प्र0 233206 दिनांक- 01.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, शनिवार, 3 मई, 2025

### भारत के जवाबी हमले की आशंका से डरा पड़ोसी देश

## पाक में अफगान बॉर्डर तक छाया खौफ

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा के सिविल डिफेंस विभाग ने राज्य के सभी 29 जिलों को आदेश जारी किया है कि इलेक्ट्रिक सायरन तैनात किए जाएं और यदि किसी में कोई गड़बड़ी है तो उन्हें ठीक करा लिया जाए। ऐसा इसलिए ताकि किसी भी हमले की स्थिति में जनता को अलर्ट किया जा सके। 29 जिलों में कुल 50 इलेक्ट्रिक सायरन की व्यवस्था है।
खैबर के सिविल डिफेंस निदेशालय ने सभी जिलों के डिप्टी कमिश्नरों के एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया कि जंग की स्थिति में सायरन अहम होते हैं। उनसे हमारे लिए लोगों को अलर्ट करना आसान होगा। इसलिए उन्हें तैयार रखा जाए। वॉर्निंग सिस्टम के बिना हम कैसे लोगों को सतर्क कर पाएंगे। निदेशालय ने लिखा है कि दुश्मन के हमले के समय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और तैयारी के लिए अलर्ट करने में सायरन अहम होंगे। बता दें कि यूक्रेन



में भी बड़े पैमाने पर एयर रेड अलर्ट लगाए गए हैं। यानी रूस के किसी भी हवाई हमले की जानकारी मिलते ही सायरन बजते हैं, जिसका संकेत होता है कि जो भी जहां है, वह सुरक्षित ठिकाना खोज ले या फिर बाहर न निकले। आदेश में कहा गया है कि कुल 50 इलेक्ट्रिक सायरन राज्य सरकार ने खरीदे हैं और इन्हें जिलों को दिया जाएगा। इसके अलावा कुछ सायरन पहले से लगे हैं, जिन्हें दुरुस्त करा लिया जाए। बता दें कि पाकिस्तान में खौफ का हाल इस कदर है कि पीओके में 1000 आतंकी ठिकानों को पाकिस्तान ने हटा दिया है। इसके अलावा पंजाब से लेकर खैबर पख्तूनख्वा तक सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाए हैं। बड़े शहरों में एयरस्पेस को भी हर दिन कुछ घंटे बंद रखने का फैसला लिया है। इसी कड़ी में सायरन भी लगाए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक एक सायरन से 20 किलोमीटर तक के दायरे में लोगों को अलर्ट किया जा सकता है। इनकी आवाज 10 हॉर्सपावर हूटर की होगी।

## बिलावल ने भी माना आतंकियों को पालकर गलती की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने ऐसा कबूलनामा किया है, जिसने पाकिस्तान के गुनाहों को पूरी दुनिया के सामने उजागर कर दिया है। बिलावल ने रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस कबूलनामे को सही बताया है, जिसमें उसका कहना है कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा था कि हमने करीब तीन दशकों तक अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह काम किया है। हमने आतंकवादी पाले और उन्हें ट्रेनिंग दी।



ब्रिटेन के लिए भी ऐसा किया गया। अब बिलावल ने भी इसे सही बताया है। बिलावल ने कहा, जहां तक रक्षा मंत्री की बात है तो मुझे नहीं लगता कि यह बात सीक्रेट है बल्कि पाकिस्तान का इतिहास रहा है। इसका नतीजा रहा कि हमें भुगतना भी पड़ा है। हमारे यहां कट्टरता की लहर पैदा हुई है। इसका नतीजा हुआ कि हमने भुगता। लेकिन अब हमने कुछ सबक भी सीखे हैं। अब पाकिस्तान ने आतंकवाद से निपटने के लिए कदम उठाए हैं और उसका असर भी दिखता है।

## बंगाल में भाजपा गिरावट की ओर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दीघा में जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के एक वर्ग के विरोध का सामना कर रहे वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने कहा है कि जब वह

**दिलीप घोष ने कहा अब इसमें 'दलाल' हो रहे शामिल**

पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष थे उस दौरान पार्टी को पश्चिम बंगाल में मजबूती मिली और जब से इसमें दलालों का शामिल होना शुरू हुआ है तब से पार्टी गिरावट की ओर है। बता दें कि दिलीप घोष अपनी नवविवाहिता पत्नी रिंकू मजूमदार के साथ तृणमूल सरकार द्वारा निर्मित मंदिर गए और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की, जिससे यह अटकलें तेज हो गईं कि वह 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी छोड़ सकते हैं। हालांकि उन्होंने अटकलों को खारिज किया लेकिन जब वह दीघा से कोलकाता लौटते समय कोलाघाट में कुछ देर के लिए रुके तो भाजपा कार्यकर्ताओं के एक वर्ग ने उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के साथ बहस में दिलीप घोष ने कहा, पश्चिम बंगाल में भाजपा का कद तब बढ़ा था जब मैं राज्य इकाई का अध्यक्ष था। पार्टी को वर्तमान स्थिति तक पहुंचाने के लिए 250 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। लोगों ने हम पर भरोसा किया लेकिन यह भरोसा लगातार कम होता जा रहा है। जब से पार्टी में दलाल शामिल हुए हैं तब से पार्टी में गिरावट आ रही है।

## मई दिवस पर फ्रांस में भिड़े पुलिस और प्रदर्शनकारी

**पेरिस।** फ्रांसीसी पुलिस और मई दिवस प्रदर्शनकारियों के बीच पेरिस में हिंसक झड़प हो गई। मजदूर दिवस के अवसर पर 100,000 से अधिक लोग अंतर्राष्ट्रीय शांति, सामाजिक न्याय और बढ़ते दक्षिणपंथी प्रभाव के प्रतिरोध के समर्थन में मार्च करने के लिए राजधानी में एकत्र हुए थे। पुलिस ने राजधानी में प्रदर्शनकारियों के साथ हाथापाई की। हाथापाई तब शुरू हुई जब प्रदर्शनकारी सोशलिस्ट पार्टी के उग्रवादियों के पास से गुजरे, जिन्हें प्रदर्शन स्थल से चले जाने को कहा गया था, जिनमें एक सांसद जेरोम गुएज भी शामिल थे। जनरल कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ लेबर ने अनुमान लगाया कि वेतन वृद्धि और पेंशन सुधार को निरस्त करने की मांग को लेकर देश भर में 300,000 लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

### अमेरिका में कश्मीरी हिंदुओं ने बुलंद की आवाज

## पहलगाम पर वैश्विक शक्तियां उठाएं सख्त कदम

**ह्यूस्टन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका में कश्मीरी हिंदुओं ने आतंकी घटनाओं के प्रति जवाबदेही को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में बढ़ रहे आतंकवाद को रोकने के लिए वैश्विक शक्तियां सख्त कदम उठाएं। प्रवासी सदस्यों ने कहा कि 22 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुए हमले ने सुरक्षा तैयारी में खामियों और कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदायों के लिए खतरों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम (आईएकेएफ) के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय सजावल ने दावा किया कि यह हमला एक रोकी जा सकने वाली त्रासदी थी। उन्होंने कहा कि



जबकि हमारा ध्यान अक्सर सीमा पार आतंकवाद पर केंद्रित रहता है। लेकिन भारत में आतंकवाद को आंतरिक समर्थन भी मिल रहा है। कई भूमिगत कार्यकर्ता हैं, जो चुपचाप आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देते हैं। उन्होंने दावा किया कि न्यायिक देरी और प्रशासनिक अक्षमताओं के कारण भी ऐसे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती। पद्मश्री से सम्मानित और ओक्लाहोमा में रहने वाले शिक्षाविद् डॉ. सुभाष काक ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद साफ है कि पाकिस्तान के साथ केवल राजनयिक संबंध तोड़ना या व्यापार पर रोक लगाना ही पर्याप्त नहीं है। ह्यूस्टन में रहने वाले कश्मीरी पंडित अमित रैना ने कहा कि कई लोगों के लिए यह एक चौंकाने वाली घटना थी।

## अफगानिस्तान के एयर बेस पर चीन का कब्जा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में उस बगराम एयर बेस पर अब चीन का कब्जा है जिसे अमेरिका ने 2021 में खाली कर दिया था। अमेरिका ने अफगानिस्तान से जब अपनी फौज वापस बुलाई थी तब उसने सबसे बड़े 'एयरफील्ड' बगराम को जुलाई 2021 में खाली कर दिया था। उस समय जो बाइडन अमेरिका के राष्ट्रपति थे। ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' में राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, '... हम बगराम को अपने पास रखने जा रहे थे, जो बड़ा वायुसेना अड्डा है, जो उस जगह से एक घंटे की दूरी पर है जहां चीन अपने परमाणु हथियार बनाता है।

## आतंकवाद के खिलाफ पूरी तरह भारत के साथ

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'हमारा पूरा समर्थन' है। मंत्रालय ने साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिका के

**पहलगाम हमले पर बोले अमेरिकी विदेशमंत्री**

विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत और पाकिस्तान से एक ऐसा उचित समाधान तलाशने की दिशा में काम करने का आग्रह किया है जो दक्षिण एशिया में दीर्घकालिक शांति एवं क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका स्थिति पर 'बारीकी से नजर रख रहा है।' ब्रूस ने कहा, 'जैसा कि (अमेरिका के) राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी से कहा था, अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और प्रधानमंत्री मोदी को



हमारा पूरा समर्थन है।' ब्रूस ने बताया कि रुबियो ने 'दोनों देशों से जिम्मेदारी से एक ऐसा समाधान तलाशने की दिशा में काम करने का आग्रह किया जो दक्षिण एशिया में दीर्घकालिक शांति एवं क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखे।'

### जिम्मेदारी तय करे पाक : वेंस

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम आतंकी हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत के प्रति समर्थन जताया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत पहलगाम आतंकी हमले का जवाब इस तरह से देगा कि इससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं होगा। जेडी वेंस ने पाकिस्तान से भी अपील की कि वह पहलगाम हमले की जांच में भारत का सहयोग करे, ताकि हमले के जिम्मेदार दोषियों को सजा दी जा सके। वेंस ने कहा कि हम आशा करते हैं कि भारत इस आतंकवादी हमले का जवाब इस तरह से देगा कि उससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष न हो। हम ये भी उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान इस हमले में जहां तक जिम्मेदार है, वहां तक भारत के साथ जांच में सहयोग करे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनके क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाया जाए और उनसे निपटा जाए।

## अगले हफ्ते भारत आएंगे ईरानी विदेश मंत्री

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के अगले सप्ताह नई दिल्ली आने की उम्मीद है। इससे पहले तेहरान ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने की अपनी मंशा जाहिर की थी। अब्बास अराघची के 8 मई को नई दिल्ली आने की संभावना है, हालांकि अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सूत्रों ने बताया कि अब्बास अराघची विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ पहलगाम हमले के सभी पहलुओं के अलावा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

## पाक के कब्जे में बीएसएफ जवान, पठानकोट पहुंची गर्भवती पत्नी

**पठानकोट।** पिछले कई दिनों से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान पूर्णम कुमार शॉ पाकिस्तान के कब्जे में है। बीएसएफ ने इस मामले को पहले को पहले ही पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष उठाया है। इस बीच जवान का परिवार काफी परेशान है। सोमवार को पूर्णम कुमार शॉ की पत्नी रजनी शॉ अपने पति की सलामती और रिहाई की खबर पाने के लिए पश्चिम बंगाल के रिशरा से पंजाब के पठानकोट पहुंच गई। रजनी शॉ गर्भवती हैं और पति के पाकिस्तान के कब्जे में होने की खबर ने उन्हें बेचैन कर दिया। पंजाब पहुंचने के बाद उन्होंने फिरोजपुर में बीएसएफ के कमांडिंग ऑफिसर से मुलाकात की। बीएसएफ अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद वह अमृतसर होते हुए अपने बेटे, बहनों और देवर के साथ वापस कोलकाता लौट गईं। रजनी ने

**अधिकारी बोले- जल्द होगी वापसी**

कोलकाता रवाना होने से पहले बताया कि उन्हें बीएसएफ अधिकारियों से संतोषजनक आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा, कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि पाकिस्तान रेंजर्स के साथ बातचीत जारी है और समाधान की संभावना नजर आ रही है। मुझे भरोसा दिया गया है कि मेरे पति सुरक्षित हैं और जल्द वापस आ सकते हैं। पूर्णम कुमार शॉ को पिछले बुधवार को पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था जब वह अनजाने में सीमा पार कर गए थे। इस घटना के बाद से ही उनका परिवार लगातार उनकी वापसी को लेकर चिंतित है। रजनी पहले पठानकोट पहुंचीं, उसके बाद फिरोजपुर गईं ताकि पति की रिहाई को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी मिल सके। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उनकी मौजूदगी से फिलहाल कोई अतिरिक्त लाभ नहीं होगा क्योंकि बीएसएफ पूरी गंभीरता से मामले को देख रही है और हरसंभव प्रयास कर रही है कि पूर्णम कुमार को जल्द से जल्द वापस लाया जा सके।

## 'अमेरिका आर्थिक आतंकवाद की कोशिश में'

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने तेहरान के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करने के बहाने ईरान और अन्य देशों के व्यक्तियों और संस्थाओं पर नए

**ट्रंप के प्रतिबंधों पर भड़का ईरान**

**दोनों देशों के बीच रोम में होने वाली बैठक टली**

अमेरिकी प्रतिबंधों की कड़ी निंदा की है और इसे आर्थिक आतंकवाद के अमेरिकी प्रयासों का स्पष्ट संकेत बताया है। बाघेई ने एक बयान में कहा कि पिछले कुछ दिनों में लगाए गए प्रतिबंध अमेरिकी नीति निर्माताओं के कानून तोड़ने और अन्य देशों के अधिकारों और हितों के उल्लंघन पर जोर देने के साथ-साथ आर्थिक आतंकवाद



के माध्यम से विकासशील देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और कानूनी संबंधों को बाधित करने के उनके प्रयासों का स्पष्ट संकेत हैं। एजेंसी के अनुसार, बाघई अमेरिकी वित्त विभाग और विदेश विभाग द्वारा मंगलवार और बुधवार को लगाए गए प्रतिबंधों पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। इन प्रतिबंधों में ईरान के छह व्यक्तियों और ईरान तथा अन्य देशों की 13 संस्थाओं पर ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल्स के व्यापार में कथित संलिप्तता और ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर की ओर से बैलिस्टिक मिसाइल प्रणोदक सामग्री की खरीद के लिए प्रतिबंध लगाए गए थे।

## एक नज़र

### पीओके में लोगों को राशन इकट्ठा करने का आदेश

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान सीमा पर तनाव बना हुआ है। इसी बीच पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में स्थानीय प्रशासन ने सीमा के पास रहने वाले लोगों को दो महीने के लिए खाद्यान्न सामग्री का भंडार करने का आह्वान किया है। स्थानीय प्रशासन का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तानी सेना लगातार पिछले आठ दिनों से सीमा पर सीजफायर का उल्लंघन कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री चौधरी अनवर उल हक ने शुक्रवार को स्थानीय विधानसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नियंत्रण रेखा के पास स्थित 13 निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों को दो महीने का खाद्यान्न भंडार रखने का निर्देश दिया गया है। चौधरी ने कहा कि इसके अलावा स्थानीय प्रशासन ने इनकी बुनियादी आवश्यताओं को ध्यान में रखते हुए एक राहत कोष भी बनाया है। इसके अलावा नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों में सड़कों के रखरखाव के लिए सरकारी और निजी कंपनियों को भी तैनात किया जा रहा है।

### जातिगत जनगणना राहुल के दबाव का नतीजा : सचिन पायलट

**जयपुर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जातिगत गणना को लेकर सरकार का निर्णय राहुल गांधी के दबाव का नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश ने देख लिया है कि जब कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष कोई फैसला ठान लेते हैं तो केंद्र सरकार को झुकना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि जातिगत गणना वैज्ञानिक, विस्तृत और पारदर्शी तरीके से की जानी चाहिए, जैसा कि तेलंगाना में किया गया। पायलट ने कहा, जातिगत गणना को सतही ढंग से नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव ने कहा, राहुल गांधी लंबे समय से इस (जातिगत गणना) मुद्दे को उठाते रहे हैं, लेकिन भाजपा और सरकार इसका विरोध यह कहते हुए करती रही कि यह देश के हित में नहीं है और इससे देश का बंटवारा होगा। राहुल गांधी और कांग्रेस के दबाव के कारण अचानक सरकार ने यह फैसला ले लिया। उन्होंने कहा कि पूरा देश गवाह है कि जब कांग्रेस और राहुल गांधी कुछ ठान लेते हैं, तो सरकार को वह करना ही पड़ता है। उन्होंने कहा, जो लोग पहले राहुल जी का विरोध कर रहे थे, अब उन्हें भी समझ में आ गया है कि लोकतंत्र की ताकत सर्वोपरि होती है।

### 'हमारा इस्लाम ऐसी शिक्षा नहीं देता'

**जकार्ता।** पहलगाम आतंकी हमले की इंडोनेशिया ने भी निंदा की है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान को खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में जिस इस्लाम का पालन किया जाता है, वह ऐसे आतंकी हमलों की शिक्षा नहीं देता है। हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ हैं। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकवाद से कोई नतीजा नहीं निकल सकता। इसलिए हमें हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए। इंडोनेशिया में तैनात भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मुझे बुलाकर बात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चिंता जताई। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

### इजरायल ने सीरिया में घुसकर किया हमला


**दमिश्क।** फिलिस्तीन, लेबनान और यमन के बाद अब इजरायली सेना ने सीरिया के अंदर घुसकर राष्ट्रपति भवन के पास हमला किया है। ये हमले शुक्रवार की सुबह किए गए। इससे वहां हड़कंप है। इजरायल ने ये हमले द्रूज अल्पसंख्यक लड़ाकों को सुरक्षा कवच देने के लिए किए हैं ताकि उन पर कोई हमला न हो सके। हाल के दिनों में सीरिया की राजधानी दमिश्क में सीरिया समर्थक हथियारबंद लड़ाकों और द्रूज अल्पसंख्यकों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए थे। सीरिया के सूचना मंत्रालय ने कहा कि दो अलग-अलग हमलों में देश के सुरक्षा बलों के 11 सदस्य मारे गए। जबकि ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि सहनाया और द्रूज बहुल दमिश्क उपनगर जरामाना में झड़पों में 56 लोग मारे गए, जिनमें स्थानीय बंदूकधारी और सुरक्षा बल के लोग शामिल हैं। राष्ट्रपति भवन के पास हमला करके इस्राइल ने सीरिया के नए नेतृत्व को कड़ी चेतावनी दी है। इससे पहले सीरिया के ड्रूज़ आध्यात्मिक नेता शेख हिकमत अल-हिजरी ने सीरिया सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने सरकार समर्थकों की झड़प को अल्पसंख्यक समुदाय पर अनुचित नरसंहारक हमला बताया।

### अल्लू अर्जुन ने भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहचान बनाने पर दिया जोर

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि वेव्स भारत के लिए रचनात्मक सामग्री में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए एक लॉन्चिंग पैड होगा। अल्लू अर्जुन एक प्रसिद्ध तेलुगु अभिनेता हैं और उन्होंने अपने बयानों में भारतीय सिनेमा और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया है। वेव्स सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच है जो वैश्विक मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देता है। इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ और पेशेवर एकत्रित होते हैं और अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करते हैं। अल्लू अर्जुन के अनुसार, यह आयोजन भारत को अपनी रचनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक धरोहर को विश्वभर में प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। मुंबई से नम्रता शुक्ला की रिपोर्ट में बताया कि अल्लू अर्जुन ने भारतीय सिनेमा की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत के पास रचनात्मक सामग्री में दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता है और वेव्स सम्मेलन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। भारतीय सिनेमा ने पहले ही विश्वभर में अपनी पहचान बनाई है और अल्लू अर्जुन के अनुसार, यह सम्मेलन भारत की रचनात्मकता को और भी अधिक वैश्विक मंच पर ले जाने में मदद करेगा।

## ऑन-स्क्रीन मेरा डार्क अवतार - नमिक पॉल

पॉपुलर आइकॉनिक शो 'कुमकुम भाग्य' में एक और ताज़गी आई है, जहां मशहूर एक्टर नमिक पॉल 'कुमकुम भाग्य' में एक नए किरदार शिवांश रंधावा का रोल निभा रहे हैं। अब प्रार्थना (प्रणाली राठौड़) और रौनक (अक्षय देव बिंद्रा) की बदलती मोहब्बत की कहानी में नए मोड़ ला रहा है। इस नए दौर में कहानी में ढेर सारे जज़्बात, पेचीदा किरदार और रोमांचक मोड़ दिखाए जाएंगे। शिवांश एक ऐसा शख्स है, जिसकी गंभीरता और अंदर का संघर्ष इस कहानी को पूरी तरह बदल देगा। नमिक पॉल ने कहा, ''कुमकुम भाग्य जैसे शानदार और लंबे समय से चले आ रहे शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। जो चीज़ इस सफर को और खास बनाती है वो ये है कि मैं पहली बार एंटी-हीरो का रोल निभा रहा हूं। एक एक्टर के तौर पर यह बहुत ही एक्साइटिंग और चैलेंजिंग है कि मैं ऐसा किरदार निभा रहा हूं जो पूरी तरह बुरा नहीं है, लेकिन अपने दर्द और गुज़रे वक्त की वजह से टूट चुका है। शिवांश दिल से एक अच्छा इंसान है, लेकिन हालात ने उसे एक अंधेरे रास्ते पर डाल दिया है। उसके इस बदलाव को असली और



सच्चे तरीके से दिखाना मेरे लिए बहुत दिलचस्प अनुभव होगा। इस कहानी में ये भी एक राज़ बना रहेगा कि आखिर वो ऐसा क्यों बन गया, और मैं चाहता हूं कि दर्शक इसे धीरे-धीरे जानें। मुझे पूरी टीम का बहुत अच्छा साथ मिल रहा है, और मैं बहुत एक्साइटेड हूं कि दर्शक मेरे इस नए, डार्क अवतार को ऑन-स्क्रीन देखेंगे।'' मालूम हो कि 'कुमकुम भाग्य', रोज़ रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## स्मॉल स्क्रीन पर भरपूर मनोरंजन की सौगात

अगले सप्ताह छोटे पर्दे पर भरपूर मनोरंजन की सौगात मिलने वाली है। एण्डटीवी के मोस्ट पॉपुलर शो 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में मनोरंजन ही मनोरंजन होगा। लोकप्रिय शो हप्पू की उलटन पलटन के आने वाले एपिसोड्स में 'हप्पू की उलटन पलटन' में जमकर हंसी-मजाक देखने को मिलेगा। मामला तब शुरू होता है जब अवधेशिया (उर्मिला शर्मा) राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को ताना मारती है कि उसके घर के पुरूष तो बढ़िया खाना बना लेते हैं, लेकिन हप्पू क्यों नहीं? राजेश भी झट से हप्पू को चुनौती दे देती है कि वो कुछ बनाकर दिखाए। हप्पू अपनी कुकिंग स्किल्स दिखाने के लिए घरवालों के लिए चाय बना देता है। इधर, भाबीजी घर पर हैं शो में अम्मा जी (सोमा राठौड़) के तिवारी (रोहिताश्व गौड़) को यह सलाह देने के साथ होती है कि अगर वो पिता बनने की ओर कदम बढ़ाना चाहता है, तो सबसे पहले उसे अपनी पत्नी को खुश रखना होगा। तिवारी, अम्मा की बात को दिल पर ले लेता है और अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को खुश करने की कोशिश में निकल पड़ता है। इसी दौरान रास्ते में उसकी मुलाकात होती है एक बुजुर्ग हलवाई से, जो उसे एक खास



मिठाई 'गरगुंडा' के बारे में बताता है। तिवारी जैसे ही उसका एक कौर खाता है, बस... उसके स्वाद में खो जाता है! खुश होकर वो तुरंत कुछ गरगुंडा अंगूरी के लिए घर लेकर जाता है। उधर, भीमा शो में आश्रम में बहुत ज्यादा तनाव है, क्योंकि बरसों की चिढ़ और गुस्से में सुलग रही कैलाशा बुआ (नीता मोहिंद्रा) हलवा के रूप में मिठाई नहीं बल्कि एक ज़हरीला हथियार बनाकर तैयार करती हैं। स्नेह की आड़ में वह मीरा (आयुषी जैन) को ज़हर मिला हलवा खिला देती हैं और वह बेहोश होकर गिर पड़ती है। माहौल में कुछ अनहोनी की आशंका को भांपते हुए भीमा (तेजस्विनी सिंह) आगे बढ़ती है।


## बाजार दर्पण

